राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उज्वल दुनिया

खबरों की बुलंद आवाज

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित

वर्ष, 09 | पृष्ठ 12 | अंक 301 | रांची, शुक्रवार, 03 मई 2024 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com

आज का दिन

हर साल 03 मई को अंतरराष्ट्रीय सूर्य दिवस मनाया जाता है। भारत अपनी सौर ऊर्जा क्षमताओं में लगातार वृद्धि ही नहीं कर रहा, बल्कि दुनिया के तमाम देशों के बीच अकेला देश है जिसने अपने नवीकरणीय ऊर्जा के लक्ष्यों को तय समय से पहले हासिल किया है।

हिंदुओं की आस्था में भेद करने का कांग्रेस ने दुस्साहस किया: नरेन्द्र मोदी

सुरेन्द्रनगर/जूनागढ़/जामनगर, ,एजेंसी

गुजरात में तूफानी चुनाव प्रचार करने निकले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दूसरे दिन आणंद, सुरेन्द्रनगर, जूनागढ़ और जामनगर में चुनावी सभाएं की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर जमकर निशाना साधते हुए हिंदुओं के देवी-देवताओं में भेद करने पर आलोचना की। कांग्रेस पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया। साथ ही मोदी ने कहा कि कांग्रेस जब तक देश की सत्ता संभाल रही थी, देश की सुरक्षा व्यवस्था भी दांव पर थी। उन्होंने जामनगर में वहां के पूर्व महाराजा जामसाहब से मुलाकात की और उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।

सुरेन्द्र नगर की सभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि गुजरात के लोगों जिन्होंने उन्हें जन्म दिया, जीवन दिया उनके समक्ष अपने 10 साल के काम का रिपोर्ट कार्ड लेकर आशीर्वाद लेने आया हूं। देश पहले लाखों करोड़ रुपये के घोटाले से शर्मसार था। कांग्रेस ने जल, थल, नभ में हजारों लाखों करोड़ रुपये के घोटाले किए थे। राम मंदिर के लोगों ने कांग्रेस के घर जाकर निमंत्रण दिया लेकिन उन्होंने निमंत्रण को ठुकरा दिया। कांग्रेस ने हिंदुओं की आस्था में भी भेद करने का दुस्साहस किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गंभीर विषय को छेड़ा है। उन्होंने भगवान राम और भगवान शिव के संबंध में खतरनाक बयान दिया है। यह खराब इरादे से दिया गया बयान है, हिंदू समाज को बांटने के लिए खेल खेला गया है। उन्हें राम भक्तों और शिव भक्तों में भेद दिखाई देता है, वे लड़ाना चाहते हैं।

हजारों हजार साल से चलती आ रही हमारी महान परंपरा में राम, कृष्ण, शिव हैं, इसे कोई तोड़ नहीं सका है। इस परंपरा को मुगल भी नहीं तोड़ पाए, उसे कांग्रेस तोड़ना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण के लिए कितना नीचे जाएगी। जो राम को खत्म करने को निकला था, उसका क्या हश्र हुआ था।

प्रधानमंत्री मोदी रांची में आज शाम करेंगे रोड शो

रांची। भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरुवार देर शाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रांची कार्यक्रम को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रांची आगमन पर स्वागत की तैयारी पर चर्चा हुई।

बाद में पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी अपने दो दिवसीय झारखंड दौरे पर तीन मई को शाम चार बजे रांची पहुंचेंगे। भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से वे राजभवन जायेंगे। उन्होंने बताया कि बिरसा मुंडा राजपथ पर पूरे रास्ते, जिसमें हिनू चौक, बिरसा चौक, डीपीएस चौक अरगोड़ा चौक, भाजपा प्रदेश कार्यालय, हरमू चौक, सहजानंद चौक, कार्तिक उरांव चौक पर लोग प्रधानमंत्री का स्वागत हजारों की संख्या में कतारबद्ध होकर करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी आज दो दिवसीय दौरे पर झारखंड आएंगे, सुरक्षा के चाक चौबंद प्रबंध

रांची। लोकसभा चुनाव में भाजपानीत गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राज्य में ताबड़तोड़ चुनावी सभाएं करेंगे। पहले चरण में प्रधानमंत्री 3 मई को दो दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रहे हैं। प्रधानमंत्री यहां 3 और 4 मई को तीन जनसभाएं करेंगे।

तय कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 3 मई को 5 बजे चाईबासा में भाजपा उम्मीदवार गीता कोड़ा के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इस जनसभा के बाद मोदी रांची पहुंचेंगे और राजभवन में विश्राम करेंगे और फिर अगले दिन पलामू के लिए रवाना हो जाएंगे। मोदी शनिवार 4 मई को पलामू लोकसभा सीट से उम्मीदवार भाजपा उम्मीदवार विष्णु दयाल राम के पक्ष में मेदिनीनगर में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद उसी दिन दोपहर 12:45 से लोहरदगा के सिसई में जनसभा को संबोधित करेंगे।

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के दौरान प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये हैं। इसके लिए एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तक के रास्ते में बैरिकेडिंग की गई है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस और केंद्रीय बल के जवान तैनात रहेंगे।

ढाब-सलोनिया में चल रहे अवैध खदान धसने से एक मजदूर की मौत

अरविंद कुमार सिंह

- 40 से अधिक वैध-अवैध क्रेशर और दर्जन भर पत्थर खदान हैं संचालित
- संचालित क्रेशर मालिक फरार, परिजन कर रहे उचित मुआवजे की मांग

चौपारण। हजारीबाग-कोडरमा जिला के सीमावर्ती भटबीघा ढाब सलोनिया में गुरुवार को खदान धसने से एक मजदूर की मौत हो गई। जबकि उनके साथ खदान में काम कर रहें तीन मजदूर बाल बाल बचें। घटना की जानकारी मिलते ही खदान मालिक फरार हो गये।नजीरगंज निवासी जयप्रकाश ऊर्फ छोटन सिंह की रूप मे उसकी पहचान हुई। मृतक की उम्र 53 साल बताया जा रहा है। परिजनों ने खदान संचालकों पर केस दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग कर रहे है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।सूचना सुन मौके पर पहुंच बीडीओ सह सीओ संजय यादव,थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में रेस्क्यू किया गया,खदान काफी गहरा होने के कारण बड़ी मस्सकत के बाद लगभग आठ घंटे के बाद प्रशासन को शव निकालने में सफलता मिली,घटनास्थल पर डीएमओ हजारीबाग भी पहुंचे। बताते चलें कि भट्बीघा से सटे ढाब सालोनिया में यादि जगहों पर खनन तथा स्थानीय प्रशासन की लापरवाही से बड़े पैमाने पर वैध तथा अवैध खनन होता है। आबादी वाले इलाके मे भी भारी विस्फोट किया जाता है सुरक्षा के मापदंड का इस्तेमाल नही होता ।

क्विक न्यूज

मणिपुर से 38 अवैध घुसपैठिए भेजे गए म्यांमार

इंफाल। म्यांमार के अवैध घुसपैठियों को वापस भेजने के पहले चरण में गुरुवार को मणिपुर से 38 घुसपैठियों को मोरेह के रास्ते भारत से म्यांमार भेजा गया। इस वापसी समारोह के दौरान एक भारतीय नागरिक को म्यांमार से वापस लाया गया।

मणिपुर सरकार देश की सीमाओं और देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार अवैध घुसपैठियों की पहचान कर रही है। उनका बायोमेट्रिक डेटा रिकॉर्ड कर रही है।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने सोशल मीडिया के जरिए चिंता जाहिर की थी कि मणिपुर में अवैध घुसपैठियों के 996 नए गांव बस गए हैं। अवैध घुसपैठियों के द्वारा जहां मणिपुर के साधन और संसाधनों का दोहन किया जा रहा है, दूसरी ओर अफीम, गांजा आदि की खेती से लेकर विभिन्न प्रकार से ड्रग्स की तस्करी एवं अपराधिक गतिविधियां घुसपैठियों द्वारा चलाई जा रही है। हालांकि, केंद्र सरकार द्वारा भारत-म्यांमार की सीमा पर फेंसिंग लगाकर इसे पूरी तरह से सील करने की प्रक्रिया चल रही है। इस फेसिंग का मणिपुर, मिजोरम तथा नगालैंड के सीमावर्ती जिलों में व्यापक पैमाने पर विरोध हो रहा है।

राजनीतिक दल सर्वेक्षण की आड़ में मतदाताओं का पंजीकरण बंद करें: चुनाव आयोग

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों को सर्वेक्षण की आड़ में मतदाताओं का पंजीकरण बंद करने का निर्देश दिया है। आयोग ने कहा है कि कोई भी राजनीतिक दल लाभार्थी योजनाओं के लिए पंजीकरण नहीं कराएं। आयोग ने किसी भी लाभार्थी योजना के लिए पंजीकरण कराने को एक तरह से प्रलोभन माना है।

चुनाव आयोग ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि राजनीतिक दल किसी भी माध्यम से चुनाव के बाद लाभार्थी-उन्मुख योजनाओं के लिए व्यक्तियों का पंजीकरण नहीं करा सकते। लाभार्थी योजना के लिए न तो कोई विज्ञापन दिया जा सकता है और न सर्वेक्षण ही कराया जा सकता है। आयोग ने कहा है कि सामान्य और सामान्य चुनावी वादे स्वीकार्य हैं। इन पर कोई आपत्ति नहीं है लेकिन चुनाव बाद फायदा दिलाने के लिए लाभार्थी योजनाओं का सहारा लेना स्वीकार्य नहीं है।

इस मामले में चुनाव आयोग ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी कर कहा है कि वे वैधानिक प्रावधानों के तहत ऐसे किसी भी विज्ञापन के खिलाफ उचित कार्रवाई करें।

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से अब तक 11 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

उज्जवल दुनिया संवाददाता, हजारीबाग। 14 हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में अबतक (कुल 20 अभ्यर्थियों के द्वारा नामांकन फार्म खरीदा गया है, जबकि 02 मई तक कुल 11 अभ्यर्थियों ने नामांकन दर्ज किया है। इन में विभिन्न दलों से पांच और छः निर्दलीय प्रत्याशियों के रूप में अपना-अपना नामांकन दर्ज किया है। संजय कुमार मेहता। दलः (निर्दलीय), जय प्रकाश भाई पटेल दलः (इंडियन नेशनल कांग्रेस), राजकुमार दलः (निर्दलीय), श्याम बिहारी प्रजापति दल : (निर्दलीय), कुंज बिहारी कुमार दलः (निर्दलीय), मनीष कुमार जायसवाल दलः (भारतीय जनता पार्टी), निशांत कुमार सिन्हा दलः (पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया, डेमोक्रेटिक), अनिरुद्ध कुमार दलः (कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया), शशि भूषण केसरी दलः (निर्दलीय),मोहम्मद मोइनउद्दीन अहमद दलः (बहुजन समाज पार्टी, बीएसपी) और मोहम्मद सिराज दल : (निर्दलीय) प्रत्याशी के रुप में अपना नामांकन दाखिल किया है।

हाई कोर्ट पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत की क्रिमिनल रीट पर तीन को सुनाएगा फैसला

रांची। झारखंड हाई कोर्ट पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका पर शुक्रवार को फैसला सुनाएगा। हाई कोर्ट ने 28 फरवरी को सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। हेमंत सोरेन का कहना था कि उनके खिलाफ जो मामला दर्ज किया गया है, वह मनी लॉन्ड्रिंग का नहीं है,

कोडरमा लोकसभा से केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी व दिलीप वर्मा ने गांडेय विस से किया नामांकन

गिरिडीह, उज्ज्वल दुनिया सं

कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र से केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी व गांडेय विधानसभा उपचुनाव से भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा गुरुवार को एक साथ नामांकन पर्चा दाखिल करने के लिए समाहरणालय पहुंचे। इस दौरान उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मुख्य, विधायक केदार हाजरा, पूर्व मंत्री मीरा यादव, पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो, भाजपा नेता प्रणव वर्मा, पूर्व आईजी लक्ष्मण सिंह, भाजपा नेता अशोक उपाध्याय, दिनेश यादव, सुरेश साव, चुन्नूकांत,

यदुनंदन पाठक, छोटेलाल यादव, जिलाध्यक्ष महादेव दुबे, जिला महामंत्री संदीप डंगायच, जिला कोषाध्यक्ष मुकेश जालान सहित कई नेता मौजूद थे।

समाहरणालय पहुंचने के बाद कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के समक्ष दो सेट में नामांकन पर्चा दाखिल किया। वहीं गांडेय विधानसभा के प्रत्याशी दिलीप वर्मा ने निवार्ची पदाधिकारी डीएसओ गुलाम समदानी के पास नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस दौरान उन्होंने तीन सेट में नामांकन पर्चा दाखिल किया। वही गांडेय विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी शब्बीर अंसारी एवं इंतेखाब अंसारी, ने निवार्ची पदाधिकारी, गांडेय विधानसभा के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया।

जयराम महतो को भगायें जाने को लेकर 11 नामजद और 15 हजार अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज

बोकारो । झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के अध्यक्ष जयराम महतो बोकारो पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। जयराम महतो को गिरफ्तार करने के लिए बुधवार को रांची पुलिस वारंट लेकर बोकारो पहुंची थी। फिलहाल पुलिस जयराम महतो को गिरफ्तार करने के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी में जुटी है। हालांकि अब तक जयराम महतो कोई सुराग नहीं मिला है।

सनातन धर्म के सम्मान के लिए भाजपा को चुनें और संजय सेठ को जिताएं: पुष्कर सिंह धामी

रांची, उज्ज्वल दुनिया सं

भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ ने रांची लोकसभा सीट से भरा पर्चा

रांची लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार व सांसद संजय सेठ ने गुरुवार को अपना नामांकनपत्र दाखिल कर दिया। रांची में सेठ के समर्थकों पर फूलों की वर्षा की गई। नामांकन से पहले भाजपा नेताओं ने एक जनसभा को भी संबोधित किया।

गुरुवार को नामांकन से पहले मोरहाबादी मैदान में हजारों समर्थक जुटे। यहां से रैली के रूप में भीड़ समाहरणालय पहुंची। रैली के दौरान जेसीबी से उनके समर्थकों पर फूलों की बारिश की गई। संजय सेठ के समर्थन में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी सहित शामिल हुए। नामांकन से पहले रांची के मोरहाबादी में संजय सेठ के पक्ष में एक चुनावी सभा आयोजित की गई। इस मौके पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विकसित भारत के लिए, मजबूत नेतृत्व के लिए, भ्रष्टाचार के अंत के लिए और सनातन धर्म के सम्मान के लिए भाजपा को चुनें और 25 मई को भाई संजय सेठ को प्रचंड मतों से विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का गैंग तुष्टिकरण का जहर घोल रही है।

बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण को लेकर हाई कोर्ट में हुई सुनवाई

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में राज्य में नर्सिंग होम एवं हॉस्पिटल से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण को लेकर झारखंड ह्यूमन राइट कॉन्फेडेरेशन की जनहित याचिका की गुरुवार को सुनवाई हुई।

विपक्ष के पास विकास की कोई योजना नहीं, उनका लक्ष्य सिर्फ मोदी को हटाना है: अर्जुन मुंडा

खूंटी। खूंटी सीट से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने गुरुवार को खूंटी विधानसभा के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क कर ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की पिछले 10 साल की उपलब्धियों के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि आजादी के 75 साल बाद लोगों के घरों में हमारी सरकार की योजना के माध्यम से पानी पहुंच रहा है। ये पहली बार हुआ है कि लोगों के घरों तक स्वच्छ जल पहुंच रहा है। किसानों को सम्मान निधि राशि दी जा रही है। मुंडा ने कहा कि हमारी सरकार ने युवाओं और महिलाओं को मजबूत बनाने का काम किया है। आज स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाएं सशक्त हो रही हैं।

झारखण्ड सरकार

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग

सूचना

Heat Wave से बचाव के लिए औद्योगिक क्षेत्रों/प्रतिष्ठानों/खनन क्षेत्रों/शहरी क्षेत्रों/पुल निर्माण/सड़क निर्माण/भवन निर्माण/नहर निर्माण/ईंट भट्टा/क्रसर एवं मनरेगा अन्तर्गत कार्यरत श्रमिकों का कार्य स्थलों पर नियोजकों द्वारा निम्न सुविधाएं उपलब्ध कराया जाना है:–

1. कार्य स्थल पर शीतल पेयजल के लिए प्याऊ की सुविधा उपलब्ध कराना।
2. औद्योगिक क्षेत्र/खनन क्षेत्र/नगरीय क्षेत्र के श्रमिकों के लिए आश्रय स्थलों पर शुद्ध पेयजल, छांछ **First Aid Kit with Ice Pack** के साथ पर्याप्त मात्रा में **ORS** की व्यवस्था कराना।
3. **Peak Hour** में कठिन कार्य के समय को सुविधानुसार परिवर्तित कराने के संबंध में दिशा–निर्देश निर्गत करना।
4. बाहरी गतिविधियों में आराम के समय एवं उनकी आवृत्ति में अभिवृद्धि कराना।
5. उच्च ताप वाले क्षेत्रों में हल्के कार्यों को कम समय के लिए दिया जाना।
6. गर्भवती महिलाओं एवं **Medical Condition** वाले श्रमिकों को अत्यधिक ध्यान दिये जाने के संबंध में दिश–निर्देश निर्गत करना।
7. श्रमिकों को **Heat Wave Alert** की सूचना समय–समय पर मुहैया कराना।
8. उद्योग/वाणिज्यिक संस्थानों में **Heat Wave** से संबंधित बीमारियों के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाना।
9. स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर स्वास्थ्य कैंप लगवाना।

साथ ही स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार के **Do's & Don'ts for Heat wave** का भी अनुपालन किया जाना है।

PR NO. 324325 (Labour Employment And Training)23-24 D

श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया मजदूर दिवस

रामगढ़। श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में मजदूर दिवस मनाया गया।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह,शिक्षक गण एवं बच्चे उपस्थित रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया।बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत दी। नृत्य गायन एवं कविता के माध्यम से सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया गया। प्राचार्य हरजाप सिंह ने विद्यालय के सभी सहायक कर्मचारियों को धन्यवाद दिया।कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन,सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन ।

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

रामगढ़। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 को निर्धारित है। इसी क्रम में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारियों को लेकर अब तक हुए कार्यों की बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार की उपस्थिति में टाउन हॉल रामगढ़ में समीक्षा की।बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा स्वच्छ, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से रामगढ़ जिले में मतदान संपन्न कराने को लेकर किए जा रहे कार्यों की क्षेत्रवार संबंधित अधिकारियों से समीक्षा की गई। वहीं उनके द्वारा समीक्षा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए। मौके पर उन्होंने मतदान केन्द्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की पर्याप्त उपलब्धता मतदान के दिन सुनिश्चित रखने, निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्य करने, शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने, जिले के विभिन्न सीमाओं पर बनाए गए चेकनाकों के माध्यम से नियमित जांच अभियान चलाने, उड़न दस्ता दलों द्वारा चलाए जाने वाले जांच अभियानों आदि को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्वाचन संबंधित कार्यों के दौरान कोई भी दुविधा सामने आने पर त्वरित वरीय अधिकारियों तथा अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय कर उसे दूर करने का निर्देश दिया गया। इन सबके अलावा अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा भी निर्वाचन संबंधित महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर कई आवश्यक जानकारियां उपस्थित अधिकारियों को दी गई। बैठक के दौरान जिला स्तरीय प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों, प्रखंड स्तरीय अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।.

शहीद मजदूरों की याद दिलाती है मजदूर दिवसः मनोज गुप्ता

भुरकुंडा (रामगढ)। सेंट्रल सौन्दा हाथीधारी क्षेत्रीय कार्यालय में राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन (सीटू) के तत्वावधान में बुधवार को मजदूर दिवस मनाया गया। इसकी अध्यक्षता जगरनाथ पासवान व संचालन आजाद भुंइया ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत बतौर मुख्य अतिथि यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष आरपी सिंह चंदेल व विशिष्ट अतिथि यूनियन के केन्द्रीय सचिव मनोज कुमार गुप्ता ने झंडोत्तोलन कर किया। मौके पर मुख्य अतिथि आरपी सिंह चंदेल व मनोज गुप्ता ने कहा कि मजदूर दिवस के दिन ही अमेरिका के शिकागो शहर में मजदूरों के उपर बम विस्फोट किया गया था। जिसमें 100 से अधिक मजदूर घायल हो गए थे। उस समय मजदूरों से 16-17 घंटा काम लिया जाता था। मालिकों से मजदूरों का कहना था कि सिर्फ 8 घंटा ही काम लिया जाए। जिसे लेकर मालिकों द्वारा बम विस्फोट किया गया। इसमें कई लोग मारे गए जबकि सौ से अधिक लोग घायल हो गए थे। मजदूरों के खून से पूरा शहर लाल हो गया था। उसी की याद में लाल झंडा उत्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि हमारी यूनियन का मुख्य उद्देश्य मजदूरों के हर सुख-दुख में ख?ा रहकर उनका हक-अधिकार दिलाना है। श्री चंदेल ने मोदी सरकार द्वारा लाए गए मजदूर किसान विरोधी एवं काला कानून के विरोध में मजदूरों को एकजुट होकर ल?ाई ल?ने का आहवान किया। केंद्रीय सचिव श्री गुप्ता ने मजदूरों से एकजुट होकर अपनी चट्टानी एकता बनाए रखने का आह्वान करते हुए कहा कि शहीद मजदूरों की याद दिलाती है मजदूर दिवस। इसके पूर्व शहीद मजदूरों के प्रति दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही दुनिया के मजदूर एक हों का नारा भी बुलंद किया गया।

सौंदा बस्ती में रोड सेल संचालन समिति का पुर्नगठन

भुरकुंडा (रामगढ)। सयाल डी परियोजना अंतर्गत चल रहे रोड सेल संचालन समिति का पुर्नगठन को लेकर सौंदा बस्ती दुर्गा मंदिर में बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता मुखिया सावित्री देवी एवं संचालन उप मुखिया अभिलाषा प्रसाद ने किया। बैठक में समिति के अध्यक्ष दयानंद प्रसाद और सचिव अंबर कुमार ने कहा कि आउटसोर्सिंग कंपनी में शत प्रतिशत रोजगार ग्रामीणों को उपलब्ध कराना और सीसीएल के ग्रामीण विरोधी नीतियों को रोकना ही हमारा लक्ष्य होगा। उन्होंने कहा कि रोड सेल में लोकल हाइवा, ट्रक और लोडर को प्राथमिकता देकर अंतिम पंक्ति के लोगों तक लाभ पहुंचाया जाएगा। कहा गया कि ग्रामीणों के विश्वास पर खरा उतरना हमारा उद्देश्य है। बैठक में सयाल डी परियोजना अंतर्गत चल रहे रोड सेल संचालन के लिए सर्वसम्मति से समिति का पुर्नगठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष दयानंद प्रसाद, सचिव अंबर कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष हरिनारायण प्रसाद, संरक्षक सुजीत प्रसाद उर्फ डब्लू, संरक्षक रमेश मुंडा उर्फ साधु, बासुदेव साहू, रामप्रसाद साहू, नरेंद्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष किशोर प्रसाद, सलाहकार श्रीकांत प्रसाद, हरिहर प्रसाद, बिनोद प्रसाद, चक्रधर प्रसाद, सुधीर प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद, विशेश्वर प्रसाद, भरत प्रसाद, सुमित प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, रामावतार प्रसाद, कोस सदस्य संजू देवी, मंजू देवी, अंजू प्रजापति, ऋतु देवी, अंजू, सूरज प्रसाद बाउरी, पवन साहू, उपाध्यक्ष संदीप कुमार, वीरेंद्र प्रसाद, पवन बाउरी, जयकेश करमाली, मनोरंजन प्रसाद, सह सचिव बंधु करमाली, राजीव रंजन प्रसाद, राजकुमार, बादल बाउरी, संजय गिरी, मीडिया प्रभारी गुलाब प्रसाद साव, ललित, सोनू कुमार, सोशल मीडिया प्रभारी अभिषेक कुमार, रामसेतु प्रसाद, टिंकू प्रजापति, कोर सदस्य अनूप साहू, नितेश प्रसाद, योगेश्वर कुमार, अभिषेक कुमार, गुड्डू बाउरी चुने गये।.

बोलेरो ने बाइक में मारी जोरदार टक्कर, चार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

गुमला – गुमला सदर थाना स्थित टैंसेरा ग्राम के समक्ष सड़क दुघर्टना में दो मृतकों के शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं, बताया जाता हैं की गुमला से दो बाइक में पर सवार होकर चार व्यक्ति अपने घर आम्बआ ग्राम जा रहे थे इसी क्रम में नेशनल हाईवे 23 स्थित टैंसरा ग्राम के समक्ष एक अनियंत्रित तेज रफ्तार बोलोरो गाड़ी ने आगे चल रहे बाइक को जोरदार टक्कर मार दी , फलस्वरूप पिछे आ रहा दुसरा बाइक भी दुर्घटनाग्रस्त हो गया , फलस्वरूप चारों बाइक सवार, अम्बआ ग्राम निवासी सब्बू अंसारी , अब्दुल्लाह अंसारी , अजमत अंसारी और सलमान अंसारी बीच सड़क में गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गयें और एक बाइक में भंयकर आग भड़क उठी और धूं-धूं कर जलनें लगीं, फलस्वरूप एक बाइक जलकर राख हो गया, दुसरा बाइक भी दुर्घटनाग्रस्त होकर क्षतिग्रस्त हो गया है , बाद में उक्त चारों गंभीर रूप से धायलों हो गयें , घटनास्थल पर उपस्थित लोगों ने आनन-फानन में गंभीर रूप से घायल चारों व्यक्तियों को इलाज के लिये गुमला सदर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने गंभीर रूप से घायल सब्बू अंसारी और अब्दुल्लाह अंसारी दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति गंभीर होते देख डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लियें रांची रिम्स रेफर कर दिया गया और रांची रिम्स ले जाते वक्त उक्त दोनों व्यक्तियों की मौत रास्ते में हों गई, (परन्तु उक्त मृतकों के नामों की पुष्टि अबतक नहीं की जा सकती है) तो उक्त दोनों शवों को वापस गुमला लाया गया , उक्त सूचना मिलते ही गुमला सदर थाना पुलिस ने, त्वरित कार्रवाई करते हुयें,गुमला सदर अस्पताल पहुंचाकर, उक्त दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल परिसर स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया जहां पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं, बाद में पता चला की उक्त बोलेरों गाड़ी यू .एच. 07 सी . 2473 ने अनियंत्रित, तेज रफ्तार , के कारण , एक पेड़ में जोरदार टक्कर मारकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है , जिसे गुमला सदर थाना पुलिस।

पुलिस ने एक व्यक्ति का शव किया बरामद

गुमला – गुमला जिला अंतर्गत घाघरा थाना स्थित पुटो शासन टोली के घाघरा सिसई सड़क के समक्ष से घाघरा थाना पुलिस ने ,एक व्यक्ति का शव बरामद किया हैं, उक्त खबर मिलने ही आसपास के लोग उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर उक्त शव को देखने लगें , इसी क्रम में, उक्त शव को देखने पहुंचे, मृतक के परिजनों ने उक्त शव देखकर पहचानी करते हुयें , घाघरा थाना पुलिस के समक्ष बताया की मंगलवार के संध्या लगभग 6 बजे 45 वर्षीय कर्मपाल मुंडा अपने घर से निकला था ,फिर वह वापस अपने घर नहीं आया, तो हम परिजन अपने अपने स्तर से खोजबीन और छानबीन शुरू कियें, पर कर्मपाल मुंडा का कहीं भी आता पता नहीं चला , इसी क्रम में आज सुबह बुधवार को यह पता चला की, पुटो शासन टोली घाघरा सिसई सड़क पर एक शव पड़ा हुआ हैं, यह सूचना गांव एवं आसपास के क्षेत्रों में जंगल में लगी आग की तरह एकाएक पूरे क्षेत्र में फैल गई , और उक्त शव को घटनास्थल पर देखने के लिए लोगों का तांता लग गया , फलस्वरूप कर्मपाल मुंडा के परिजनों ने भी उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर देखा तो , उक्त शव कर्मपाल मुंडा का ही था , और उक्त शव को देखने से साफ़ पता चल रहा था , की किसी अज्ञात हत्यारे ने कर्मपाल मुंडा के सिर में तेज धारदार हथियार से लगातार कई वार कर निर्माता पूर्वक उक्त हत्याकांड को अंजाम दिया है उक्त शव की पहचानी के बाद घाघरा थाना पुलिस ने उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु उक्त शव को गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया जहां पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं, घाघरा थाना पुलिस , छानबीन में जुटी।.

इस प्रचंड गर्मी में पर्याप्त मात्रा में पेयजल जलापूर्ति नहीं

गुमला – गुमला जिला के समस्त नगर , शहर , कस्बा और गांव के जल स्त्रोत सूख चुके हैं , पानी का अस्तर भी काफी नीचे चला गया है , फलस्वरुप आम नागरिक बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं वहीं दूसरी तरफ जिला स्वच्छता पेयजल आपूर्ति विभाग (पीएचईडी विभाग) गुमला की आक्रमान्यता एवं शिथिलता के कारण पर्याप्त जल आपूर्ति नहीं की जा रही है , वहीं शहर में जगह-जगह प्रतिदिन संबंधित विभाग की आक्रमान्यता और कार्य शिथिलता के कारण , सैकड़ों लीटर पेयजल की बर्बादी हो रही हैं और उक्त पेयजल नाली में बह रहे हैं, जिम्मेदार कौन , जगह-जगह पर पेयजल आपूर्ति पाइप फटने और लीकेज होने से उक्त पेयजल शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जगह जगह पर बहकर आने जाने वाले व्यस्त मार्गो में उक्त जल जमाव होने के कारण आमनागरिकों को आवागमन में बन रही हैं , जबरदस्त परेशानी का कारण , विभागीय आक्रमान्यता एवं कार्य शिथिलता के कारण जिला मुख्यालय के विभिन्न क्षेत्रों में जगह जगह ज़मीन के अंदर पाईप फटने और लीकेज होने के कारण सैकड़ों लीटर पानी की प्रतिदिन हों रही हैं बर्बाद दोषी कौन, इस संबंध में आम नागरिकों द्वारा लिखित और मौखिक सूचना देने के बावजूद भी , संबंधित विभाग को कोई फर्क नहीं पड़ता है , क्योंकि यह संघर्ष बरसों से जारी है , फिर भी उक्त संबंधित, पीएचइडी विभाग द्वारा अबतक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है , फलस्वरुप नगर के मेन रोड, मधुबाला गली , महावीर चौक आदि स्थानों पर पेयजल की बर्बादी हो रही है , और उक्त प्रचंड गर्मी में भी आम लोगों के घरों में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति नहीं होने के कारण , पानी के लिए हो रही है मारामारी , पेयजल की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक बार नहीं बल्कि कई बार उग्र प्रदर्शन भी किये जा चुके हैं , फिर भी उक्त विभाग कुंभकर्णी निंद्रा में सो रही है, लोकसभा चुनाव 2024 के मध्य नजर राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोरियाडीह घाघरा में लगे सोलर जल मीनार का स्टार्टर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है , इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा घाघरा थाना में लिखित आवेदन देते हुए बताया गया है , कि उक्त विद्यालय में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पानी की सुविधा हेतु विगत 19 अप्रैल 2024 को उक्त जल मीनार की स्थापना की गई थी , वही 27 अप्रैल 2024 दिन शनिवार को उक्त विद्यालय अवधि तक , तो सब कुछ ठीक-ठाक और सही सलामत था , परन्तु गत सोमवार को विद्यालय खोलने और उक्त जल मीनार को देखने पर पता चला की उक्त सोलर जलमीनार का स्टार्टर गायब है और अज्ञात चोरों द्वारा उक्त सोलर जल मीनार का स्टार्टर चोरी कर ली गई है, जिसकी सूचना लिखित रूप से घाघरा थाना पुलिस को दी गई है

- छोटा नागपुरी झारखंडी फ्रिज, गगरी घड़ा का अलग ही आन बान शान और सम्मान और महत्व है ~ ,छोटानागपुर झारखण्ड में प्रचंड गर्मी के दिनों में भी , जब कभी भी आपको अपना गला सूखजायें और उक्त गले को त्तर करने का मन हो जायें, तो अपने पास छोटानागपुरी झारखण्डी फ्रिज - घड़ा - गगरी और सुराही है , ना, नगर हो , शहर हो , या कस्बा , मोहल्ला हो , या अपना घर , सभी जगहों में , गर्मी के मौसम में अधिकांश जगहों पर प्याओ और शुद्ध पेयजल पिलाने की परंपरा सदियों से चली आ रही हैं , जो आज भी बा बदस्तूर जारी हैं , घड़ा + गगरी में पानी भरकर उसे कूल-कूल करने के उद्देश्य से उक्त घड़ा - गगरी के चारों तरफ , बालू से ढंककर , बोरे के चाट और कपड़े के ढंककर रखें जातें हैं , और उक्त ढक्कन उठाकर , ग्लास से या स्टील का छड़ लगा हुआ , फूचिया (पानी निकालने वाले) से पानी निकाल कर लोगों को दी जाती थी, फलस्वरूप आपके हांथ बार-बार और उक्त शुद्ध पेयजल पानी के संपर्क में आही जाते थे , पर अब उसका भी समाधान निकाल लिया गया हैं , अब उक्त घड़ा - गगरी बनाते वक्त , उक्त घड़ा और गगरी में प्लास्टिक का नल लगा दिया गया है , जिसे घूमाकर आप स्वयं उक्त ठंडा ठंडा - कूल कूल - शुद्ध पेयजल से अपने प्यास बुझाने और अपने आत्मा को संतुष्ट करने का परम सुख और आनन्द प्राप्त कर सकते हैं , और अपनी सुखे गला को तर कर सकते हैं, पहले देहात गांव में ऐसी घटनाएं भी हुई है, की घड़ा - गगरी का ढक्कन हटाकर सांप बिच्छू आदि खतरनाक जीव जंतु घुस जाते थे , पर अब ऐसा नहीं हैं , अब लोग अपने घड़ा - गगरी के मुंह को, ढक्कन से ढांककर और बंधकर , उक्त पेयजल को काफी सुरक्षित और शुद्ध पेयजल के रूप में रख सकते हैं , जो काफी आकर्षक भी दिखाई देता है ,।

एक-नजर

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उत्तरी शिवपुरी कृष्णनगर उपसमिति की बैठक संपन्न

गिद्दी।अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उत्तरी शिवपुरी कृष्णा नगर, उप समिति की एक बैठक अस्थाई कार्यालय (राजीव रंजन के आवास) पर हुई।इस कार्यक्रम कि अध्यक्षता बैजनाथ लाल द्वारा की गई।बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला संयोजक अनूप कुमार सिन्हा एवं जिला उपाध्यक्ष विपिन बिहारी उपस्थित हुए। उन्होंने जिला द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान पर चर्चा की।कोषाध्यक्ष विनोद कुमार सिन्हा द्वारा कोष पर विस्तार से जानकारी दी गई।भगवान चित्रगुप्त के अवतरण दिवस को धूमधाम से कैसे मनाया जाए, इस पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। साथ ही साथ आगामी चुनाव में शत प्रतिशत मतदान पर सभी ने एक स्वर में सहमति प्रदान की। बैठक में प्रबल प्रताप नारायण द्वारा एक प्रस्ताव दिया गया -कायस्थ-चुनौती एवं समाधान विषय पर एक सेमिनार आयोजित करने का अपना विचार रखा गया। जिस पर ध्वनि मत से सभी ने सहमति प्रदम की गई।कार्यक्रम में मुख्य रूप से मिथिलेश कुमार सिन्हा, लाला हीरा प्रसाद, अरुण कुमार सिन्हा, राजीव प्रसाद सिन्हा, विनोद कुमार सिन्हा, ब्रज किशोर प्रसाद, श्रीमती शोभा प्रसाद, श्रीमती रिचा नारायण, श्रीमती दीपशिखा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

जेईई मेन में श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, लहराया परचम

रामगढ़। श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जेईई मेन में लहराया परचम एवं विद्यालय का नाम रौशन किया।विद्यालय के जिन छात्रों ने सफलता प्राप्त की है, उनके नाम और अंक इस प्रकार हैं रोनित राज 98.4 ,हर्ष राज वर्मा 98.4, इंद्रजीत 97.6 है। रिजल्ट को लेकर विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं अभिभावकों के बीच खुशी का माहौल है। प्राचार्य हरजाप सिंह ने बच्चों के कठिन परिश्रम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बच्चे प्रतिभावान होते हैं और यह हमारे विद्यालय के बच्चों ने साबित कर विद्यालय का मान बढ़ाया है।उन्होंने कहा कि ये बच्चे ही हमारी भावी पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक बनेंगे। विद्यालय के प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा,उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन,सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली आदि ने बच्चों को ढेर सारी बधाइयां दी और जीवन में ऐसे ही प्रगति करते रहने तथा आगे बढ़ते रहने की शुभकामनाएं भी दी तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी ने भी बच्चों को ढेर सारी बधाइयां दी।.

एक सप्ताह से लापता बुजुर्ग का शव झारखंड इस्पात फैक्ट्री के सामने जंगली टोंगरी में मिला

गिद्दी। थाना क्षेत्र के झारखंड इस्पात फैक्ट्री के समीप स्थित मांझी होटल के बगल के जंगली टोंगरी से गुरुवार को एक सप्ताह से लापता वृद्ध का शव स?ी गली अवस्था में बरामद हुआ। बताया जाता है कि लाश को वाहन चालकों ने शौच जाने के क्रम में दुर्गंध होने के बाद देखा। जैसे ही यह खबर क्षेत्र में फैली लोगों की भीड शव कों देखने पहुंच गई। जानकारी मिलने पर पहचान करने अरगड्डा न्यू कॉलोनी से किशोर प्रसाद उक्त स्थल पर पहुंचे। शव की पहचान गंजी और गमछे से किया गया। मृतक के पुत्र अशोक प्रसाद ने बताया कि मेरे 72 वर्षीय सीसीएल से सेवानिवृत पिता अवधेश प्रसाद बीते 25 अप्रैल कों घर से दुकान जाने के लिए निकले थे। बहुत खोजबीन के बाद भी उनका कुछ पता नहीं चला था। वे सीसीएल से 2014 में सेवानिवृत्त हुए थे।काफी खोजबीन के बाद गुरुवार कों उनका मृत शरीर झारखंड इस्पात के सामने जंगली टोंगरी जंगल क्षेत्र से बरामद किया गया। वही रामगढ एवं गिद्दी पुलिस ने संयुक्त रूप से जांच पडताल किया। मामले को लेकर गिद्दी पुलिस ने युडी केश दर्ज करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ भेज दिया हैं। मौके पर गिद्दी थाना के अनिल सिंह, समाजसेवी दिलीप भुईया, दिलीप पासवान समेत कई लोग उपस्थित थे।.

बीडीओ डाडी ने की नोडल पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ बैठक

गिद्दी। प्रखंड विकास पदाधिकारी ड़ाड़ी के द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के सफल आयोजन हेतू गठित निर्वाचन कोषांग के सभी नोडल पदाधिकारी एवं संबंधित कर्मी के साथ बैठक का आयोजन किया गया। सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी को उनके द्वारा आवंटित कार्यो को सही तरीके से काम करने के लिए आवश्यक जानकारी दी गई। एवं अपने कार्यो को पूर्ण करने के लिए निर्देश जारी किया गया।बैठक में सभी संबंधित कोषांग के सभी नोडल पदाधिकारी एवं संबंधित कर्मी उपस्थित थे।.

30 वर्षीय महिला ने किया कीटनाशक का सेवन उप स्वास्थ्य केंद्र घाघरा से किया गया गुमला रेफर

घाघरा निवासी 30 वर्षीय महिला सारा देवी ने बुधवार की अपराह्न घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया स्थिति खराब होने पर परिजन उसे लेकर उप स्वास्थ्य केंद्र घाघरा पहुंचे जहां से उसे गुमला रेफर कर दिया गया। घटना के बाबत परिजनों ने बताया महिला की सास से किसी बात को लेकर बक झक हो गई तभी सास ने अपने पोते से कहा कि यह तुम्हारी मां नहीं है इसके बाद महिला ने कीटनाशक का सेवन कर लिया हालांकि महिला के आंख व चेहरा में मारपीट के चोट के निशान देखे गए जानकारी के मुताबिक सदर अस्पताल में अधूरा इलाज करवा कर महिला वहां से फरार हो गई।

युवती ने कीटनाशक का किया सेवन, हुई मौत, शव का हुआ पोस्टमार्टम

गुमला : रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत पतरा टोली निवासी 27 वर्षीय शाहिना खातून ने मंगलवार की रात कीटनाशक का सेवन कर लिया वहीं सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया परिवार के सभी लोग रात्रि में खाना पीना खाकर अपने-अपने कमरे में सोने चले गए इसके बाद रात्रि करीब 2~30 बजे शाहिना के चिल्लाने की आवाज सुनाई पड़ी परिवार के सभी लोग उसके कमरे में गए तो देखा कि वह उल्टी कर रही है पूछताछ करने पर उसने सलफास खाने की बात बताई तत्काल उसे इलाज हेतु सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई वही परिजनों ने बताया शाहिना का कुछ दिनों से मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी वहीं बुधवार की अपराह्न शव का पोस्टमार्टम पर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामला दर्ज कर आगे कार्रवाई में जुट गई है।

स्कूटी सवार ने सड़क पार कर रही महिला व बच्ची को मारी टक्कर, एक रिम्स रेफर

गुमला : पालकोट रोड स्थित कार्तिक उरांव कॉलेज साइंस बिल्डिंग के समीप स्कूटी सवार ने सड़क पार कर रही पालकोट निवासी जेने विभा सोरेंग और ज्योति नगर निवासी अनिल सोरेन की ढाई वर्षीय पुत्री एंजेलिना सोरेन को जोरदार टक्कर मार दिया। दोनों घर के समीप किराना दुकान कुछ सामान खरीदने गए थे। घटना के बाद स्कूटी सवार तीन युवक भी गिरकर घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां घायल महिला बेहोशी की हालत में थी। उसके सिर में चोट लगी थी। इलाज के उपरांत उसे आईसीयू वार्ड में रखा गया। लेकिन स्थिति खराब होने पर डॉक्टर से रिम्स रेफर कर दिया वहीं ढाई वर्षीय बच्ची का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया गुमला की ओर से तीन युवक स्कूटी में तेज गति से चलते हुए महिला व बच्ची को जोरदार टक्कर मार दिया। बताया जाता है कि सभी युवक शराब के नशे में पूरी तरह से धूत थे। इतना तक की बड़ी मुश्किल से उन्होंने अपना नाम पता सरना टोली निवासी प्रकाश कुजूर और तिर्रा निवासी बंटी साहू बताया।

लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए जागरुकता अभियान का बनें हिस्सा: के. रवि कुमार

रांची

सोशल मीडिया पर 7 मई को चलेगा मैं भी इलेक्शन एंबेसडर कैम्पेन

लोकतंत्र के महापर्व के रूप में चल रहे लोकसभा चुनाव के लिए लोगों को मतदान करने के लिए प्रशासन विभिन्न स्तर पर जागरुकता अभियान भी चल रहा है। इसी क्रम में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से 7 मई को अपराह्न 6 बजे से 8 बजे तक मैं भी इलेक्शन एंबेसडर को सोशल मीडिया कैम्पेन चलाया जाएगा। इसमें राज्य के सभी स्कूल व कॉलेज के बच्चे, इंफ्लुएंसर, सेलेब्रिटी समेत सभी लोग अवश्य भाग लेंगे।

उक्त विचार गुरुवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राज्य के सभी सीबीएसई एवं आईसीएसई स्कूल के प्रधानाध्यापकों के साथ गूगल मीट के माध्यम से निर्वाचन सदन में आयोजित बैठक में कहीं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के महापर्व को उत्साहपूर्ण ढंग से मनाने के लिए अपने कार्यों के डिजिटल कंटेंट को सोशल मीडिया पर अवश्य अपलोड करें। उन्होंने कहा कि स्कूल एवं कॉलेजों के बच्चों ने मतदाताओं के बीच मतदान की अहमियत को बताने के लिए स्वीप कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग

लिया। यह हमारे फ्यूचर और फर्स्ट टाइम वोटर के रूप में निर्वाचन में अपनी महती भूमिका निभा रहें हैं। बच्चों ने स्कूल एवं कॉलेजों में स्वीप सम्बंधी कई गतिविधियां कराई जा रही हैं। इन बच्चों द्वारा क्विज कंपीटिशन, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन, पत्र लेखन आदि कई रोचक एवं मनोरंजक गतिविधियों द्वारा अपने अभिभावकों, आस-पास के मतदाताओं के बीच जागरूकता फैलाने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि 7 मई को होने वाले सोशल मीडिया कैम्पेन में स्कूल प्रबंधन इन सभी गतिविधियों के डिजिटल कंटेंट को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर #मैं भी इलेक्शन एंबेसडर हैशटैग के साथ अपलोड करें। साथ ही मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखण्ड एवं भारत निर्वाचन आयोग के सोशल मीडिया अकाउंट को अवश्य टैग करें।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि मतदाताओं को निर्वाचन के महत्व को बताते हुए उन्हें मतदान में अपनी भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित करना निर्वाचन आयोग की प्राथमिकता है। इसके साथ साथ मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए भी जागरूक करना एक महत्वपूर्ण कार्य है। स्कूल के बच्चों को 'मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर 'जैसे कार्यक्रमों से जोड़कर लोकतंत्र के एक जागरूक मतदाता के रूप में हम उन्हें तैयार कर सकेंगें। साथ ही भविष्य में होने वाले मतदान में उनकी भागीदारी भी निश्चित कर सकेंगे।ऑनलाइन माध्यम से आयोजित बैठक में निर्वाचन सदन से अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार सहित राज्य के सभी सीबीएसई एवं आईसीएसई स्कूलों के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

एक भाई भाजपा तो एक भाई कांग्रेस में है, दोनों खूंटी की जनता को बेवकूफ बना रहे हैं : एनोस एक्का

खूंटी। झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने कहा कि आप कांग्रेस के हाथ छाप या भाजपा के कमल फूल छाप किसी को भी वोट दीजिएगा, वह भाजपा और आरएसएस को ही जाएगा। एक्का गुरुवार को तोरपा में अपने चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के बाद उपस्थित कार्यकताओं और समर्थकों को संबोधित कर रहे थे। भाजपा और कांग्रेस भाई-भाई हैं, एक भाई भाजपा तो एक भाई कांग्रेस में है । दोनों खूंटी की जनता को बेवकूफ बना रहे हैं।

उन्होंने कहा खूंटी में विगत 45 साल तक भाजपा का शासन रहा, लेकिन कुछ विकास नहीं हुआ।

बेरोजगारी, महगाई, भ्रष्टाचार बढ़ गया। उन्होंने कहा कि कॉंग्रेस पार्टी ने अल्पसंख्यक की भावनाओं से खिलवाड़ किया। यहां से मिशनरी उम्मीदवार नहीं दिया। उन्होंने कहा की झारखंड पार्टी चुनाव जीतेगी, तो महागठबंधन को समर्थन देगी, लेकिन कालीचरण चुनाव जीतेंगे, तो भाजपा में चले जायेंगे। उन्होंने कहा कि जल, जंगल जमीन की रक्षा के लिए झारखंड पार्टी को वोट दें।

पार्टी के केंद्रीय महासचिव अशोक कुमार भगत ने कहा कि भाजपा के शासन काल में न आदिवासियों का कल्याण हुआ और न न है किसानों का। उन्होंने कहा कि भाजपा कांग्रेस दोनों एक है।. झारखण्ड में बाहर के लोग नौकरी कर रहे हैं। नौकरी की बिक्री की जा रही है। यहां के लोगों का हक मारा जा रहा है। अपने हक अधिकार की रक्षा के लिए सभी जाति धर्म के लोग झापा को वोट करें। पार्टी प्रत्याशी अपर्णा हंस ने कहा कि इस सरकार में महिला व बच्चों का विकास नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि झारखण्ड की सबसे पुरानी पार्टी है झारखण्ड पार्टी। यह यहां की माटी की पार्टी है। इसलिएः क्षेत्र के सम्पूर्ण विकास के लिए झापा को वोट करें।

आईएचएम रांची में विश्व मजदूर दिवस : चतुर्थ वर्ग कर्मियों के सम्मान एवम् ध्यानवाद कार्यक्रम का आयोजन

मांडर प्रखण्ड स्थित ब्राम्बे में विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) राँची में कार्यरत हाउसकीपिंग कर्मचारी, सुरक्षाकर्मी एवम सभी चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों के संस्थान के प्रति अथक एवम उत्कृष्ट कार्यसमर्पण के लिए सम्मान एवम् ध्यानवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह का मुख्य उद्येश वर्षभर संस्थान के कार्यों में चतुर्थवर्गिय कर्मियों के कार्यों को सम्मान देने, कार्यस्थल को कार्य करने हेतु व्यवस्थित करने तथा अनेकों कार्यों एवम् मेहनत को सराहने से था। इस समरोह की शुरूवात पासिंग द पार्सल तथा रन विद ग्लास प्रतियोगिता से की गयी तथा विजेता कर्मियों को पुरष्कृत भी किया गया। तत्पश्चात संस्थान में बनाए गए केक काटा गया तथा संस्थान के शेफ तथा छात्रों द्वारा पकाए गए स्वादिष्ट व्यंजनों को संस्थान के रेस्टोरेंट *पाही मोखना* में सभी कर्मियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिसका उपभोग कर सभी ने काफी प्रशंसा की । संस्थान द्वारा आयोजित इस भावपूर्ण आयोजन के दौरान सभी कर्मी भावुक हो गए। संस्थान के प्राचार्य डॉ. भुपेश कुमार ने विश्व श्रमिक दिवस की बधाई देते हुए बताया की किसी भी संस्था के विकास में चतुर्थवर्गीय कर्मचारीयों का अहम भूमिका होती है, साल के केवल एक दिन ही नहीं बल्कि हमे अपने कर्मचारियों एवम श्रमिकों उन्हें योगदान एवम मेहनत के लिए हमेशा सम्मान देना चाहिए तथा सदा प्रोत्साहित भी करते रहना चाहिए।

सार-संक्षेप

सिलाई सेंटर में महिला से दुष्कर्म का प्रयास

रातू । रातू थाना क्षेत्र के पाली निवासी रिकेश महतो पिता लक्ष्मण महतो के विरुद्ध रातू थाना क्षेत्र के ही एक महिला ने जबरदस्ती दुष्कर्म का प्रयास करने एवं मारपीट करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया है । पीड़िता रातू में ही सिलाई का काम करती है । दर्ज प्राथमिकी में पीड़िता ने बताया कि रिकेश महतो पूर्व में भी कई बार उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास कर चुका है । इसको लेकर रातू थाना में पीड़िता के द्वारा पहले भी शिकायत की गई थी और बॉण्ड लिखवाकर रिकेश को थाना से छोड़ा गया था । आरोपी रिकेश रातू के ही रातू चट्टी कुम्बाटोली में लक्ष्मी फर्नीचर नामक दुकान चलाता है । 30 अप्रैल को दोपहर लगभग बारह बजे वह पीड़िता के सिलाई सेंटर में पहुंचा और अश्लील हरकत करने लगा जब पीड़िता ने इसका विरोध किया तो वह जबरदस्ती दुष्कर्म का प्रयास करने लगा एवं उसके साथ मारपीट करने लगा । इससे उसके चेहरे एवं शरीर के कई अंगो में चोटें भी आई । पीड़िता के हल्ला करने के बाद रिकेश जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला । रातू पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

अवैध बालू लदा सात वाहन जप्त, चालक भेजे गए जेल

रातू। बुढ़मू थाना क्षेत्र के छापर नदी से रातू के बाजार में बालू की कालाबाजारी करने आ रहे सात ट्रैक्टर को रातू पुलिस ने जप्त कर लिया है । समाचार पत्र में बालू की कालाबाजारी को बंद करने को लेकर लगातार चलाए जा रहे अभियान को रातू थाना के प्रशिक्षु आईपीएस मो याकूब ने गंभीरता से लेते हुए इसमें पुर्ण रूप से नकेल कस दी है । यही नहीं उनके निर्देश पर रातू सीओ रवि कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने अभियान चलाते हुए छह ट्रैक्टर एवं एक ट्रबो ट्रक को जप्त करते हुए सात वाहन चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । वहीं बालू के कालाबाजारी में शामिल इन सभी वाहन मालिकों के विरुद्ध सरकारी सम्पति एवं राजस्व के चोरी करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई है । इस पूरे मामले को लेकर रातू के सीओ रवि कुमार ने प्राथमिकी दर्ज की है । जिन सात चालकों को जेल भेजा गया है उनमें मांडर थाना क्षेत्र के छोटा हात्मा का सुनील मुंडा पिता निर्मल मुंडा, बुढ़मू थाना क्षेत्र के तमाड गमहरिया का संजू उरांव पिता तेतरा उरांव, कांके थाना क्षेत्र के टेंडर का शिवम् मुंडा पिता जोजो मुंडा, बुढ़मू थाना क्षेत्र के पाहन टोली का कुलदीप मुंडा पिता सुखु मुंडा, ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के कोकड़े का धोनी पाहन पिता जीत पाहन, ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के ठाकुरगांव का पवन नायक पिता वीगन नायक इन बुढ़मू ठाना क्षेत्र के मक्का का अमर सिंह मुंडा पिता उदित मुंडा शामिल है जबकि सभी वाहन मालिक फरार है ।

सड़क हादसे में पांच घायल

रातु। थाना क्षेत्र के हुरहुरी ठाकुरगांव मार्ग में दो अलग अलग सड़क हादसे में पांच लोग घायल हो गये। पहली घटना गुरुवार को दिन के 11 बजे की है। जिसमे एक तेज रफतार फ15 बाइक जेएच01एफएच-6880 व टीवीएस एक्सल जेएच01ईएक्स-7767 में सीधी टक्कर हो गयी। हादसे में टीवीएस एक्सल में सवार कन्नौज निवासी एक व्यक्ति बुरी तरह से घायल हो गया। उसके पैर में गंभीर चोट आई है। वही बाइक सवार दो युवक भी बुरी तरह से घायल हो गये है। वही दूसरा हादसा उसी जगह पर दिन के तीन बजे घटी। जहां एक अपाची बाइक जे एच01सीजेड-5846 व स्कूटीजेएच01बीजे-3150 में आपने- सामने की सीधी टक्कर हो गयी। हादसे में स्कूटी सवार का पैर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वही अपाची बाइक सवार को भी शरीर के विभिन्न हिस्सो में चोट आई है। स्थानीय लोगो की मदद से सभी को रातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है।

झारखंड हाई कोर्ट में एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर हुए हाजिर, अगली सुनवाई 18 जून को

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में रांची शहर में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना को पूरा करने का आग्रह करने वाली अरविंदर सिंह देओल की जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को हुई। मामले में कोर्ट के आदेश पर एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर और रांची नगर निगम के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर हाजिर हुए। अगली सुनवाई 18 जून को होगी।

एनएचएआई (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने कोर्ट को बताया कि रांची में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना के फेज वन के लिए रांची नगर निगम को नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) देने के संबंध में केन्द्रीय रोड ट्रांसपोर्ट एवं हाईवे मंत्रालय को पत्र भेजा गया है। वहां से अनुमति मिलते ही रांची नगर निगम को एनओसी दे दिया जाएगा।

इस पर कोर्ट ने कहा कि

एनएचएआई जल्द फेज वन के लिए रांची नगर निगम को एनओसी दे।

रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शहदेव ने कोर्ट को बताया कि एनएचएआई से एनओसी मिलते ही फेज वन का शेष बचा 15 प्रतिशत काम जल्द पूरा कर दिया जाएगा। कोर्ट ने राज्य सरकार को सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना के फेज-टू, फेज थ्री और फेज फोर के निर्माण कार्य के संबंध में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।

कोर्ट ने अगली सुनवाई में एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर और रांची नगर निगम के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर को कोर्ट में उपस्थिति से छूट प्रदान की।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने लोकसभा चुनाव को लेकर की समीक्षा बैठक, दिये निर्देश

रांची। कांग्रे के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में गुरुवार को लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक हुई। बैठक में संगठनवार चुनावी अभियान,बूथों की स्थिति, बीएलए की नियुक्ति की स्थिति,गारंटी कार्ड के वितरण की स्थिति की समीक्षा की गई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने बैठक में शामिल नेताओं को कई दिशा-निर्देश भी दिये।

उन्होंने कहा कि झारखंड के प्रथम चरण का चुनाव अत्यंत नजदीक है और हमें चुनावी अभियान को और गति देने की आवश्यकता है। झारखंड में चुनावी आगाज तीन अनुसूचित जनजाति और एक अनुसूचित जाति लोकसभा क्षेत्र में मतदान से होने जा रहा है और मोदी सरकार के दस वर्षों के शासनकाल में समाज का यही तबका सबसे ज्यादा प्रभावित रहा है। इसके सामाजिक और आर्थिक

उत्थान के लिए मोदी सरकार के जरिये एक दशक के शासनकाल में कोई उल्लेखनीय प्रयास नहीं किया गया, हमें इनके बीच सारे तथ्यों को सामने रखकर मोदी की नीतियों की सच्चाई बतानी होगी। साथ यह भी बताना होगा कि उनके सामाजिक उत्थान के लिए हमारी महागठबंधन सरकार ने सरना धर्म कोड का बिल सदन से पारित कराकर केंद्र सरकार को भेजा है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी उस बिल को लंबे समय से लटकाये हुए हैं। केंद्र सरकार ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में वन भूमि की जमीनों को पूंजीपति घरानों को देने का काम किया है। इस पर स्वाभाविक तौर पर पहला हक आदिवासी समुदाय का होता है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भी पूर्व की रघुवर सरकार ने विकास करने के नाम पर आदिवासी,पिछड़ों,किसानों के साथ छल ही किया है। रोजगार देने के नाम पर पूरी तरह से जीरो अंक पाने वाली केंद्र सरकार के नक्शे कदम पर चल कर पूर्व की झारखंड भाजपा सरकार ने अपने आका की वाहवाही लूटने का काम किया था।

कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, चतरा
Phone- 06541-223994,
E-mail-electionoffice.chatra@gmail.com

"आम सूचना"

लोक सभा आम निर्वाचन–2024 के सफल संचालन हेतु सामान्य जन के चुनाव संबंधी किसी भी प्रकार के शिकायतों के समाधान हेतु 24x7 कार्यरत् जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है। चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत एवं जानकारी हेतु जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या–06541–253219 मोबाईल नं0–9117619352 एवं Voter Helpline Number - 1950 (Toll Free No.) पर सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
PR 324312 Election(24-25)#D –सह–उपायुक्त, चतरा

राज्य सरकार का जवाब सटीक नहीं आया तो स्वास्थ्य सचिव को होना होगा हाजिरः हाई कोर्ट

रांची, । झारखंड हाई कोर्ट में गुरुवार को राज्य में पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान लेने पर सुनवाई हुई। कोर्ट में राज्य सरकार ने बताया कि शपथ पत्र तैयार है लेकिन दायर नहीं किया जा सका है। सरकार ने मौखिक रूप से झारखंड में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं कम्युनिटी हेल्थ सेंटर का आंकड़ा प्रस्तुत किया। साथ ही कोर्ट को अधिकांश प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में सांप काटने की दवा उपलब्धता शून्य बताई।

सुनवाई के दौरान कोर्ट को मौखिक रूप से बताया गया कि देश में पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर की तुलना में झारखंड में बच्चों की मृत्यु दर करीब दो प्रतिशत कम है। इस पर कोर्ट ने कहा कि झारखंड में बच्चों की मृत्यु दर में देश की तुलना में बहुत ज्यादा अंतर नहीं है। झारखंड सरकार को बच्चों की मृत्यु दर का यह आंकड़ा शून्य पर लाने का प्रयास करना होगा। सरकार के आंकड़ों पर असंतुष्टि जताते हुए कोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई में राज्य सरकार का अगर सटीक शपथ पत्र नहीं आता है तो स्वास्थ्य सचिव को कोर्ट में हाजिर होना होगा। कोर्ट ने अगली सुनवाई 6 मई को राज्य सरकार को शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए कहा कि राज्य के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में कितने विशेषज्ञ चिकित्सक हैं, इसकी भी जानकारी दें।

दरअसल, पिछले सुनवाई में कोर्ट ने सरकार को शपथ पत्र दाखिल कर यह बताने को कहा था कि झारखंड में कितने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और कम्युनिटी हेल्थ सेंटर हैं। यहां कितने पद स्वीकृत है और कितने पद अभी खाली पड़े हैं। इन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और कम्युनिटी हेल्थ सेंटर पर दवाओं की क्या व्यवस्था है, इनके भवन कितने साल पुराने और भवन अभी किस स्थिति में है। इसके अलावा कोर्ट ने राज्य सरकार से यह भी पूछा था कि झारखंड के सुदूर ग्रामीण इलाकों में सांप के काटने से होने वाली मौत को रोकने के लिए प्राइमरी हेल्थ सेंटर, कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में सांप काटने की दवा की क्या व्यवस्था है।रांची से प्रकाशित एक दैनिक अखबार में पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर को लेकर प्रकाशित खबर के आधार पर हाई कोर्ट ने मामले में स्वतः संज्ञान लिया था।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा (जिला निर्वाचन शाखा)

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लोकसभा आम चुनाव, 2024 के निमित्त जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर निम्न सामग्रियों की आवश्यकता हैः–

1. वाटर टैंक (तीन लेयर) 1000 लीटर
2. ए0बी0सी0 पाउडर अग्निशामक यंत्र 6 किग्रा0 (अधिष्ठापन सहित)
3. कार्बन डाईऑक्साईड अग्निशामक यंत्र 4.5 किग्रा0 (अधिष्ठापन सहित)
4. पानी टैंकर प्रति ट्रिप/प्रतिदिन का किराया

अतः इच्छुक आपूर्तिकर्ता/एजेंसी दिनांक 04.05.2024 तक जिला निर्वाचन शाखा, कोडरमा में उपरोक्त सामग्री/कार्य का कोटेशन जमा कर सकते है।

उप निर्वाचन पदाधिकारी,
PR.NO.324305 Election(24-25):D कोडरमा।

झारखंड हाई कोर्ट ने दोहरे हत्याकांड में सजायफ्ता लोकेश चौधरी को नहीं दी जमानत

रांची,। झारखंड हाई कोर्ट ने लालपुर निवासी हेमंत अग्रवाल और महेंद्र अग्रवाल की हत्या मामले में सजायफ्ता लोकेश चौधरी की जमानत याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। इस हत्याकांड में अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने जून, 2023 में लोकेश चौधरी, सुनील सिंह, धर्मेंद्र कुमार तिवारी को उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

लोकेश ने निचली अदालत की सजा को हाई कोर्ट में चुनौती दी है।लोकेश चौधरी ने लालपुर निवासी हेमंत अग्रवाल और महेंद्र अग्रवाल को अशोक नगर स्थित एक न्यूज कार्यालय में 6 मार्च, 2019 को बुलाया था। विवाद होने पर उनकी हत्या गोली मार कर की गयी थी। मामले को लेकर अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। हत्याकांड के मुख्य आरोपित लोकेश कुमार चौधरी घटना को अंजाम देने के बाद से फरार रहा था। उसने दिसंबर, 2020 में कोर्ट में सरेंडर किया था।

रांची में कार-बाइक की टक्कर, होमगार्ड , पत्नी और दो बच्चों की मौत, परिवार के आखिरी चिराग की हालत नाजुक

रांची। झारखंड की राजधानी रांची में कार-बाइक की टक्कर में होमगार्ड जवान पंकज कुमार , उसकी पत्नी और दो बच्चों की मौत हो गई। हादसे में घायल इस परिवार के आखिरी चिराग की हालत नाजुक है। यह हादसा बुधवार रात खलारी थानान्तर्गत भेलवाटांड़ में हुआ है। सड़क हादसे में हताहत इस परिवार के पांचों सदस्य बाइक पर थे। खलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी ने

इसकी पुष्टि की है।

डीएसपी चौधरी ने बताया कि पंकज चतरा जिले में तैनात थे। हादसे में पंकज, उसकी पत्नी गुड़िया देवी, पुत्र राजदीप और बेटी सलोनी की मौत हो गई। इस हादसे में उनके पुत्र दीपराज का इलाज रांची के रिम्स अस्पताल में चल रहा है।

होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के अनुसार, हादसे का शिकार हुए होमगार्ड जवान के घायल बेटे की स्थिति भी बेहद खराब है। पंकज कुमार चतरा के टंडवा सीडीपीओ के यहां ड्यूटी पर तैनात थे। बुधवार देररात टंडवा से ही रांची लौट रहे थे। तभी यह हादसा हुआ।

संक्षिप्त खबरें

बड़कागांव पुलिस ने मोतरा घाटी से अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर किया जब्त

बड़कागांव। बड़कागांव पुलिस ने शुक्रवार को मोतरा घाटी से अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त करके बड़कागांव थाना परिसर लाया गया। कार्रवाई बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। जब्त ट्रैक्टरो के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए बड़कागांव अंचलाधिकारी को अग्रसारित किया गया। वहीं थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि अवैध बालू के विरुद्ध हमेशा कानूनी कार्रवाई किया जा रहा है और आगे करवाई किया जाएगा।

कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में पर्यावरण जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के सभागार में वार्डेन लीलावती कुमारी की अध्यक्षता में इको क्लब के तहत पर्यावरण जागरूकता, जल संरक्षण, छात्राओं को कैरियर प्रति जागरूक बनाने एवं मतदाता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन प्रखंड साधन सेवी अभय कुमार के द्वारा किया गया। अभय कुमार के द्वारा सभी छात्राओं को पर्यावरण के प्रति स्वयं सजक रहते हुए समुदाय, अभिभावकगण एवं उनके संपर्क में रहने वाले सभी लोगों को जागरूक करने के लिए कहा गया। विद्यालय में संचालित इको क्लब के कार्य एवं दायित्वों के साथ-साथ पानी के सदुपयोग पर विस्तृत चर्चा की गई। अभय कुमार के द्वारा बताया गया कि छात्राएं कैसे अपने कैरियर को बना सकती हैं उस विषय में बिंदुवार चर्चा की गई। कहा गया कि सर्वप्रथम जीवन में लक्ष्य का निर्धारण अति आवश्यक है।लक्ष्य के अनुसार दैनिक दिनचर्या में कर्म किया जाना चाहिए तभी लक्ष्य की प्राप्ति हो सकती है । छात्राओं को मानव जीवन की विभिन्न अवस्थाओं के बारे में समझाते हुए उनके वर्तमान अवस्था के महत्व के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। सभी बच्चियों को अगले कार्य दिवस में स्वयं मनन करते हुए हमारा लक्ष्य शीर्षक पर निबंध लिखने के लिए कहा गया। वहीं कार्यशाला में बड़कागांव प्रखंड कल्याण पदाधिकारी पंकज गुप्ता एवं प्रखंड कोऑर्डिनेटर भास्कर राज के दिशा निर्देशन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम भी किया गया। उक्त कार्यशाला में छात्राओं को पर्यावरण एवं कैरियर के प्रति जागरूक बनाने के लिए वार्डेन लीलावती कुमारी के द्वारा प्रखंड साधन सेवी अभय कुमार को धन्यवाद देते हुए सभा समाप्ति की घोषणा की। इस बैठक में संकुल साधन सेवी दीपक कुमार, अंशकालिक शिक्षक एवं शिक्षिका संगीता कुमारी, विनीता कुमारी, रूबी कुमारी, सीताराम महतो, चिंतामणि महतो, प्रमोद कुमार कुशवाहा सहित कई लोग शामिल थे।

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने किया नामांकन, रैली में उमड़ा जनसैलाब

देश और संविधान को बचाना है जेपी पटेल को जिताना है: चंपाई

- जनसभा में मुख्यमंत्री हुए शामिल, गठबंधन के नेताओं ने दिखाई अपनी ताकत
- प्रचण्ड गर्मी के बावजूद जोश में दिखे इंडिया गठबंधन के समर्थक

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने बुधवार को अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। नामांकन के बाद जेपी के समर्थन में आयोजित जनसभा जिला स्कूल मैदान में किया गया। जनसभा में कांग्रेस समेत गठबंधन के कई धुरंधर नेता उपस्थित रहे। इसमें मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक अम्बा प्रसाद, विधायक अकेला यादव, पूर्व विधायक ममता देवी, शहजादा अनवर, योगेंद्र साव, सौरभ नारायण सिंह, मुन्ना सिंह, जयशंकर पाठक आदि शामिल हुए। नेताओं ने गठबंधन की एकजुटता और ताकत दिखाई। रैली में मौजूद समर्थकों ने राह भर कांग्रेस, गठबंधन और जेपी पटेल के समर्थन में गगनचुम्बी नारे लगाए। नामांकन कार्यक्रम में हजारीबाग कांग्रेस जिला अध्यक्ष एस के यादव, रामगढ़ जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, झामुमो के संजीव बेदिया, सुखदेव साहू कांग्रेस, झामुमो, राजद, माले, आप के पदाधिकारियों, कार्यकर्तागण एवं हजारों की संख्या उपस्थित समर्थकों की उपस्थिति रही।

मुख्यमंत्री चमपाई सोरेन की ललकार, कार्यकताओं ने भरी हुंकार

जनसभा में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के कोने कोने से लोग पहुंचे हुए थे। हजारों की तादाद में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने जब प्रतिद्वंदी प्रत्याशी को ललकारा तो कार्यकताओं में जोश दोगुना हो गया। जयघोषों की गूंज दोगुनी हो गयी। हजारों की तादाद में मौजूद लोगों ने एक ललकार पर हुंकार भर लिया। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार इस देश को पूंजीपतियों के हाथों बेचने का काम कर रही है। यदि इसी तरह व्यवसाइयों को नेता बनाया जाता रहा तो हजारीबाग को भी पूरी तरह से बेच दिया जाएगा। यह वक्त देश को बचाने का है। यह वक्त हजारीबाग को बचाने का है। यह तभी मुमकिन है जब हजारीबाग से यहां की जनता जेपी भाई पटेल को सांसद बना कर दिल्ली भेजने का काम करेगी।कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार पूरी तरह से तानाशाही हो चुकी है। देश से संविधान को ही खत्म कर देना चाहती है। विपक्षी दलों के नेताओं को चुनाव के वक्त फंसा कर जेल में डाल दिया गया है। अरोपों को सही साबित नही कर पा रहे फिर भी सिर्फ आरोप की बुनियाद पर उन्हें कैद कर के रख गया है। यह दशार्ता है कि देश प्रधानमंत्री मोदी डरे हुए हैं। उन्हें पता है कि जनता जाग गयी है और उनकी उनकी सरकार जाने वाली है। उन्होंने कांग्रेस की जनकल्याणकारी नीतियों से लोगों को रूबरू करवाते हुए बताया कि कांग्रेस देश के सभी वर्गों के साथ न्याय करने का काम करेगी। कहा कि मजदूर, किसान, महिला, युवा और श्रमिकों, सभी के लिए कांग्रेस न्यायपत्र में किये वादों को पूरा कर देश के विकास को धरातल पर उतरेगी।

शहर भ्रमण कर जेपी ने मांगा समर्थन, लोगों का लिया आशीर्वाद

जनसभा के बाद जेपी भाई पटेल ने समर्थकों के साथ शहर भ्रमण कर लोगों का आशीर्वाद लिया। जुलूस की शक्ल में सभी लोग जिला स्कूल मैदान से निकल कर महिला महाविद्यालय, अन्नदा चौक, पैगोडा चौक, झंडा चौक होते हुए कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। भ्रमण के दौरान जेपी पटेल के साथ खुली जीप पर विधायक अकेला यादव, विधायक अम्बा प्रसाद, पूर्व विधायक ममता देवी आदि साथ रहे।

निर्वाचन लडने वाले अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दलों की पृष्ठभूमि की जानकारी हेतु केवाईसी (know your candidate) एप को डाउनलोड कर देख सकते है

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। राजनैतिक दलों, प्रत्याशियों एवं जन सामान्य अभ्यर्थियों की पृष्ठभूमि/नामांकन दाखिल करने के दौरान दिए गए विस्तृत दस्तावेजों की विवरणी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए (केवाईसी) Know your Candidate App के माध्यम से निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दलों की पूर्व आपराधिक पृष्ठभूमि की जानकारी वोटर्स को प्राप्त हो सकेगी। केवाईसी मोबाइल एप बनाने का उद्देश्य है कि मतदाता अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन के दौरान उनके द्वारा दाखिल किए गए दस्तावेजों की जानकारी प्राप्त सके। Know your Candidate App link आयोग की वेबसाइट एवं Google play store Apple store से डाउनलोड किया जा सकता है।

एप में कौन-कौन की जानकारी मिलती है

केवाईसी एप उम्मीदवार का नाम, पिता/पति, पार्टी, उम्र, लिंग, पता, राज्य, विधानसभा/लोकसभा की जानकारी मेन डिस्प्ले में दिखाई देती है। इसके साथ ही उम्मीदवार द्वारा नामांकन के दौरान दिया गया हलफनामा इस एप में अपलोड किया जाता है। मतदाता सीधे

उम्मीदवार के हल्फनामे में दी गई जानकारी को एक्सेस कर सकते हैं। इस एप के जरिए मतदाता प्रत्याशियों की कुल आय और संपत्ति का ब्योरा भी देख सकते हैं। अगर किसी उम्मीदवार का आपराधिक बैकग्राउंड होता है तो ऐप में लाल रंग के हाइलाइट बॉक्स में इसकी जानकारी मिलती है। एप में लोकसभा या विधानसभा चुनाव के दौरान हर सीट के उम्मीदवार की जानकारी अपलोड की जाती है। इसमें चुनाव के दौरान सभी नामांकन, स्वीकार नामांकन, निरस्त हुए नामांकन और नाम वापस लेने वाले प्रत्याशियों की भी जानकारी मिलती है।

डीआईजी आवास में तैनात जवान ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग के डीआईजी आवास में तैनात जवान ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या। घटना बुधवार के अहले सुबह की है। जहां डीआईजी आवास पर ड्यूटी में तैनात जवान विकास कुमार ने खुद के सर्विस रायफल से खुद को गोली मार ली। गोली लगने के बाद मौके पर ही उसकी मौत हो गई, हालांकि उसको आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विकास कुमार मूल रूप से जिले के टाटी झरिया थाना क्षेत्र के झरपो का रहने वाला था। बताया जाता है कि उसकी शादी कटने के कारण मृतक जवान काफी परेशान चल रहा था। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विकास कुमार का दो बार शादी कट गया था, जिस वजह से वह काफी परेशान चल रहा था। इसके अलावा कुछ घरेलू मामले को लेकर भी पिछले कई दिनों से परेशान था। इसी दौरान बुधवार की सुबह ड्यूटी पर तैनात था और खुद को गोली मार ली। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुटी गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घटना की जानकारी मृतक जवान के परिजनों को दे दी गई है। इधर घटना की सूचना मिलते ही घटना स्थल पर डीआईजी, एसपी समेत कई पुलिस पदाधिकारी पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

पारिवारिक मामले को लेकर था परेशान

पुलिस लाइन में शोक सभा आयोजित, दी गई अंतिम विदाई

हजारीबाग। दिवंगत पुलिस कर्मी विकास कुमार को पुलिस लाइन हजारीबाग में बुधवार को शोक सभा का आयोजन कर अंतिम विदाई दी गयी। शोक सभा में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग के डीआईजी सुनील भास्कर, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, सार्जेंट मेजर कुमार देवव्रत, सदर थाना प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष कर्ण सिंह, हजारीबाग पुलिस मेन्स के मंत्री उपेन्द्र नाथ मिश्रा,अध्यक्ष अनुरोध कुमार, राजेश हेम्ब्रम, राणा प्रताप सिंह, प्रक्षेत्रिय मंत्री राहुल पाठक, दोनों सार्जेंट, एवं पुलिस लाइन व विभिन्न थानों के पुलिस कर्मी शामिल होकर ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति प्रदान करने की प्रार्थना की।

हरली गांव निवासी टेंट मालिक बसंत का रहस्मय लापता होना और फिर मिल जाना बना चर्चा का विषय

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

बड़कागांव। बड़कागांव थाना क्षेत्र के हरली गांव निवासी टेंट मालिक बसंत कुमार महतो का रहस्मय लापता होना और फिर मिल जाना क्षेत्र में चर्चा का विषय गर्म है। क्योंकि मिलने के बाद बसंत की पत्नी रीता देवी ने बड़कागांव थाना में लिखित दी है कि पति का दिमागी हालत ठीक नहीं है कुछ भी बताने में असमर्थ है इसलिए किसी पर कोई कुछ भी आरोप-प्रत्यारोप नहीं है। जबकि वही रीता देवी बसंत का लापता होने के बाद महुंगाईकलां निवासी का एक परिवार पर अपहरण या लापता करने का आरोप लगाकर दो परिवार नहीं बल्कि दो गांव हरली एवं महुंगाईकलां को आमने-सामने कर दी थी। रीता देवी एवं बसंत के टेंट मजदूर के कहने पर हरली गांव के ग्रामीणों द्वारा उस परिवार को ही नहीं बल्कि पूरे महुंगाईकलां के ग्रामीणों को भी कटघरे में खड़ा कर दिया गया था। लापता समय अवधि तक कई तरह की अफवाहें एवं अटकलें का बाजार गर्म रहा। ग्रामीणों के अनुसार यहां तक कि इस अवधि तक पड़ने वाले हाट, बाजार, चौक चौराहे, गली मोहल्ले में भी दोनों गांव के ग्रामीण हॉक टॉक की स्थिति उत्पन्न होती रही। आरोपित परिवार के घर को ढाहने एवं जलाने की धमकियां भी मिलती रही। बसंत की पत्नी एवं टेंट के मजदूर कि बदलते बयान से पुलिस की दबिश एवं हरली के पूर्व मुखिया महेंद्र महतो की सक्रियता के कारण 5 दिन बाद अचानक हजारीबाग बस स्टैंड में बसंत का रहस्य स्थिति में मिलना चर्चा का विषय बना हुआ है। प्राप्त सूत्रों के अनुसार बसंत का 24 अप्रैल को हरली गांव से लापता होने के पूर्व रात्रि में पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर अनबन होने की पत्नी द्वारा पुरी घटना क्रम तक इस बात को दबाए रखना की भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

अंग्रेजों के "ट्रेड डिस्प्यूट्स बिल" से ज्यादा खतरनाक है केन्द्र सरकार का ' 4 श्रम संहिता':गणेश कुमार सीटू

उज्जवल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। मई दिवस के अवसर पर सी आईटीयू जिला कार्यालय में शिकागो शहर के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई और सेमिनार किया गया। 138 वें मई दिवस के अवसर पर स्थानीय सीआईटीयू के जिला कार्यालय में हजारीबाग के पूराने मजदूर नेत्री कविता सरकार द्वारा झंडोत्तोलन किया गया एवं शिकागो शहर के हे मार्केट के शहीदों के बेदी पर पुष्पांजलि देते हुए उन्हें याद किया गया। इसके बाद एक सेमिनार किया गया सेमिनार की अध्यक्षता मजदूर नेत्री कविता सरकार ने किया। इस अवसर पर सीआईटीयू के जिला उपाध्यक्ष गणेश कुमार सीटू ने कहा कि भारत में मजदूर दिवस का आज 101 साल पूरा हो गया। आज ही के दिन 1923 में कम्युनिस्ट पार्टी के नेता एम सिंगारवेलू चेट्टीयार ने मद्रास में पहला मई दिवस मनाया था और उसके बाद देश के कोने कोने में मई दिवस मनाने का काम आरंभ हुआ। मई दिवस की प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए कहा कि आज मई दिवस पहले से अधिक प्रासंगिक हो गया है मोदी जी के आने के बाद मजदूरों पर हमले तेज हो गए हैं। 44 श्रम कानूनों को समाप्त कर 4 श्रम संहिता बना कर मजदूरों के संघर्षो के द्वारा अर्जित तमाम कल्याणकारी योजनाओं को समाप्त कर दिया जाएंगे. इस बार का मई दिवस विशेष है क्योंकि इस बार 18वीं लोकसभा का चुनाव हो रहा है। यह लोकसभा का चुनाव संविधान बचाने और संविधान को बर्बाद करने के बीच हो रहा है। आज देश के मजदूर वर्ग को हर हाल में संविधान को बचाना है। संविधान बचेगा तभी आम जनता, मजदूर के मूलभूत अधिकार बचेंगे। सरकार अपनी कमियों को छुपाने के लिए कभी हिजाब का, कभी मंदिर का कभी मस्जिद का मामला उठा कर के देश की जनता को गुमराह कर रही है ताकि देश की जनता का ध्यान मूल समस्याओं से भटकाया जा सके। इसके अलावा मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव यूनियन के अध्यक्ष सुदीप चैटर्जी, डीवीसी श्रमिक यूनियन के विजय चौधरी, बीमा कर्मचारी महासंघ के जे सी मित्तल सेमिनार में अपने वक्तव्य रखा. इस अवसर पर चांद दी, गुलाब साव, ईश्वर महतो, तपेश्वर राम, लक्ष्मी नारायण सिंह, सोनू कुमार सिंह, दुर्गा सिंह, सुरेश कुमार दास, विजय कुमार, अनंत पांडे, सुमन शेखर, मनोज कुमार गुप्ता, साकेत कुमार, सिकंदर शर्मा, अखिलेश कुमार मिश्रा, त्रिलोकी कुमार, राकेश आनंद, विजय कुमार, कुन्दन कुमार सहित कई साथियों ने सेमिनार में भाग लिया।

विष्णुगढ़ में दानवीर-वीरवर भामाशाह की 478वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत सातमाइल मोड़ स्थित एम.एस कॉम्प्लेक्स में भामाशाह तैलिक सेवा समिति के द्वारा दानवीर भामाशाह की 478वीं जयंती समारोह पूरे धूमधाम से मनाई गई।कार्यक्रम की शुरूआत संयुक्त रूप से अतिथियों के द्वारा दानवीर भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण कर तथा दीपप्रज्वलित कर किया गया। जयंती समारोह में समाज की बालिकाओं के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। समारोह में समाज के द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जयंती के मौके पर वक्ताओं ने कहा कि भामाशाह सच्चे दानवीर थे, उन्होंने देश की सेवा के लिए सर्वस्व न्योछावर कर दिया। हम सभी को भामाशाह की दानवीरता से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस दौरान समाज के लोगों ने समाज में फैली कुप्रथा को दूर करने का संकल्प लिया। वही कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विभिन्न जाति और धर्म के लोग भी शामिल हुए।जयंती समारोह में महिलाओं तथा बच्चियों की भागीदारी अधिक रही। कार्यक्रम को लेकर महिलाएं तथा बच्चियों में काफी उत्साह देखा गई। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल समाज के सभी प्रतिभावान उत्कृष्ट योग्यताधारी प्रतिभागियों को पुरस्कार से सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया।

एनटीपीसी में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस

उज्जवल दुनियां संवाददाता

केरेडारी। एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना ने 1 मई को श्रमिकों के सम्मान के लिए अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया! अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस हर साल 1 मई को मनाया जाता है! इस अवसर पर परियोजना के प्रमुख प्रभारी शिव प्रसाद ने केरेडारी परियोजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संविदा कर्मियों को सम्मानित किया! श्रमिकों के सम्मान में आयोजित किए गए इस दिवस का मुख्य उद्देश्य उनके मेहनत और योगदान की सराहना करना तथा और उन्नत कार्य करने की प्रेरणा देना है! इस मौके पर शिव प्रसाद ने श्रमिकों को संबोधित करते हुए उनके योगदान के लिए धन्यवाद किया! उन्होंने श्रमिकों के संघर्षों और परिश्रम की सराहना की और विशेष रूप से उनके अदम्य उत्साह को गौरवान्वित किया, एवं कार्य स्थल पर सुरक्षा पर प्रमुखता से ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सभी संविदा कर्मियों ने परियोजना के प्रमुख प्रभारी एवं सभी अधिकारियों के साथ विचार साझा किए कि किस तरह से उन्होंने अपने जीवन की कठिनाईयों का सामना किया और केरेडारी परियोजना के विकास में अपना सहयोग दिया! श्रमिकों ने सभाकक्ष में कार्य स्थल पर सुरक्षा को बढावा देने के लिए भी सुझाव दिए। श्रमिकों ने एनटीपीसी कार्यालय की कार्यशैली एवं कार्य स्थल व्यवस्था की सराहना कि! श्रमिकों के अनुभवों एवं विचारों को समझने से कार्य स्थल में सकारात्मक बदलाव आता है! एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना द्वारा श्रमिकों के सम्मान का यह उत्सव एक महत्वपूर्ण कदम है ! यह उनके उत्साह को बढ़ावा देगा और परियोजना के विकास में उनकी भूमिका को ओर भी मजबूत करेगा!

कांग्रेस लूट और झूठ की पार्टी है, हजारीबाग में कमल खिलाएं, मनीष जायसवाल को सांसद बनाएं:भजन लाल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

निशा जायसवाल पहुंची चौपारण, कई गांवों में पति के पक्ष में चलाया जनसंपर्क

चौपारण। हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के नामांकन के दूसरे ही दिन उनकी धर्मपत्नी निशा जायसवाल ने भी चुनाव प्रचार शुरू कर दिया। भाजपा महिला मोर्चा, हजारीबाग की अध्यक्ष रेणुका साहू की अगुवाई में उन्होंने गुरुवार को बरही विधानसभा क्षेत्र के चौपारण प्रखंड स्थित चौपारण भाजपा पूर्वी मंडल में अध्यक्ष सह मुखिया रेखा देवी ने अपने मंडल के महिला दीदियों संग बैठक कर अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत की। मनीष जायसवाल की पत्नी निशा जायसवाल ने भाजपा महिला मोर्चा के सदस्यों और अपने साथियों के साथ चौपारण प्रखंड स्थित ग्राम पांडेयवारा, सेलहारा और बरही प्रखण्ड स्थित बरहीडीह में तूफानी जनसंपर्क अभियान चलाया। निशा जायसवाल ने अनोखे तरीके से हंसते- हंसाते, गाते झूमते हुए मतदाताओं को भाजपा के पक्ष में जागरूक किया और राष्ट्रहित और समाजहित में भाजपा के पक्ष में कमल फूल छाप पर मतदान करने की अपील की । मौके पर विशेषरूप से उनके साथ भाजपा जिला महामंत्री सुनिल साहू, सत्यभामा, रिंकी विश्वकर्मा, सुनीता देवी, इंदु देवी, मनोरमा राणा, कंचन देवी, रानी शुक्ला, सुभाषो राणा और निशा जायसवाल की सहेली रूपा सिंह, रीना गुप्ता, मीता अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, दिप्ती अग्रवाल, मेघा अग्रवाल सहित अन्य कई जन शामिल रहीं। वहीं पूर्वी मंडल अध्यक्ष सुरेश कुमार साव, महामन्त्री अरविंद कुमार सिंह, बालेश्वर साव, मीडिया प्रभारी मुनेश्वर गुप्ता, राजेन्द्र चंद्रवंशी, गजाधर प्रसाद, सुनील सिंह, वासुदेव साव, गौरी साव एवं तपेश्वर ठाकुर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल के नामांकन सह आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान और झारखंड की धरती वीरों की धरती रही है। इतनी कड़ी धूप में भी विशाल संख्या में आए हजारीबाग की जनता को नमन करता हूं और अनुरोध करता हूं कि जिस तरह से पिछले तीन बार से हजारीबाग की जनता भाजपा को लोकसभा में चुनाव जितवा रही है, आने वाले चुनाव में भी मनीष जायसवाल को ही अपना सांसद बनाएगी इसका मुझे पूर्ण विश्वास है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा लूट की राजनीति की है एवं कभी भी गरीबों और किसानों की चिंता नहीं की है। कांग्रेस पार्टी यह झूठा प्रचार कर रही है की आने वाले समय में भाजपा द्वारा संविधान को बदल दिया जाएगा। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंच से यह साफ कर दिया है कि ऐसा कांग्रेस पार्टी झूठा प्रचार कर रही है और जनता को बरगलाने का काम कर रही है। इंडि गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि यह गठबंधन परिवार का गठबंधन है, जिन्हें जनता से कोई सरोकार नहीं है। कोई बेटे को मुख्यमंत्री बनना चाह रहा है, तो कोई भतीजे को सत्ता मे लाना चाह रहा है। 2014 के बाद देश में परिवर्तन हुआ है। गरीब का उत्थान हो या कल्याणकारी योजना हो या सीमा की सुरक्षा हो या विश्व में भारत का बढ़ता गौरव हो, हमें आतंकवाद से भी पिछले 10 सालों में मुक्ति मिली है। लाभुक किसानों के खाते में सरकार द्वारा पैसे आ रहे हैं जो आजादी के बाद पहली बार हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार की जननी है। उन्होंने झारखंड की जनता से अपील की है कि राजस्थान की तरह झारखंड से भी 14 में से 14 सीट एनडीए गठबंधन को जीताकर (13 फूल और एक फल) मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए समर्पित करें। उन्होंने हजारीबाग की जनता से आह्वान किया कि पिछले बार से भी ज्यादा प्रचंड बहुमत से इस बार भाजपा को जिताना है और मनीष जायसवाल जी को सांसद बनना है ।

संक्षिप्त खबरें

बड़कागांव के विभिन्न गांवों में बाल विवाह पर जागरूकता अभियान चलाया गया

बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गांवों में बाल विवाह को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया।जागरूकता अभियान को लेकर जनसेवा परिषद हजारीबाग के तत्वाधान में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के सी.एस.डब्लू गुलेश्वर कुमार के द्वारा बताया गया कि अभी हजारीबाग जिला में विशेष रूप से बाल विवाह पर अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत बड़कागांव प्रखंड में बाल विवाह जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें समाज के पंडित मौलाना आदि लोगों को जागरूक किया जा रहा है। 18 साल और 21 साल से कम उम्र में लड़का लड़की का विवाह ना करवाएं अगर कहीं भी बाल विवाह करवाने की जानकारी मिलती है तो 1098 या फिर 112 टोल फ्री नंबर पर सूचना दें। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम एवं नंबर गुप्त रखा जाता है। अगर इसके बावजूद भी कहीं बाल विवाह होती है तो उस पर बाल विवाह अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिसमें विवाह में सम्मिलित लोगों को जेल भी जाना पड़ सकता है।

पॉलिटेक्निक एंट्रेंस कंपीटीशन में प्रणय दीपक ने राज्य में प्रथम स्थान

बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड के मध्य पंचायत स्थित ठाकुर मोहल्ला निवासी दीपक कुमार के पुत्र प्रणय दीपक ने झारखंड राज्य पॉलिटेक्निक एंट्रेंस परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर बड़कागांव प्रखंड का नाम रोशन किया है। प्रणय हजारीबाग डीपीस स्कूल के छात्र है। सफलता हासिल करने पर परिवार वालों में खुशी का माहौल है। सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए प्रणय ने कहा कि आईआईटी की तैयारी कर एक सफल इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना है। वहीं सफलता पर कई शिक्षाविद प्रबुद्ध जनों ने प्रणय को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, अंचलाधिकारी बालेश्वर राम, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर प्रसाद, बड़कागांव मध्य पंचायत पंसस रितेश ठाकुर, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, सिविल सोसाइटी प्रखंड अध्यक्ष मनोज गुप्ता, लखेद्र ठाकुर, दिनेश सिंहा, शिक्षक चेतलाल राम के अलावा कई लोग शामिल हैं।

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर होम वोटिंग की तिथि 9 मई से 14 मई तक निर्धारित

होम वोटिंग के लिए 22 मतदान दल का किया गया है गठन, टीम में माइक्रों ऑब्जर्वर, मतदान पदाधिकारियों के साथ विडियोग्राफर एंव सुरक्षा कर्मी रहेंगें

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। लोकसभा आम चुनाव 2024 अंतर्गत होम वोटिंग के लिए कार्मिक कोषांग हजारीबाग द्वारा मतदान दल का गठन किया जा चुका है। होम वोटिंग द्वारा मतदान की तिथि दिनांक 9 मई से 14 मई तक निर्धारित की गई है। आपको बता दें कि होम वोटिंग की सुविधा वैसे मतदाताओं को दी जा रही है जिनकी दिव्यांगता का प्रतिशत 40 हो एवं 85 या उससे अधिक उम्र वाले इच्छुक वरिष्ठ मतदाता जो बूथ में जाकर मतदान करने में असमर्थ हो उन्हें घर से मतदान करने का मौका दिया जा रहा है। लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत 14-हजारीबाग संसदीय क्षेत्र अंतर्गत घर से मतदान करने वालों की एक सूची तैयार की जा चुकी है। मतदान के दौरान पारदर्शिता बरतने के लिए इन वोटर्स की सूची को 14-हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के पार्टी उम्मीदवारों के साथ साझा किया जाएगा। घर से मतदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद रिटर्निंग ऑफिसर के पास बैलेट पेपर को सुरक्षित रखवा दी जाएगी। इन मतदान पत्रों के गिनने की प्रक्रिया सामान्य मतों की गिनती के दौरान ही की जायेगी।

लोक सभा आम निर्वाचन-2024 के तहत पांचवें चरण के अन्तर्गत हजारीबाग जिला में होम वोटिंग कराये जाने की तिथि 09 से 14 मई तक निर्धारित

लोक सभा आम निर्वाचन-2024 के तहत पॉचवे चरण के अन्तर्गत वरिष्ठ मतदाताओं (अश्रउ 85+ आयुवर्ग) एवं वैसे विकलांग मतदाताओं (अश्ढऊ) को जिनकी विकलांगता का प्रतिशत 40 से अधिक है तथा वें मतदान केन्द्र पर जाकर मतदान के अधिकार का उपयोग कर पाने में सक्षम नहीं है उन मतदाताओं के लिए ल्क्ष्मी श्ङ्क३ल्लॅ (होम वोटिंग) की सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु हजारीबाग जिला में 22 मतदान दल का गठन किया जा चुका है, जो दिनांक 09 मई से 14 मई तक विभिन्न प्रखण्डों में चिन्हित मतदाताओं के घर जाकर मतदान की प्रक्रिया को सम्पादित करेंगें। उक्त टीम में माइक्रों ऑब्जबर, मतदान पदाधिकारियों के साथ विडियोग्राफर एंव सुरक्षा कर्मी रहेंगें। उक्त कार्य हेतु मतदाताओं की सूची तैयार की जा रही है, जिसे मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों/ उम्मीदवारों/ उनके प्रतिनिधियों को भी उपलब्ध कराया जायेगा।

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से लोअपा से कुंजबिहारी साहू ने नामांकन पर्चा भरा

बड़कागांव। हजारीबाग 14 लोकसभा से लोकहित अधिकार पार्टी के प्रत्याशी कुंजबिहारी साहू ने बुधवार को हजारीबाग समाहरणालय में नामांकन दाखिल किया। उनके साथ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू, हजारीबाग लोकसभा प्रभारी रामविलास साव, प्रदेश के उपाध्यक्ष अजहर आलम, रामगढ़ जिला प्रभारी गणेश गुप्ता समेत पांच अन्य लोग उपस्थित थें। कुंजबिहारी साहू सबसे पहले हजारीबाग में रोड शो करते हुए गाजे-बाजे के साथ समाहरणालय परिसर पहुंचे तथा उपायुक्त कार्यालय में जिला उपायुक्त सह निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष नामांकन का पर्चा भरा। नामांकन दाखिल करने के बाद श्री साहू ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता का अपार सहयोग व जन समर्थन मिल रहा है। इस बार हजारीबाग में एक गरीब किसान का बेटा सफाई कर्मचारी विजय हासिल करेगा । उन्होंने आगे कहा कि मेरी जीत सुनिश्चित है इस बार हजारीबाग की जनता अपना मन बना लिए हैं और सेव छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजय बनाएंगे। चुनाव जीतने के बाद मेरी पहली प्राथमिकता होगी। हजारीबाग की जनता को विस्थापित किया जा रहा है। आज तक केंद्र सरकार या राज्य सरकार द्वारा विस्थापन आयोग का गठन नहीं किया, जिससे विस्थापितों को उचित न्याय नहीं मिल पाया। मैं सबसे पहले विस्थापन की समस्या से लोगों को निजात दिलाऊंगा। जो लोग घर से बेघर हो गए हैं उन्हें घर दिलवाऊंगा और मुआवजा भी दिलवाऊंगा तथा निशुल्क शिक्षा, निशुल्क चिकित्सा उपलब्ध करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। नामांकन कार्यक्रम में लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू, उपाध्यक्ष अजहर आलम हजारीबाग जिला प्रभारी रामविलास राव, डुभन साव, रामगढ़ जिला प्रभारी गणेश प्रसाद गुप्ता सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थें।

विपक्ष का हो जाएगा सूपड़ा साफ : केशव प्रसाद मौर्य

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

चतरा। चतरा लोकसभा क्षेत्र के पत्थलगड्डा में गुरुवार को भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने यह कहा है कि अगर 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प साकार करना है तो चतरा लोकसभा क्षेत्र से स्थानीय लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को भारी मतों से विजयी बनाकर 2047 तक विकसित भारत संकल्प में अपना अहम योगदान दें। उन्होंने कहा कि आज सभी कोई हाथ उठाकर यह संकल्प लें कि कालीचरण सिंह को पांच लाख मतों से विजयी बनाकर संसद भवन भेजने का काम करें जिससे प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत किया जा सके।श्री मौर्य ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने जो 60 साल में नहीं किया, वह मोदी ने 10 वर्षों में कर दिखाया है। इतना ही नहीं भ्रष्टाचार मुक्त भारत ही नहीं, झारखंड में भी डबल इंजन की सरकार बनाने की अपील किया। उन्होंने भाजपा की सरकार बनने के बाद झारखंड भी भ्रष्टाचार मुक्त सरकार बनने का भरोसा लोगों को दिया। प्रखंड के प्रसिद्ध लालू मैदान में सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष कहता है कि लोकतंत्र खतरे में है, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं है। सिर्फ विपक्ष का नींद हराम हो गया है उसकी पार्टी खतरे में है, जिससे उसका मनोबल गिरता चला जा रहा है। वहीं राहुल गांधी कहते हैं की अगर हमारी सरकार बनी तो धारा 370 वापस ले आएंगे, हम आप सबको विश्वास दिलाते हैं की राहुल गांधी अपने जीवन में भी धारा 370 को वापस नहीं ला सकते हैं। उन्होंने कहा की कांग्रेस ने कश्मीर का एक हिस्सा पाकिस्तान को सौंप दिया था उस पाकिस्तान वाले कब्जे के कश्मीर क्षेत्र में तिरंगा फहराने के लिए चार सौ पार की आवश्यकता है। साथ ही गरीबों को मुफ्त में अनाज, बिजली,पानी और मकान मिलता रहे इसके लिए भी मोदी सरकार को 400 पर की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि अगर मोदी नहीं होते तो सर्जिकल स्ट्राइक नहीं होता। आज यहां से संकल्प लेकर जाएं की राम के चरणों में इतना कमल चढ़ाया जाए जिससे झारखंड सहित भारत कांग्रेस मुक्त हो जाए। उन्होंने आगे कहा कि अगर धारा 370 हटा है तो हर बूथ पर 370 वोट अधिक चाहिए। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह, पूर्व मंत्री रणधीर कुमार सिंह,विधायक किशुन कुमार दास, जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, अशोक शर्मा, उज्जवल दास, सुजीत भारती, बालेश्वर कुशवाहा सहित सहित अन्य वक्ताओं ने सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सतीश कुमार व संचालन बासुदेव दांगी ने किया।

लोक सभा निर्दलीय प्रत्याशी शशि भूषण केशरी ने किया नामांकन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। निर्दलीय प्रत्याशी शशि भूषण केशरी के नामांकन मे समस्त क्षेत्रीय हिन्दू संगठनो के साथ हजारों की संख्या में जुटे लोग। बड़ा अखाड़ा कार्यालय के पास से हजारों की संख्या में जय श्रीराम के जयकारे के साथ समहरणालय पहुँच कर लोगों ने श्री केशरी का नामांकन करवाया । केशरी ने चल-अचल संपत्ति का ब्यौरा देते हुए उपायुक्त के सामने अपना नामांकन कराते हुए सबो का आभार व्यक्त किया । इस मौके पर श्री केशरी ने कहा कि जिस तरह से लोगों का प्यार और उम्मीद भरा विश्वास मेरे उपर दिख रहा है उस विश्वास पर मुझे खरा उतरना है। मीडिया द्वारा पुछने पर कि कुछ लोगों का मानना है कि आप वोट काटने की राजनीति करने के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में खड़ा हुए है। इस पर केशरी ने स्पष्ट रूप से कहा कि मुझे लोगों के सेवा भाव के लिए , लोगों के हक और अधिकारों के न्याय की लड़ाई के लिए , युवा पीढ़ी के भविष्य के साथ खिलवाड़ ना हो, बहन-बेटियों की सुरक्षा की लड़ाई, धर्म को संरक्षित करने की लड़ाई, हिन्दू परिवार को एक सूत्र में बांधने के लिए और क्षेत्र के विकास की लड़ाई के लिए समस्त हिन्दू परिवार, मातृ शक्ति और सभी क्षेत्रीय हिन्दू संगठनों ने मिलकर मुझे निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में खड़ा किया है ना कि किसी का वोट काटने की राजनीति करने के लिए । वोट बैंक की राजनीति ना मुझे पसंद है ना ही करना है। उन्होंने कहा कि वे समाजसेवी और आंदोलनकारी पिता का पुत्र हूँ जिनके आदर्शो और मार्गदर्शन पर चलकर मैं यहाँ तक पहुँचा हूँ । लोगों का प्यार और विश्वास ने मुझे यहाँ तक पहूंचाया है । समस्त क्षेत्रीय हिन्दू संगठनों की एकजूटता ने मुझे यहाँ तक पहूंचाया है । लोक सभा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत मैंने अभी तक जिन भी प्रखण्डों का दौरा किया है वहाँ के लोगों का प्यार, विश्वास और समर्थन मुझे मिला है । मैं बहुत ही जल्द चुनावी घोषणा पत्र को सब के सामने मीडिया के माध्यम से रखूँगा जिससे मेरा लोक सभा चुनाव लड़ा जाना स्पष्ट हो जाएगा ।

जंगली हाथियों ने कोल्हुआकला पंचायत में मचाई तबाही

घर में घुसकर किया तोड़ फोड़

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

स्थानीय मुखिया मंगलदेव यादव ने विभाग से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने का किया मांग

बरही। बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत के करगईयो गांव में बुधवार की रात्रि जंगली हाथियों ने लोगों को खूब परेशान किया है। हाथी ने गांव में घूम घूम कर कई जगह तोड़ फोड़ किया है। ग्रामीणों ने बताया कि कई दिनों से हाथी गांव के आस पास घूम रहे थे। बुधवार रात्रि करगईयो निवासी प्रयाग यादव के घर में घुस कर घर का दरवाजा सहित कई कीमती सामग्री को तोड़ दिया है। घटना की सूचना पाकर भुक्तभोगी के घर स्थानीय मुखिया मंगलदेव यादव पहुंचे और घटना को देखते हुए स्थानीय प्रशासन से मुआवजा दिलाने का मांग किया है। साथ ही वन विभाग से हाथी को भगाने का अनुरोध किया है। मुखिया मंगलदेव यादव ने बताया कि घटना की जानकारी वन विभाग को देने के कई घंटे बीत जाने के बाद भी वन विभाग के कोई कर्मी घटना स्थल पर नहीं पहुंचे है, जबकि जंगली हाथी अब भी गांव में इधर उधर घूम रहा है।

आईसेक्ट विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

विद्यार्थियों में प्रतिभा की कमी नहीं, निखारने की आवश्यकता:डॉ मुनीष गोविंद

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। आईसेक्ट विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बीते 30 अप्रैल से विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को गायन प्रतियोगिता और गुरूवार को नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और एक से बढ़कर एक गायन प्रस्तुत किए जाने के साथ साथ मनमोहक नृत्य पेश किए। बता दें एकल व समुह गायन व नृत्य प्रतियोगिता में लोक नृत्य और लोक गायन की भी झलक दिखी। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि झारखंड के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, केवल ऐसे विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन में निखारने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों के रूचि के अनुरूप निखारने की ओर भी ध्यान दिया जाता है। बताते चलें कि गायन प्रतियोगिता में दयानंद राम, शालिनी, अनुष्का, प्रतिज्ञा, मकसूद आलम, नलीन, आवेश, कृति, अरग्यान एवं नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में संध्या, तन्नू, पल्लवी, स्वप्निल एवं एमआरपी ग्रूप व ओमप्रकाश, शालिनी, प्रिया, स्वप्निल, राज सौरभ, प्रभा, जैनुल अली, कृष, देवंश, सुमित के नाम शामिल है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक समिति प्रमुख डॉ प्रीति कुमारी, डॉ अरविंद कुमार, डॉ रोजीकांत, रितेश कुमार, सीमा कुमारी, सबीता कुमारी, एकता कुमारी, रविकांत कुमार, अमित कुमार सहित अन्य की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता का आभार

20 मई को याद रखें कमल का छाप:मनीष

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी (एनडीए समर्थित) मनीष जायसवाल के इरादों को बेतहाशा गर्मी भी नहीं डिगा सक रही है। पिछले करीब 2 महीने से टिकट कंफर्म होने के बाद सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल बिना रुके, बिना थके अनवरत अहले सुबह से लेकर देर रात्रि तक जनता के बीच बने हुए हैं। वे लगातार हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में धुआंधार जनसंपर्क और जन संवाद कार्यक्रम चल रहे हैं। बुधवार को मनीष जायसवाल ने हजारीबाग में अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर उनके नामांकन सह आशीर्वाद सभा में पूरे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से जनसैलाब उमड़ा। अपने नामांकन के दूसरे दिन गुरुवार को मनीष जायसवाल हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ जिला अंतर्गत दुलमी प्रखंड और रामगढ़ नगर निगम क्षेत्र के करीब दो दर्जन से अधिक क्षेत्र का तूफानी दौरा किया और आगामी 20 मई को होने वाले हजारीबाग लोकसभा के चुनाव में भाजपा के पक्ष में कमल छाप पर मतदान करने का अपील किया। इस दौरान 44 डिग्री सेल्सियस तापमान में मनीष जायसवाल के स्वागत में भाजपा और आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं में उत्साह चरम पर दिखा।

हजारीबाग लोस के एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल के नामांकन-सह-आशीर्वाद सभा में उमड़ा जनसैलाब

राजस्थान के सीएम सहित एनडीए के कई गणमान्य नेतागण हुए शामिल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। शहर के बिरसा चौक स्थित हजारीबाग स्टेडियम (कर्जन ग्राउंड) परिसर में बुधवार को एनडीए समर्थित भारतीय जनता पार्टी के हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल का नामांकन- सह- आशिर्वाद सभा का आयोजन हुआ। जिसमें विशेषरूप से राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी, जदयू के राज्यसभा सांसद खीरू महतो, गिरिडीह के आजसू के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, कोडरमा विधायक नीरा यादव, बोकारो विधायक बिरंची नारायण, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, कांके विधायक समरी लाल, गोमिया विधायक लंबोदर महतो, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, सिमरिया विधायक किसुन दास, धनबाद विधायक राज सिन्हा, विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, पूर्व मंत्री सह विधायक मनोज कुमार यादव, लोकनाथ महतो सहित अन्य सैकड़ों भाजपा, आजसू, जदयू, लोजपा (रामविलास) पार्टी के गणमान्य नेतागण मौजूद हुए। सभी नेताओं को अंग- वस्त्र भेंटकर और माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात बारी- बारी से सभी नेताओं ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में चुनावी नामांकन सह आशीर्वाद सभा को संबोधित किया। जनसभा में सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल के समर्थन में पूरे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी पांचों विधानसभा रामगढ़, सदर, मांडू, बड़कागांव और बरही विधानसभा क्षेत्र से जनसैलाब उमड़ पड़ा।

मोदी सरकार ने देश और गरीबों को बढ़ाया, हजारीबाग से मनीष जायसवाल को जिताकर तीसरी बार बनाएं मोदी सरकार: बाबूलाल

झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 20 मई को हम सबको एक-एक वोट कमल फूल को देना है और मनीष को जिताना है ताकि नरेंद्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री देश का प्रधानमंत्री बन सके। उन्होंने कहा की मोदी जी ने पिछले 10 सालों में गरीब, किसान, महिला एवं युवाओं के लिए अभूतपूर्व काम किया है। चाहे वह 4 करोड़ प्रधानमंत्री आवास देना हो या फिर 9 करोड़ उज्जवला गैस कनेक्शन, आजादी के बाद 2014 तक जो जन सुविधा जनता को नहीं मिल पाई वह सुविधा देने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है और आगे भी यह सुविधा जिन गरीबों को नहीं मिल पाई है उन तक भी पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य का निर्माण में भी भारतीय जनता पार्टी के सर्वमान्य नेता तथा तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई का ही योगदान है। कांग्रेस पार्टी ने कभी भी झारखंड की जन भावना का सम्मान नहीं किया। भाजपा जो कहती है वह करती है। बाबूलाल मरांडी ने झारखंड के बाबत कहा की झारखंड में कोयला, बालू, पत्थर, लोहा की लूट झारखंड के कांग्रेस की गठबंधन सरकार के संरक्षण में हो रहा है।

संक्षिप्त खबरें

सूझे पत्तों में आग लगने के कारण कई हरे पेड़ पौधे झुलसे

मरकच्चो :- गर्मी के दिनों में जरा सी गलती के कारण आग लगी की घटना बढ़ रही है।गुरुवार सुबह लगभग साढ़े 8 बजे प्रखण्ड मुख्यायलय मरकच्चो स्थित कार्यालय परिसर में फैले पत्तों में अचानक आग लग गयी। आग लगी आग के कारण दर्जनों हरे पेड़ पौधे जल कर झुलस गये। आग लगने की सूचना बी डी ओ हुलास महतो व सी ओ परमेश्वर कुशवाहा के द्वारा अग्निशमन कार्यालय कोडरमा को सूचना दी गयी। सूचना पाकर अग्निशमन वाहन कोडरमा से मरकच्चो पहुंच कर पूर्ण रूपेण आग पर काबु पा लिया। इसके पूर्व बी डी ओ हुलास महतो,सी ओ परमेश्वर कुशवाहा समेत दर्जनों की संख्या में अंचल व प्रखण्ड कर्मी आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे। जिससे लगभग 70 प्रतिशत आग पर काबु पा लिये थे। आग लगने का पता नही चल पाया।

असंतुलित होकर मोटरसाइकिल ने पिलर में मारी टक्कर, दो युवक गंभीर रूप से घायल

सतगावां :- थाना क्षेत्र के पहाड़सिह खैरा हनुमान मंदिर के समीप बुधवार को असंतुलित हो जाने से मोटरसाइकिल ने ईट से बने पिलर में टक्कर मारा जहां दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घायल युवक की पहचान टूटू कुमार उम्र 22 वर्ष पिता रामस्वरूप राजवंशी ग्राम जमुनियांडीह, सतगावां थाना एवं सोनू राजवंशी उम्र 17 वर्ष पिता राजेन्द्र राजवंशी ग्राम रोह, जिला नवादा बिहार का निवासी है।दोनों युवक जीजा साला थे। वहीं दोनों युवक बासोडीह से गोविंदपुर की ओर जा रहा था। घटना की जानकारी मिलते हीं थाना प्रभारी विजय गुप्ता अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और दोनो घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए ले जाया गया।जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए। कोडरमा रेफर कर दिया गया।

सिंचाई के दौरान करंट लगने से एक युवक घायल कोडरमा रेफर

सतगावां : थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरचोई पंचायत के ग्राम थनाही में एक युवक को लगा करंट। बताया जाता है सुरेश राजवंशी पिता स्व प्रसादी राजवंशी जो अपने खेत में सब्जी के खेती सिंचाई कर रहा था। वहीं अचानक सुरेश राजवंशी को करंट लगा गया।उसके बाद उसके परिजनों के लोग आनन-फानन में उसे समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद कोडरमा रेफर कर दिया।

विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

देश के विकास की दशा एवं दिशा तय करते है श्रमिक:गौतम कुमार

उज्जवल दुनिया संवाददाता

झुमरीतिलैया : झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में मजदूर दिवस के अवसर पर झुमरी तिलैया स्थित साई इलेक्ट्रोकास्टिंग प्राईवेट लिमिटेड परिसर में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया । कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने कहा कि श्रमिकों के सक्रिय सहयोग के बिना देश का विकास सम्भव नहीं है। उन्होंने श्रमेव जयते की प्रासंगिकता पर जोर देते हुए कहा कि वर्तमान समय में श्रम करने वाला ही देश का सच्चा सिपाही है जो पूरे देश के विकास की दशा एवं दिशा तय करता है । उन्होंने कहा कि आज का दिवस मजदूरों के लिए स्वर्णिम दिवस है, जिसे हमसबों को एक उत्सव के रुप में मनाना चाहिए। उन्होंने जहाँ एक ओर श्रमिकों को

पूरे लगन और ईमानदारी से मेहनत करने की सलाह दी। वहीं प्रबंधन के लोगों को मजदूरों के हितो का पूरा ध्यान रखने की अपील भी की। इसके अलावा इन्होंने कई महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों की भी जानकारी दी। इसके पूर्व प्रबंधन की ओर से उपस्थित सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एलएडीसीएस की अधिवक्ता किरण कुमारी ने श्रमिको से संबंधित कई महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी । उन्होंने कहा कि अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी पालन करना अतिआवश्यक है। उन्होंने उपस्थित लोगों को मजदूर दिवस की बधाई दी। अपने संबोधन में एलएडीसीएस के अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा ने श्रमिक मुआवजा अधिनियम, समान वेतन अधिनियम, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम सहित अन्य कानूनों की जानकारी देते हुए मजदूरों को अपने अधिकारो के प्रति सजग रहने की अपील की । अपने संबोधन में वरीय अधिवक्ता भैया अनूप कुमार ने कहा कि किसी भी

विकासशील देश के सर्वांगीण विकास में वहां के मजदूरों की भूमिका अत्यंत ही महत्वपूर्ण है । अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन करते हुए साईं इलेक्ट्रोकास्टिंग लिमिटेड के निदेशक कवि याग्निक ने कहा कि हमारे फैक्ट्री के सभी कर्मचारी हमारे आधार स्तंभ है, जिनकी नींव पर प्रबंधन निर्भर है उन्होंने मजदूरों को किसी भी समस्या होने की स्थिति में उसके समाधान का आश्वासन दिया वहीं प्राधिकार को इस प्रकार के आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन न्यायालयकर्मी रणजीत कुमार सिंह ने किया । मौके पर कम्पनी के फाइनेंस मेनेजर कुमार विवेक, डी. के वर्मा, बलिराम सिंह, नरेन्द्र प्रसाद, उदय प्रसाद सिंह, राधेश्याम सिंह यादव, मुन्ना कुमार, महेश राय, नरेश प्रसाद, जीतेन्द्र कुमार सिंह, जयप्रकाश सिंह, रोहित कुमार मण्डल, महेंद्र महतो, हरिवंश कुमार, नागेन्द्र सिंह, शंकर यादव, कृष्णा कुमार, पंकज कुमार न्यायालयकर्मी संतोष कुमार, पारा-लीगल भोलेन्टियर सहित भारी संख्या में मजदूर एवं अन्य कई लोग मौजूद थे ।

ग्रिजली विद्यालय ने अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस को उत्साह और कृतज्ञता के साथ मनाया

उज्जवल दुनिया संवाददाता

कोडरमा : ग्रिजली विद्यालय तिलैया डैम में प्रशंसा और उत्सव के मिश्रण के साथ अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस को श्रद्धापूर्वक मनाया गया। 1 मई को दुनिया भर में मनाए जाने वाले इस अवसर ने श्रम शक्ति के अमूल्य योगदान का सम्मान किया और कड़ी मेहनत और समर्पण के सार को रेखांकित किया। विद्यालय के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक अविनाश सेठ, सीईओ प्रकाश गुप्ता, प्राचार्या अंजना कुमारी, प्रशासक अशरफ खान एवं विद्यालय में कार्यरत चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों के द्वारा दीप प्रज्वलित तथा केक काट कर किया गया। विद्यालय की प्राचार्या अंजना कुमारी ने अपने स्वागत सम्बोधन में श्रम शक्ति को पहचानने और उसका सम्मान करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा की अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस हमारे समाज में श्रमिकों के मौलिक योगदान की मार्मिक याद दिलाता है। यह जरूरी है कि हम उनके प्रयासों का सम्मान करें और समावेशी और न्यायसंगत कार्यस्थल बनाने की दिशा में प्रयास करें। विद्यालय के छात्रों के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के संगीत शिक्षक सुमन सरदार ने मजदुर दिवस के अवसर पर गाना प्रस्तुत किया। मौके पर कर्मचारियों के लिए खेल-कूद का भी आयोजन किया गया जिसमे सुई धागा रेस में उर्मिला, बेबी देवी एवं कंचन देवी क्रमशः पहले, दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहे। कॉक फाइट में समी कुमार, पिंटू कुमार एवं अजय पासवान क्रमशः पहले, दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहे। कप गेम में अंजू, बेबी देवी एवं कंचन देवी क्रमशः पहले, दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहे।

संकुल केंद्र झुमरी तिलैया में शिव तारा के प्राचार्य :डॉ. अजय कुमार

उज्जवल दुनिया संवाददाता

झुमरीतिलैया : कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरी तिलैया संकुल केंद्र में शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर के नवनियुक्त प्राचार्य अजय कुमार पाठक का सम्मान विद्यालय परिवार के द्वारा किया गया। इससे पहले अजय कुमार पाठक जरीडीह में कार्यरत थे। इन्होंने आचार्य के रूप में लंबे समय तक बोकारो क ऊ में कार्य किया। पश्चात सरस्वती विद्या मंदिर रामगढ़ में प्राचार्य के रूप में नियुक्त हुए। वहां सेवा करने के पश्चात पेटरवार में आपके द्वारा प्राचार्य पद को अलंकृत किया गया। पेटरवार के पश्चात आपका स्थानांतरण जरीडीह मैं हुआ था। विषय में पकड़, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण का भाव आपकी पहचान है। मौके पर भामाशाह सरस्वती विद्या मंदिर के प्राचार्य रजनीश

कुमार पांडे, वरिष्ठ आचार्य प्रिंस रवि शंकर एवं अरुण झा की भी उपस्थित रही। आज के परिचय एवं सम्मान समारोह में विद्यालय के आचार्य प्रदीप कुमार पांडेय, डॉक्टर धीरेंद्र सिंह, वीरेंद्र मिश्र, विजय कुमार मिश्रा, वीरेंद्र प्रसाद, उमाशंकर कुमार ,प्रणव प्रभास, मुन्ना सिंह, वीरेंद्र प्रसाद, संजय कुमार महतो, दीपक विश्वकर्मा, टिंकू कुमार, सोनिया कुमारी, मोनिका कुमारी, सोनी कुमारी, शर्मिष्ठा शाहा, चंद्र कावेरी निहाल एवं अर्चना सिंहा आदि सभी आचार्य दीदी जी उपस्थित रहे।

मतदान की उम्र सीमा पर वाद-विवाद कार्यक्रम का आयोजन

उज्जवल दुनिया संवाददाता

कोडरमा : रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में मतदान की उम्र सीमा पर वाद-विवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय के बहुउद्देशीय सभागार में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में सत्रः 2022-24 व 2023-25 सत्र के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य व सहायक प्राध्यापक द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर व द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार ने प्रशिक्षुओं को मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदान हमारा अधिकार है। इससे हम भारत के लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मौके पर सहायक प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार, राजेश पांडेय, मो. सेराज, विनोद यादव, रविभूषण सिंह, अनिल कुमार, डॉ. मैनोज विश्वकर्मा, सैयद खुर्शीद अली, शिक्षकेत्तर कर्मचारी मिथलेश कुमार, शाहिद खान, सेंटु कुमार, गौरव कुमार कुंदन कुमार, सहित प्रशिक्षुगण मौजूद रहे।01

यात्रियों की सुविधा को ले धनबाद, गोमो, कोडरमा के रास्ते हावड़ा- इंदौर के बीच आज चलेगी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

उज्जवल दुनिया संवाददाता

झुमरीतिलैया : यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर उनके सुविधा एवं सुगम आवागमन हेतु हावड़ा- इंदौर के मध्य एक फेरा विशेष ट्रेन चलायी जाएगी।

- **गाड़ी संख्या 09335/ 09336 इंदौर- हावड़ा- इंदौर स्पेशल (उज्जैन- बीना- मैहर- माणिकपुर- प्रयागराज छिवकी- डीडीयू- गया- कोडरमा- पारसनाथ- गोमो- धनबाद- आसनसोल के रास्ते):-**
- गाड़ी संख्या 09335 इंदौर- हावड़ा स्पेशल दिनांक 03.05.24(शुक्रवार) को इंदौर से 22.30 बजे खुलकर शनिवार को 23.33 बजे कोडरमा पहुंचेगी और यहाँ से 23.35 बजे आगे के प्रस्थान करेगी, रविवार को 00.20 बजे पारसनाथ पहुंचेगी और यहाँ से 00.25 बजे आगे के प्रस्थान करेगी। 00.40 बजे गोमो पहुंचेगी और यहाँ से 00.45 बजे आगे के प्रस्थान करेगी, 01.20 बजे धनबाद पहुंचेगी और यहाँ से 01.30 बजे आगे के प्रस्थान करेगी एवं रविवार को 06.00 बजे हावड़ा पहुंचेगी ।
- कक. गाड़ी संख्या 09336 हावड़ा- इंदौर स्पेशल दिनांक 05.05.24(रविवार) को हावड़ा से 17.40 बजे खुलकर 22.10 बजे धनबाद पहुंचेगी और यहाँ से 22.20 बजे आगे के प्रस्थान करेगी, 22.45 बजे गोमो पहुंचेगी और यहाँ से 22.50 बजे आगे के प्रस्थान करेगी, 23.03 बजे पारसनाथ पहुंचेगी और यहाँ से 23.05 बजे आगे के प्रस्थान करेगी, 23.50 बजे कोडरमा पहुंचेगी और यहाँ से 23.52 बजे आगे के प्रस्थान करेगी एवं मंगलवार को 00.50 बजे इंदौर पहुंचेगी । यह जानकारी वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमरेश कुमार ने दी।वहीं उन्होंने यह भी बतलाया कि कोडरमा के रास्ते 4 मई से 29 जून तक प्रत्येक शनिवार को चलने वाली समर स्पेशल ट्रेन संख्या 08623 और 08624 इस्लामपुर रांची स्पेशल विशेष फेरे को रद्द कर दिया गया है।

प्रवक्ता आरके बसंत ने लोकसभा के पार्टी उम्मीदवार अजय कृष्ण नामांकन दाखिल करने पर खुशी व्यक्त की

उज्जवल दुनिया संवाददाता

कोडरमा : सूचना अधिकार मंच सचिव सह मूलनिवासी समाज पार्टी के प्रवक्ता आरके बसंत ने लोकसभा के पार्टी उम्मीदवार अजय कृष्ण, प्रदेश प्रभारी महेंद्र यादव के साथ गिरीडीह उपायुक्त के समक्ष नामांकन दाखिल करने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इस बार यहां की जनता एक कद्दावर एवं झारखंड आंदोलनकारी को अपना आशीर्वाद देगी। अजय कृष्णा लगातार जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते आए हैं चाहे वह बंद हो गये क्रसर, ढिबरा या ब्लू स्टोन हो, यही नहीं डोमचांच थाना

प्रभारी द्वारा अर्जुन साव की हत्या कर देने के खिलाफ लगातार मुखर रहे। दुर्भाग्य है कि आज तक जितने भी विधायक एवं सांसद रहे कोडरमा को विकास से अछूता रखा और लाखों लोगों को बेरोजगार कर दिया। अजयकृष्ण का जनता से वादा है कि अगर एक मौका मिला तो बरियारडीह में रेल वैगन कारखाना एवं तीसरी क्षेत्र में आयुर्वेद महाविद्यालय की स्थापना की जाएगी एवं इस प्रकरण में कम से कम पचास हजार लोगों को रोजगार एवं नौकरी उपलब्ध करायी जाएगी। अब तो जनता को निर्णय लेना है कि विकास चाहिए या इसी तरह बेरोजगारी का दंश झेलती कोडरमा। गिरिडीह में नामांकन दाखिल करने में अधिवक्ता भोला शंकर, पवन मोदी, गौतम बरनवाल, रितेश कुमार, दुर्गा यादव, रूपलाल यादव, पिंटू यादव, बजरंगी यादव, बिरजू राम, रामचंद्र राम, नरेंद्र कुमार, आकाश देव, जग्गू प्रसाद, सोनू कुमार, सावित्री देवी सहित कई शामिल हुए।

प्रथम दिवस का पोस्टल बैलेट का प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

उज्जवल दुनिया संवाददाता

कोडरमा : अभियंत्रण महाविद्यालय बाँगीटाड़ मे पोस्टल बैलेट का प्रशिक्षण उप विकास आयुक्त ऋतुराज के निर्देशन मे प्रथम दिवस का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षक रामचन्द्र ठाकुर, विवेक रंजन, नरेश प्र.यादव ने क्रमशः मतदान पदाधिकारी 1,2 ,3 और रवि कान्त कु रवि अनुप्रमानण पदाधिकारी के रुप मे पोस्टल बैलेट का डेमो करवाये। उदय कु सिंह ने डेमो प्रक्रिया का विस्तृत बखान किये ।साथ ही सहायक अर्थशास्त्री सन्नी कुमार विडीयोग्राफी भी किये।

प्रशिक्षण प्रशिक्षक सुदीप सहाय ने पोस्टल बैलेट, 13 क ख, ग, घ प्रपत्र की जानकारी दिये। प्रशिक्षक मनोज चौरसिया, दिलिप कु वर्णवाल, अश्विनी तिवारी, राजेश्वर पाण्डेय, संजय सुमन, विवेक रंजन, माधव कुमार, सत्यजीत हिमवान साथ ही विधि व्यवस्था मे प्रेम नारायण मेहता कार्मिक कोषांग और प्रशिक्षण कोषांग के कर्मी उपस्थित रहे ।

महिला विकास समिति की ओर से आदिवासी समाज के बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था

उज्जवल दुनिया संवाददाता

कोडरमा : महिला विकास समिति कोडरमा की ओर से समाज कल्याण की दिशा में लगातार कई अच्छे कार्य किए जा रहे हैं। जिसमें कोडरमा जिले के सलयटांड में पहला ट्राइबल स्कूल चलाया जा रहा है। वहीं इस स्थान पर पिछले दो साल से अधिक समय से निःशुल्क शिक्षा भी बच्चों को दी जा रही है। बता दें की जिस जगह ये स्कूल संचालित हो रहे है, वहां ना तो पीने के पानी की पुख्ता व्यवस्था है,ना ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है और ना ही कोई रहन सहन और पठन पाठन की पुख्ता व्यवस्था है। वहीं इन सब समस्याओं को देखते हुए महिला विकास समिति की ओर से यहां अपने स्तर से बच्चों और आदिवासी समाज के कल्याण के लिए सुविधाए उपलब्ध कराई जा रही हैं। वहीं महिला विकास समिति की सचिव मनीषा झा ने कोडरमा जिले में रौनक कुमार यादव को जिला समन्वयक के पद पर नियुक्त किया। इस दौरान रौनक ने कहा की जिले के केवल एक हिस्से को लोग जानते है, जिले में ऐसे भी स्थान है जहां कुछ भी सुविधाए उपलब्ध नहीं हैं, लोगो को इन सभी सामाजिक कार्य में भागीदारी लेनी चाहिए। जिससे समाज का कल्याण हो सके। वहीं मौके पर दीपक कुमार, फूलजोशी, मधुमिता मिस्त्री, महिला विकास समिति की सचिव मनीषा झा के साथ उनकी मां आशा झा और दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

झांसी की रानी अखाड़ा समिति ने सम्मान समारोह का किया आयोजन

उज्जवल दुनिया संवाददाता

झुमरीतिलैया :- झांसी की रानी अखाड़ा समिति के द्वारा ग्रांड सूर्या होटल के प्रांगण में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता योगाचार्य सुषमा सुमन ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर श्री सुखदेव जी महाराज एवं विशिष्ट अतिथि डॉक्टर जेपीएन बर्णवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन महामंडलेश्वर सुखदेव जी महाराज, डॉक्टर जेपीएन, सुषमा सुमन, डॉ.नीरज साह, प्रदीप कुमार सुमन,गायत्री देवी, सुभाष बर्णवाल, गोपाल शर्मा, रामचंद्र यादव, विजय बर्णवाल संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर सुखदेव जी महाराज ने कहा कि आज का दृश्य अद्भुत है नारी शक्ति भारत

माता के लिए गर्व की बात है, आज हमें बहुत सौभाग्य प्राप्त हुआ की महिला अखाड़ा समिति के प्रतिभागीयों को सम्मान करने का मौका मिला।इस कार्यलरम में सभी उम्र के मातृशक्ति ने भाग लिया। और झंडा चौक पर अच्छा खेल का प्रदर्शन दिखाया। निश्चित है नारी शक्ति अपने आप में सुरक्षा महसूस करेगी। और दूसरे का भी सेवा के साथ रक्षक भी बनेगी। यह शुरूआत के पल है आगे यह और भी मजबूत होगा। सुषमा सुमन को मैं बहुत-बहुत बधाई देता हूँ।जिन्होंने यह बीड़ा उठाई है ओर वह कार्य मे जरुर सफलता पाएगी। और उन्होंने सभी प्रतिभागी को बधाई दिए। डॉक्टर जेपीएन बर्णवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि कोडरमा जिला के लिए बहुत सुंदर कार्य हो रहा है बेटी से लेकर मातृशक्ति तक लाठी चलाना, तलवार चलाने के अभ्यास करना अपने आप में गर्व महसूस करती होगी। सभी नारी शक्ति में झांसी की रानी का प्रारूप है यह छुपा हुआ हुनर है। सुषमा सुमन ने हिम्मत जुटा करके यह

कार्य की शुरूआत की है। हम लोग सभी सहयोग करेंगे। झांसी की रानी अखाड़ा समिति को प्रत्येक गांव तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।आज बच्चे,पुरुष के साथ बहनों लोग हर कार्य में बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रही है। चाहे अंतरिक्ष पर जाने को हो या हवाई जहाज चलाने के लिए पायलट की जरूरत हो। रेल गाड़ी चलाने की जरूरत हो,या डॉक्टर की बात हो या इंजीनियरिंग की बात हो। हर वर्ग में बहन लोग आगे आ रही है।मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि को अंग वस्त्र और लाठी देकर सम्मानित किया गया।और सभी प्रतिभागी को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वहीं झांसी की रानी अखाड़ा समिति के द्वारा सुषमा सुमन को तलवार देखकर सम्मानित किया गया। सुषमा सुमन ने कहा कि परमात्मा ने जिस काम के लिए धरती पर भेजे हैं वह काम पूरा करेंगे। लगभग 1000 महिला को कोडरमा जिला में तलवार और लाठी चलाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। और अगले साल रामनवमी के दिन लगभग 200 प्रत्याशी भाग लेंगे।और साभी प्रखंड और पंचायत गांव में यह कार्यक्रम कराया जाएगा। सुषमा सुमन को मोदी बर्णवाल महिला समिति के द्वारा भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित करने वालों में गायत्री देवी,लक्ष्मी बर्णवाल, फूल कुमारी, सुधारानी, पुष्पा देवी के नाम शमिल है। मंच संचालन करते हुए योगी प्रदीप कुमार सुमन ने कहा कि 17 अप्रैल रामनवमी के दिन 20 प्रतिभागी अखाड़ा के मैदान में उतरे थे। आज के कार्यक्रम में भाग लेते हुए विनीत कुमार, सुभाष मोदी, रूबी देवी, रामचंद्र यादव, महेश मोदी, शीतल देवी, विजय बर्णवाल, भुवनेश्वर मोदी, मुरली मोदी, सुभाष गुप्ता, गौरी शंकर, राजेश वर्मा, राजन कुमार, सुभाष वर्मा, राजेश यादव, देव कुमार, रवि वर्मा के साथ लगभग सैकड़ो की संख्या लोग उपस्थित थे।

घायल संतोष साव के परिजन से मिले पूर्व सांसद

छतरपुर (उज्ज्वल दुनिया)। दो दिन पहले छतरपुर थाना के पीछे दो अज्ञात युवक के द्वारा खाटीन निवासी खैनी विक्रेता संतोष साव को गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। घायल संतोष साव अभी रांची के मेडिका अस्पताल में इलाजरत हैं। इस बीच भाजपा नेता सह पूर्व सांसद मनोज कुमार ने घायल संतोष साव के परिजनों से मुलाकात की और पूरी घटना की जानकारी ली। उन्होंने छतरपुर डीएसपी नौसाद आलम से भी बात की और अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। छतरपुर डीएसपी नौसाद आलम ने पूर्व सांसद मनोज कुमार को आश्वस्त किया कि बहुत जल्द आपराधी पुलिस गिरफ्त में होंगे। मौके पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष अजीत प्रजापति, भाजपा नेता जीतेन्द गुप्ता, नसरुल्लाह अंसारी, अनिल सिंह, संतोष गुप्ता, जगदीश यादव, पंकज गुप्ता, मनोज गुप्ता और संतोष साव समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

संतोष प्रसाद गोली कांड का पुलिस को सफलता

दो अपराधी गिफ्तार, हथियार और कारतूस बरामद

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

छतरपुर (उज्ज्वल दुनिया)। छतरपुर थाना क्षेत्र के खाटिन बालिका मध्य विद्यालय के समीप 29 अप्रैल को व्यवसाई संतोष प्रसाद को गोली मारने की घटना में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने इस घटना में शामिल दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास दो देसी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस भी बरामद किये गये हैं। छतरपुर के एसडीपीओ नौशाद आलम ने पत्रकारों को बताया कि घटना के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया था। छापेमारी दल ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर घटना में संलिप्त आशुतोष कुमार उर्फ बूटा और रौशन सिंह को गिरफ्तार किया गया। एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार अपराधकर्मियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त दो देसी कट्टा, तीन जिन्दा कारतूस और चार मोबाइल फोन बरामद किये गये। छापेमारी दल में एसडीपीओ नौशाद आलम के अलावा पुलिस निरीक्षक द्वारिका राम, थाना प्रभारी राजेश रंजन, पुलिस अवर निरीक्षक अनिक कुमार रजक, राहुल कुमार, निखिल कुमार चैरसिया, इन्द्रजीत कुमार राणा, अशोक टोप्पो, सुनील उराव, आरक्षी सचिदा कुमार पासवान, अख्तर अंसारी, सुभाष कुमार और उमर हुसैन भी मौजूद थे।.

युवा कसौधन वैश्य समिति ने किया पनशालाओं का शुभारंभ

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। तपती गर्मी में राहगीरों को राहत प्रदान करने के लिए युवा कसौधन वैश्य समिति ने चैनपुर में दो स्थानों पर पनशाला की शुरुआत की। पहला पनशाला चैनपुर के क्रांति मोड पर ओमकार कश्यप के दरवाजे पर खोला गया, जिसका शुभारंभ कसौधन सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिल कुमार कश्यप व वरिष्ठ सदस्य रवीन्द्र आर्य के द्वारा संयुक्त रूप से एवं दूसरी पनशाला चैनपुर ब्लॉक के समीप अशोक कश्यप के नवनिर्मित मकान के सामने शुरु किया गया है, जिसका शुभारंभ समिति के अध्यक्ष दिलीप कुमार कश्यप के द्वारा फीता काटकर एवं राहगीरों को मुरब्बा खिलाकर और पानी पिलाकर किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष दिलीप कश्यप ने कहा कि

प्यासे को पानी पिलाने से बडा कोई पुण्य कार्य कोई और नहीं है। ट्रस्ट के अध्यक्ष ने कहा कि पानी पिएं लेकिन इसे बर्बाद न करें। इस अवसर पर समिति के सचिव रौशन कश्यप, कोषाध्यक्ष पंकज कश्यप, उपाध्यक्ष रूपेश कश्यप, विशेष सलाहकार अनिल कश्यप, वरिष्ठ सदस्य भरत प्रसाद आर्य, शम्भू कश्यप, सूर्यमल कश्यप, सक्रिय सदस्य सुमित कश्यप, छोटू कश्यप, मुकेश कश्यप, प्रिंस कश्यप, हर्ष कश्यप समेत कई लोग उपस्थित थे।.

सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगो को जागरूक करना चलंत लोक अदालत का मुख्य उद्देश्यः पीडीजे

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों को कानून के प्रति जागरूकता लाना ही चलंत लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य है। उक्त बातें पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने कही। उन्होंने बुधवार को झालसा के निर्देशानुसार जस्टिस ऑन ह्वील न्याय रथ कार्यक्रम का उदघाटन हरी झंडी दिखाकर किया। विदित हो कि न्याय रथ चलन्त लोक अदालत का आयोजन पलामू जिले में एक मई से 31 मई 2024 तक निर्धारित किया गया है।न्याय रथ रवाना करते हुए पीडीजे ने कहा कि आमलोग न्याय रथ के माध्यम से भी आवेदन देकर अपनी समस्या जिला विधिक सेवा प्राधिकार तक पहुंचा सकते हैं। जिला विधिक सेवा

प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि न्याय रथ के माध्यम से पलामू में एक मई से 31 मई तक विभिन्न प्रखंडो में घूम घूम कर जनता के छोटी मोटी कानूनी समस्या का निवारण किया जायेगा। जरूरतमन्दों के आवेदन लेकर उचित माध्यम से समस्या का समाधान किया जाएगा। इस दौरान जागरूकता सम्बंधित पम्पलेट का भी वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चलंत वाहन में लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता, पीएलभी के अलावा एनजीओ से जु? लोग रहेंगे। इस मौके पर डीजे अभिमन्यु कुमार, प्रेम नाथ पाण्डे, शंकर महाराज, स्वेता ढींगरा, ऐसा खान, सीजेएम आनंद सिंह, सन्दीप निशित बारा, शिखा अग्रवाल, अमित गुप्ता, निशिकांत, परमानंद उपाध्याय, स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक गुप्ता, अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष विनोद तिवारी, महासचिव अजय कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष जय किशोर पाठक, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, पीएलभी मुनेश्वर राम, सुचिता एक्का, नई दिशाएं के सचिव इंदु लेखा भगत, अधिवक्ता संजय कुमार पांडेय, प्रकाश रंजन समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।.

सीएम एक्सीलेंस केजी स्कूल की 45 में से 38 छात्राएं फेल

कॉपी रिचेक की मांग को लेकर छात्राओं ने उपायुक्त से लगायी गुहार

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। सीएम एक्सीलेंस केजी स्कूल की 45 में से 38 छात्राएं 12वीं साइंस की परीक्षा में फेल हो गई हैं। सभी छात्राएं कॉपी रिचेक की मांग को लेकर गुरूवार को समाहरणालय पहुंची और डीसी से मिलकर गुहार लगाई। बताते चलें कि जैक द्वारा दो दिन पहले ही इण्टर की तीनों संकाय का रिजल्ट जारी किया गया है। सीएम एक्सीलेंस केजी स्कूल से 45 छात्राओं ने साइंस की परीक्षा लिखी थी, जिसमें से मात्र सात ही पास हुई हैं। अन्य 38 फेल हो गई हैं। किसी छात्र को तीन तो किसी छात्र को चार नंबर आया है। ऐसे में रिजल्ट पर असंतोष जताते हुए सभी फेल छात्राएं समाहरणालय पहुंच गई। मामले से जिले के उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त शशि रंजन ने मामले में जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा को जानकारी देते हुए

कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने छात्राओं से आवेदन लेकर जैक को अग्रसारित कर दिया है। नियमानुसार ऐसे मामलों में उत्तर पुस्तिका की स्क्रूटनी की जाती है, लेकिन सभी छात्राएं कॉपी रिचेक की मांग पर अ?ी हैं। साथ ही किसी तरह का शुल्क भी नहीं लेने का आग्रह किया है। छात्राओं का कहना है कि 11वीं की परीक्षा में उन्होंने ब?िया नंबर लाया था। 12वीं की परीक्षा में सभी को फेल कर दिया गया है। नंबर बहुत कम मिला है, जिससे असंतोष की भावना बनी हुई है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने भी माना कि जिस तरह से नंबर छात्राओं का आया है उससे संदेह की स्थिति बन रही है। प्रायोगिक परीक्षा में सभी छात्राओं का प्रदर्शन बेहतर है। छात्राओं का आवेदन जैक को भेज दिया गया है। वहां से जो निर्णय होगा, उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अभाविप ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा मेदिनीनगर नगर मंत्री रामाशंकर पासवान की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता अभियान का कार्यक्रम गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय के छात्रों के बिच,मेदिनीनगर स्थित रिवर फ्रंट पर रंगोली बनाकर आम जनों को जागरूक किया गया। साथ ही शहर के व्यवसाय के बीच में भी मतदान करने हेतु लोगों से निवेदन किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदान प्रतिशत बडढाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पलामू जिले के सभी प्रखंडो में मतदाता जागरूकता अभियान चलाएगी। उक्त अवसर पर उपस्थित परिषद के राष्ट्रीय प्रादेशिक विश्वविद्यालय सहसंयोग विनीत

पांडे ने कहा कि राष्ट्र के उत्थान हेतु,राष्ट्र को पुनः विश्व गुरु बनाने हेतू,नेशन फर्स्ट वोटिंग मस्ट के स्लोगन को ध्यान में रखते हुए हम सभी सशक्त सरकार बनाने हेतू पूरे जिले में पूर्व की अपेक्षा इस वर्ष अधिकतम मतदान केंद्रो पर अधिकतर मतदान हो इसको लेकर परिषद के कार्यकर्ता पूरे जिले में मतदाता जागरूकता अभियान का कार्यक्रम जोरो कर रहे हैं। परिषद के कार्यकर्ता आम आवाम से आग्रह कर रहे हैं कि मतदान के दिन अपने मत का प्रयोग निश्चित रूप से करें। उक्त अवसर पर उपस्थित परिषद की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गीतांजलि कुमारी ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि हम सत प्रतिशत मतदान करेंगे।..

सीता नवमी महोत्सव 12 से 19 तकः विहिप

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। विश्व हिंदू परिषद जिला कार्यालय में विश्व हिंदू परिषद - बजरंग दल और संबंधित आयामों के प्रमुखों की एक बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने की जबकि संचालन जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 12 मई से 19 मई तक सीता नवमी महोत्सव जिले के सभी प्रखंडों में मातृ शक्ति और दुर्गा वाहिनी की बहनों के नेतृत्व में भव्य रूप से आयोजित किया जायेगा। उसके पहले जहां मातृ शक्ति और दुर्गा वाहिनी का गठन अभी तक नहीं हो पाया है, वहां दोनो आयामों का अनिवार्य रूप से गठन कर लिया जाएगा। परिषद शिक्षा वर्ग, बजरंग दल शौर्य प्रशिक्षण वर्ग और मातृशक्ति- दुर्गा वाहिनी प्रशिक्षण शिविर में जाने वाले सदस्यों की सूची शुल्क सहित शीघ्र जमा करने का निर्देश सभी को दिया गया। विहिप का प्रशिक्षण वर्ग 6 जून से 15 जून और बजरंग दल का प्रशिक्षण वर्ग 8 जून से 15 जून तक गिरिडीह के पारस नाथ में आयोजित हो रहा है। इसी तरह मातृ शक्ति और दुर्गा वाहिनी का प्रशिक्षण वर्ग 10 जून से 15 जून तक गुमला में होगा। बैठक में जिला अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनामिका सिंह, उपाध्यक्ष अजीत पाठक, जिला मंत्री दामोदर मिश्र, सह मंत्री अमित तिवारी, मातृ शक्ति संरक्षक उमा शुक्ल, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप प्रसाद ।

कई महिलाओं ने थामा झामुमो का दामन

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। झामुमो पलामू के स्थानीय जिला कार्यालय में बुधवार को आयोजित एक कार्यक्रम में कई महिलाओं ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। इस मिलन समारोह की अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने की जबकि कार्यक्रम का संचालन झामुमो नेता अविनाश देव ने किया। इस कार्यक्रम में इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी ममता भुइयां भी उपस्थित थीं। कांति चंद्रवंशी और बिन्दु देवी के नेतृत्व में आई सभी महिलाओं को महिला मोर्चा की अध्यक्ष सुशीला मिश्रा ने झामुमो का अंगवस्त्र दे कर पार्टी में शामिल कराया। मिलन समारोह को सम्बोधित करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि महिलाएं घर ही नहीं देश भी चलाना जानती हैं। आज जब हमारे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल में हैं तब उनकी धर्मपत्नी कल्पना सोरेन पार्टी को मजबूती से



नेतृत्व प्रदान कर रही हैं। इस कार्यक्रम में केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी, मुन्ना सिन्हा, उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा, कमाल खान, वरिष्ठ नेता हाजी ललन, युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, अल्पसंख्यक नगर अध्यक्ष सोनम खान, संगठन सचिव नवीन सिन्हा, नगर सचिव छोटू त्रिपाठी, युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष राजिया नियाजी समेत कई पार्टी नेता मौजूद थे। झामुमो में शामिल होने वाली महिलाओं में मंजू कुमारी, सोनी गुप्ता, सुशीला देवी, सीमा देवी, बिंदु देवी, संध्या देवी, उमा देवी, ममता देवी, सुलेखा देवी, तमन्ना कुमारी, आयुषी कुमारी, समीना देवी, सीमा देवी, प्रभा देवी, उषा देवी, जुबैदा बीबी, कौशर प्रवीण, जुलेखा बीबी, निकी देवी, ललिता देवी, चंदा देवी, रिंकी देवी, गुलाबी देवी, नीलम देवी के नाम प्रमुख हैं।

एक-नजर

एमकेडीएवी के पांच छात्रों ने जेईई मेंस में प्राप्त की सफलता

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल के पांच छात्रों ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित देश की प्रतिष्ठित परीक्षा जेईई मेंस के द्वितीय चरण में शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इनमें राम रवि पांडे के पुत्र राज पांडे को 96.3, सुधीर कुमार शुक्ला के पुत्र रोहित कुमार को 94.73, मंसूर आलम के पुत्र मुंसत मंसूर को 94.88, वीरेंद्र नाथ मिश्रा के पुत्र आयुष मिश्रा को 77.02 एवं राजेश कुमार जायसवाल की पुत्री सृष्टि कुमारी पुत्री को 75.019 परसेंटाइल के साथ जेईई एडवांस में बैठने की योग्यता प्राप्त कर ली है। इनमें से आयुष मिश्रा एवं सृष्टि कुमारी ने इसी वर्ष 12वीं की परीक्षा दी है। साथ ही साथ इस प्रतियोगी परीक्षा में भी सफलता प्राप्त की है। जबकि अन्य छात्रों ने एक वर्ष तक स्वाध्याय किया और घर पर ही तैयारी कर यह शानदार सफलता पाई है। छात्रों ने बताया कि उन्होंने 11वीं कक्षा से ही इस प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करनी शुरु कर दी थी। सफल छात्रों को विद्यालय परिसर में ट्रॉफी देकर विद्यालय के प्राचार्य सह डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर जीएन खान ने सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय वरिष्ठ शिक्षक आलोक कुमार, करण सिंह, तुषार घोष, विक्रम चंदेल, मयंक कुमार, अपर्णा कुमारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका सुदेशना राय ने किया।..

संत मरियम विद्यालय के शिक्षकों ने लगाया चैपाल, मत प्रतिशत बढाने का लिया संकल्प

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत बढाने के लिए पलामू जिले में कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं। इस कडी में स्थानीय संत मरियम विद्यालय के शिक्षकों ने चैपाल कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान अपने-अपने बूथों पर शत-प्रतिशत मतदान कराने को लेकर सभी शिक्षकों ने संकल्प लिया। शिक्षकों को संबोधित करते हुए संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में ही हमारी आजादी है। लोकतंत्र जितना मजबूत होगा, हमारा देश उतना ही सशक्त होगा। अतः मतदान के दिन सारे काम-काज छोडकर पहले मतदान करें, तब जलपान करें, क्योंकि सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में मतदान का महादान करना अतिआवश्यक है। आगे उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में आस्था रखनेवाले हर नागरिक से अपील है कि आप मतदान अवश्य करें और देश को सशक्त और अखंड बनाने में अपनी महत्ती भूमिका निभाएं। हम मतदाताओं को न झांसे में पढने की जरूरत है, न बिकने की जरूरत है, बस निडर होकर मतदान करने की रूरत है। जब हम निष्पक्ष मतदान करेंगे, तब हमारा संविधान निष्पक्ष रूप से काम करेगा।

तृतीय चरण के चुनाव प्रशिक्षण की तैयारी पूरी, प्रशिक्षक हुए अपडेट

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। निष्पक्ष व त्रुटि रहित मतदान के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू श्री शशिरंजन के आदेशानुसार मतदानकर्मियों को तृतीय चरण का चुनाव प्रशिक्षण दिनांक 03 मई 2024 से 06 मई 2024 तक हेरिटेज स्कूल मेदिनीनगर में दिया जाना निर्धारित है। साथ ही दिनांक 03 मई 2024 को गिरिवर2 उच्च विद्यालय में सूक्ष्म प्रेक्षकों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसकी सफलता के लिए समाहरणालय के डीआरडीए ब्लॉक श्सीश् सभागार में मास्टर प्रशिक्षकों एवं जिला प्रशिक्षकों के लिए अभ्यास प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह ,अमरेन्द्र पाठक, प्रधान सहायक रामलखन राम, सौरभ कुमार सिन्हा व दिनेश चंद्र राम के द्वारा मास्टर प्रशिक्षकों को अपडेट किया गया। प्रशिक्षण में शंकाओं का समाधान किया गया तथा प्रशिक्षण की बारीकियों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण सेल के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त श्री रवि आनंद ने प्रशिक्षण में कोई कमी नहीं छोडने का निदेश दिया है।.

चलंत लोक अदालत मील का पथर साबित होगीः एलएडीसी चीफ

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। चलंत लोक अदालत जिले में मील का पथर साबित होगी। समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उनकी समस्याओं से रूबरू होना व समस्या का निदान करना ही चलंत लोक अदालत का मुख्य उदेश्य है। ये बातें लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द सिंह ने कहीं। वे बुधवार को सतबरवा बाजार टांड में चलंत लोक अदालत में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि न्याय सबके लिए जरूरी है। अब कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित नहीं रहेगा। इस मौके पर एलएडीसी के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि न्याय लोगों के द्वार पर मिल रहा है। कोई भी व्यक्ति चलंत लोक अदालत में अपनी समस्या रख सकता हैं। उन्होंने कहा कि न्याय पाने में अब गरीबी बाधक नहीं बनेगी। आपको केस लडने के लिए मुफ्त वकील की व्यवस्था दी जायेगी। साथ ही कोर्ट फीस भी दिए जाने का प्रावधान हैं। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्रधिकरण के माध्यम से पीडित प्रतिकर की राशि, कोर्ट फीस, मेडिएशन, लोक अदालत, लीगल एड डिफेंस कार्उसिल के माध्यम से आपराधिक केस लडने के लिए कार्उसिल के अधिवक्ता मुफ्त उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

मजदूर दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। मजदूर दिवस के अवसर पर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की जबकि संचालन संजय कुमार ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मौके पर मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि किसी भी राष्ट्र के विकास में श्रमिकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। श्रमिकों के कारण ही सुंदर समाज का निर्माण होता है। शिवनारायण साहू ने कहा कि श्रमिकों का शोषण ब?ता चला जा रहा है। सरकार को इस दिशा में पहल करनी चाहिए। श्रमिकों का शोषण बंद होना चाहिए। इस अवसर पर रामनरेश राम, सत्यम कुमार, जसवंत कुमार, दीपक कुमार, विशाल कुमार, सुधीर कुमार, विजय राम, श्याम पाठक, प्रद्युम्न तिवारी, राजू राम, उमेश पासवान, अनुज पासवान, सूरजमल राम, धर्मदेव राम, जयपाल मोची, संजय चैरसिया ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। उपेंद्र तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

चुनाव से पहले पलामू में माओवादियों ने की पोस्टरबाजी

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी ने पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र में पोस्टरबाजी की है। ये पोस्टर पंचायत भवन आंगनबाडी केंद्र समेत सरकारी भवनों पर लगाए गए हैं। पोस्टरबाजी की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पोस्टर जब्त कर लिया। पोस्टरबाजी हैदरनगर थाना क्षेत्र के बरेवा इलाके में की गई। भाकपा माओवादी ने पोस्टरबाजी में कई बातों का जिक्र किया है। पोस्टरबाजी में लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी नीतियों का जिक्र किया गया है। वहीं आरपीसी के गठन का भी जिक्र किया गया है।

दरअसल, पलामू में चैथे चरण में लोकसभा चुनाव होना है और 13 मई को वोटिंग होनी है। माओवादियों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराने के लिए ये पोस्टर लगाए हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान माओवादियों ने पलामू के हरिहरगंज में भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय को उडा दिया था। हुसैनाबाद के एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने कहा कि इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। नक्सलवाद समेत कई बिंदुओं पर अभियान चलाया जा रहा है। माओवादी अंतिम सांसें गिन रहे हैं।

उनकी पोस्टरबाजी से अब कोई फर्क नहीं पडने वाला है। पोस्टरबाजी करने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर रही है। हैदरनगर, मोहम्मदगंज, हुसैनाबाद और पांडू के सीमावर्ती इलाकों में पुलिस ने सर्च अभियान शुरू कर दिया है।

संपादकीय

कोरोना वैक्सीन पर राजनीति नहीं

कोरोना की कोविशील्ड वैक्सीन बनाने वाली ब्रिटिश कंपनी एस्ट्राजेनेका ने कोर्ट में माना है कि इस वैक्सीन से कुछ लोगों को दिल का दौरा और ब्रेन स्ट्रोक का खतरा है. यह वही वैक्सीन है जिसका भारत में बड़े पैमाने पर सीरम इंस्टीट्यूट के जरिए उत्पादन किया गया था. एक निजी संस्थान द्वारा उत्पादित वैक्सीन को न केवल सरकार द्वारा प्रचारित किया गया, बल्कि इसे आईसीएमआर द्वारा प्रमाणित और सुरक्षित भी बताया गया। जबकि सभी जानते हैं कि वैक्सीन का ट्रायल बहुत जल्दबाजी में किया गया था. क्लिनिकल और अन्य परीक्षणों की लंबी और वर्षों-लंबी प्रक्रिया को कुछ महीनों और हफ्तों में यह कहकर संक्षेप में प्रस्तुत किया गया कि यह समय की आवश्यकता थी। प्रधानमंत्री ने स्वयं सीरम इंस्टीट्यूट का दौरा किया और इसके एमडी अदार पूनावाला के साथ देश को वैक्सीन उत्पादन बढ़ाने का आश्वासन दिया। उन्होंने खुद भी टीका लगवाया और देशवासियों से भी टीका लगवाने की अपील की. इसके बाद कोवैक्सिन, कोरवेबेक्स जैसी कई अन्य वैक्सीन भी आईं और लगाई गईं। सरकार ने इसे बड़े पैमाने पर खरीदा और जनता को मुफ्त में सप्लाई किया। पूरे देश में टीकाकरण शिविर आयोजित किये गये। वैक्सीन लेने के लिए लोगों को लंबी लाइनों में खड़ा होना पड़ा. वैक्सीन प्रमाणपत्र वितरित किए गए और कई सरकारी सेवाओं के लिए यह प्रमाणपत्र अनिवार्य कर दिया गया। यह प्रमाणपत्र आज भी हम सभी के मोबाइल फोन या दराज में मौजूद है। ये सब हुए कई साल बीत गए. कोरोना की कभी-कभी छोटी लहर की चर्चा के अलावा कोई बड़ी लहर नहीं आई है. ऐसा लगता है कि वैक्सीन का असर हुआ है. कोरोना के नए-नए वेरिएंट आते हैं और बिना कोई खास असर दिखाए वापस चले जाते हैं. पुराने वेरिएंट को वैक्सीन से खत्म कर दिया गया है और इम्यूनिटी बढ़ने से नए वेरिएंट को अपनी ताकत दिखाने और बढ़ने का मौका नहीं मिल रहा है. लेकिन दूसरी ओर, अचानक दिल का दौरा, हार्ट अरेस्ट और ब्रेन स्ट्रोक के मामले बढ़ रहे हैं. आए दिन हमें ऐसी खबरें और वीडियो पढ़ने, देखने और सुनने को मिलते हैं. न केवल भारत में, बल्कि ब्रिटेन सहित अन्य देशों में भी, जहां कोविशील्ड का आविष्कार किया गया था। स्ट्रेजेनेका कंपनी ने इसे सबसे पहले कहां बनाया था और किन देशों से लाइसेंस या सहयोग लेकर अन्य देश और उनकी वैक्सीन कंपनियां इसका उत्पादन कर रही हैं। सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया इनका सबसे बड़ा उत्पादक है और इसकी बनी वैक्सीन पूरी दुनिया में सप्लाई होती है. लेकिन अब एस्ट्राजेनेका मुश्किल में है और उसकी परेशानी का साया सीरम इंस्टीट्यूट से लेकर भारत सरकार तक दिखाई दे रहा है. चूंकि इन दिनों भारत में लोकसभा चुनाव चल रहे हैं कोविशील्ड पर एस्ट्राजेनेका के कबूलनामे से विपक्ष को सरकार के खिलाफ नया हथियार मिल गया है. कोविशील्ड के बारे में खतरनाक तथ्य सामने आने से उन विपक्षी दलों को भी नई ताकत मिलेगी जिनके नेताओं ने शुरूआत में इस वैक्सीन का मजाक उड़ाया था और इसे बीजेपी की वैक्सीन बताकर इसे लगवाने से इनकार कर दिया था। हालाँकि बाद में जनता के दबाव में उन्होंने वैक्सीन लगवा ली, लेकिन कई आम लोगों की तरह वैक्सीन को लेकर उनका संदेह पूरी तरह खत्म नहीं हुआ था. इनमें समाजवादी पार्टी के प्रमुख का नाम प्रमुख है. उनकी पार्टी इस चुनाव में भारत गठबंधन का हिस्सा है। जब से एस्ट्राजेनेका द्वारा अदालत में वैक्सीन की खामियों को स्वीकार करना मीडिया में उजागर हुआ है, जिस महिला की कथित तौर पर कोविशील्ड लेने के बाद मृत्यु हो गई, उसके माता-पिता ने सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) के खिलाफ मामला दर्ज करने का फैसला किया है, जिसके एक दिन बाद भारत में वैक्सीन बेचने वाली एस्ट्राजेनेका ने अदालत में स्वीकार किया कि उनका कोविड शॉट एक दुर्लभ दुष्प्रभाव का कारण बन सकता है। . एस्ट्राजेनेका का कबूलनामा सामने आने के बाद अभिभावकों को न्याय की उम्मीद है. नीति आयोग के सदस्य डॉ. वीके पॉल ने एक सम्मेलन बैठक में कहा, सीरम इंस्टीट्यूट के कोविशील्ड के दुष्प्रभाव नगण्य से भी कम हैं। कोविड-19 एक घातक बीमारी है, और हम सभी को जीवन में बाद में अनावश्यक स्थितियों से बचने के लिए उचित सावधानी बरतनी चाहिए।

विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म कोरोना और कोविशील्ड को लेकर चचाओं से भर गए हैं। ऐसा लगता है मानों सबको अपना गुस्सा निकालने का मौका मिल गया हो. कोई इसके लिए एस्ट्राजेनेका और अदार पूनावाला को जिम्मेदार ठहरा रहा है तो कोई इसे चुनावी बांड चंदे और विदेश में कॉरपोरेट जगत के लालच से जोड़ रहा है. कोरोना महामारी को लेकर अब भी लोगों में संदेह होने लगा है। वे पूछ रहे हैं कि क्या यह पश्चिमी अमीरों और शासकों की कोई सुनियोजित साजिश नहीं थी? जिसके तहत जनसंख्या को कम करने और फामेर्सी, अस्पताल, बीमा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसे व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए दुनिया के करोड़ों लोगों को गिनी पिग बनाया गया और उनके जीवन और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया गया और इसके लिए चीन जिम्मेदार है।

आखिर क्यों नरेंद्र मोदी को देश तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहता है

प्रभात झा

21 अक्टूबर 1951 को जनसंघ की स्थापना हुई थी' 1952 में पहला आम चुनाव हुआ था और उस चुनाव में जनसंघ के तीन लोग जीते थे' कोलकाता दक्षिण पूर्व सीट से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, मिदनापुर-झारग्राम सीट से दुर्गा चरण बनर्जी और चित्तौड़, राजस्थान से उमाशंकर त्रिवेदी। जनसंघ के घोषणापत्र में मुख्यतः दो मुद्दे थे-देश में समान नागरिक संहिता लागू करना तथा जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को खत्म करना' चुनाव के बाद उस समय भी एनडीए बना तथा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रतिपक्ष के नेता बने' संसद में अपने भाषण में उन्होंनें धारा 370 को समाप्त करने की भी जोरदार वकालत की। अगस्त 1952 में जम्मू कश्मीर की विशाल रैली में उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त किया था कि ह्यया तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊंगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये अपना जीवन बलिदान कर दूंगाह्न। डॉ. मुखर्जी अपने संकल्प को पूरा करने के लिये 1953 में बिना परमिट लिये जम्मू-कश्मीर की यात्रा पर निकल पड़े। परमिट का नियम तोड़ते हुए उन्होंने हजारों प्रदर्शनकारियों के साथ 11 मई 1953 को जम्मू-कश्मीर में प्रवेश करने का निर्णय किया। जम्मू में प्रवेश करते ही तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के तानाशाही रवैये के कारण वहां की तत्कालीन शेख अब्दुल्ला सरकार ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। 23 जून 1953 को जेल में रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गयी। लेकिन जेल में उनकी मृत्यु ने देश को हिलाकर रख दिया और परमिट सिस्टम भी समाप्त हो गया।

जनसंघ का कारवां आगे बढ़ता गया' 1957 के आम चुनाव में जनसंघ को 4 सीटें मिली, 1962 में 14, 1967 में 35 और 1971 में 22 सीटें मिली' 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लागू कर दिया' आपातकाल का जनसंघ ने खुलकर विरोध किया' जनसंघ से जुड़े सभी नेताओं को इसके लिए जेल जाना पड़ा और यातनाएं सहनी पड़ी' इसमें सांस्कृतिक और राष्ट्रवादी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक भी प्रमुखता से शामिल थे ' 1977 में जनसंघ का जनता पार्टी में विलय हुआ लेकिन दोहरी सदस्यता(राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सदस्यता) को लेकर जनसघ के नेताओं ने जनता पार्टी से रिश्ता समाप्त कर नए राजनीतिक पार्टी के गठन का निर्णय लिया' भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने और पंच निष्ठाओं(राष्ट्रवाद, लोकतंत्र, सामाजिक और आर्थिक विषय पर गांधीवादी दृष्टिकोण,सकारात्मक पंथनिरपेक्षता और मूल्यों पर आधारित राजनीति) के आधार पर 6 अप्रैल, 1980 को अटल बिहारी वाजपेयी की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई। अपनी स्थापना के साथ ही पार्टी ने अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं लोकहित के विषयों पर मुखर रहते हुए भारतीय लोकतंत्र में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज की तथा भारतीय राजनीति को नए आयाम दिए।

1984 का आम चुनाव भारतीय जनता पार्टी के लिए पहला आम चुनाव था जिसमें पार्टी को 2 सीटें मिली' गुजरात की मेहसाणा से अशोक पटेल और आंध्र प्रदेश की हनमकोंडा सीट से जंगा रेड्डी' 1986 में लालकृष्ण आडवाणी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने और जून 1989 के पालमपुर अधिवेशन में पहली बार अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर के निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया' राममंदिर निर्माण को भारतीय जनता पार्टी ने अपने मुख्य राजनीतिक एजेंडे में रखा और अपने चुनावी घोषणा पत्र में शामिल किया' 1989 के आम चुनाव में 2 सीटों से बढ़कर भारतीय जनता पार्टी 85 सांसदों वाली पार्टी बन गई' मार्च 1990 में एक साथ भारतीय जनता पार्टी की तीन राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में सरकार बनी' भैरोंसिंह शेखावत राजस्थान, सुंदर लाल पटवा मध्य प्रदेश और शांता कुमार हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री बने' यह पहली बार था जब भारतीय जनता पार्टी का किसी भी राज्य में अपना मुख्यमंत्री बना था'25 सितंबर 1990 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर लालकृष्ण आडवाणी ने गुजरात के सोमनाथ से अयोध्या तक के लिए राम रथ यात्रा शुरू की' राम मंदिर के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के विचार को लेकर भारतीय जनता पार्टी भारत के घर-घर पहुंची' 1991 में पार्टी के अध्यक्ष मुरली मनोहर जोशी बने और 1991 के आम चुनाव में पार्टी की लोक सभा में सीटों की संख्या बढ़कर 85 से 120 पहुंच गई' 1996, 1998 और 1999 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी' अटल बिहारी वाजपेयी पहले 13 दिन फिर 13 माह के लिए प्रधानमंत्री बने और इसके बाद एक बार फिर साढ़े चार साल तक देश के प्रधानमंत्री रहे और देश के विकास को नई दिशा दी' भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं होने के कारण भले ही अटल बिहारी वाजपेयी अपनी विचारधारा के संकल्पों को साकार नहीं कर पाए, लेकिन एक समर्थ भारत का निर्माण कर बहुमत मिलने पर संकल्पों को साकार करने का आश्वासन देश को उन्होंने जरूर दिया' 2004 में मनमोहन सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए की सरकार आई, लेकिन 10 वर्षों में ह्यभ्रष्ट, कमजोर और पॉलिसी पैरालिसिसह्न उस सरकार की पहचान बन गई' देश की जनता ने संकल्प लिया और भारतीय लोकतंत्र ने एक सुनहरे भविष्य के लिए करवट लिया'12 वर्ष गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए नरेंद्र मोदी ने देश और दुनिया को एक ऐसा विकास मॉडल दिया जिसे गुजरात का विकास मॉडल के रूप में जाना जाने लगा' भारत के जनमानस और भारतीय जनता पार्टी ने उनमें भविष्य के भारत को देखा' 2013 के गोवा अधिवेशन में भारतीय जनता पार्टी के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने नरेंद्र मोदी को 2014 के लोक सभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी चुनाव अभियान का प्रमुख बनाने की घोषणा की' बाद में उन्हें प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार भी घोषित किया गया' 2014 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को 282 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत मिला' देश की जनता द्वारा इतिहास रचा गया' नरेंद्र मोदी पहली बार पूर्ण बहुमत वाली गैर-कांग्रेसी किसी पार्टी के प्रधानमंत्री बने' इसके बाद पार्टी की एक के बाद एक कई राज्यों में सरकार बनती गईं' मार्च 2018 तक बीजेपी 21 राज्यों तक पहुंच चुकी थी' 2019 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने 2014 से भी बड़ी और ऐतिहासिक जीत हासिल की' इस चुनाव में पार्टी ने 303 सीटें जीतीं और यह पहली बार था ।

स्वास्थ्य सेवा आंतरिक मानवाधिकार है

नीरज कृष्ण

ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेने का द्वारा विकसित और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा निर्मित कोविशील्ड वैक्सीन, कोविड-19 महामारी के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में आशा की किरण बनकर उभरी थी

भारत संयुक्त राष्ट्र संध द्वारा सार्वभैमिक अधिकारों की घोषणा 1948 के अनुच्छेद-25 का हस्ताक्षरकर्ता है, जो अपने नागरिकों को भोजन, कपड़े, आवास,चिकित्सा देखभाल और अन्य सामाजिक सेवाओं के माध्यम से स्वास्थ्य कल्याण के लिए जीवन स्तर का अधिकार देता है। संविधान के भाग-3 मी अनुच्छेद 12 से 35 तक नागरिकों को छह मौलिक अधिकार दिये गये हैं। इसमें अनुच्छेद 21 में स्वास्थ्य का अधिकाए है।

ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेने का द्वारा विकसित और सीरम इंस्टीट्यूट आफ इंडिया द्वारा निर्मित कोविशील्ड वैक्सीन, कोविड-19 महामारी के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में आशा की किरण बनकर उभरी थी। हालाँकि, व्यापक टीकाकरण अभियानों के बीच, यह विवाद से रहित नहीं रहा है। प्रभावकारिता संबंधी चिंताओं से लेकर नियामक मुद्दों तक, कोविशील्ड वैक्सीन खुद को विभिन्न बहसों के बीच में पाया है।कोविशील्ड वैक्सीन से जुड़ा प्राथमिक विवाद इसकी प्रभावकारिता के इर्द-गिर्द घूमता है।

इस वैक्सीन के करीब 175 करोड़ डोज लोगों को दिए जा चुके हैं। संभावना व्यक्त की जा रही है कि कोविड-19 के बाद हार्ट अटैक से लोगों के मरने की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है। यहां तक कि युवाओं में भी हार्ट अटैक के कई मामले देखने को मिले हैं। अब जबकि कोविशील्ड के निमार्ता कंपनी ब्रिटिश फार्मा एस्ट्राजेनेका ने यूके की कोर्ट में स्वीकार किया था कि उसकी कोविड वैक्सीन के रेयर साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। कंपनी ने कहा था कि कोविशील्डएक ऐसी स्थिति का कारण बन सकती है, जिससे खून के थक्के जम सकते हैं और प्लेटलेट्स की संख्या कम हो सकती है।

कोरोना वैक्सीन से हार्ट अटैक के खतरों के बीच ब्रिटेन की फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका का बयान सामना आया है। कंपनी ने कहा कि मरीजों की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है। एस्ट्राजेनेका के प्रवक्ता ने कहा, हमारी संवेदनाएं उन लोगों के साथ है जिन्होंने वैक्सीन की वजह से अपनों को खो दिया या जिन्हें बीमारियों का सामना करना पड़ा।

हालांकि, पूर्व वैज्ञानिक रमन गंगाखेडकर ने कहा है कि 10 लाख में से सिर्फ 7-8 लोगों को ही कोवीशील्ड की वजह से साइड इफेक्ट या थ्रॉम्बोसिस थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम होने का खतरा है। उन्होंने कहा, वैक्सीन की पहली डोज के बाद साइड इफेक्ट का खतरा ज्यादा होता है। वहीं दूसरी और तीसरी डोज के बाद यह न के बराबर हो जाता है।

एक ऐसी दुनिया की कल्पना करें जहां हर किसी को उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना स्वास्थ्य सेवाओं तक समान पहुंच प्राप्त हो। यह दृष्टिकोण कई लोगों के लिए एक दूर की वास्तविकता बनी हुई है, खासकर विकासशील देशों में जहां स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियां कम वित्तपोषित हैं और सबसे कमजोर आबादी के लिए पहुंच से बाहर हैं।

स्वास्थ्य को मौलिक अधिकार के रूप में समझने के लिए सरकारों और नीति निमार्ताओं को जवाबदेह बनाना भी आवश्यक है। इसके लिए स्वास्थ्य देखभाल के लिए पर्याप्त संसाधन आवंटित करने, सार्वजनिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने वाली नीतियां बनाने और आवश्यक सेवाओं तक समान पहुंच सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। नागरिक समाज हाशिये पर मौजूद समुदायों के अधिकारों की वकालत करने और सत्ता में बैठे लोगों को उनके कार्यों के लिए जवाबदेह बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

संविधान के भाग-4 द्वारा प्रदत्त राज्यनीति के निदेशक तत्व अनुच्छेद 38, 39, 42, 43 और 47 ने स्वास्थ्य केअधिकारों की प्रभावी प्राप्ति सुनिश्चितकरने के लिए राज्यों को दिशानिर्देशितकिया है। सुप्रीम कोर्ट ने परमानंद कटाराबनाम संघ, 28 अगस्त 1989 एआईआर 2039, एससीआर(3) 997 मेंन्यायधीश रंगनाथ मिश्रा द्वारा दिये आदेशमें कहा गया है कि डॉक्टर चाहे सरकारीहो या गैर सरकारी, यह उसका दायित्व है कि वे पहले एक्सिडेंटल, मेडिकल या मैटरनिटी इमरजेंसी में मरीजका इलाज किया करें। बिना किसीकानूनी औपचारिकता को प्रतीक्षा के उसेचिकित्सा सुविधा प्रदान करे। ऐसा नहींकरने पर मेडिकल नेगलिजेंस काक्रिमिनल केस बनेगा। नेशनल लॉंकमीशन ने 2006 में अपनी 201वींरिपोर्ट में केंद्र को सुझाव दिया है, जिसमेंइलाज में मना करने पर डॉक्टरों औरअस्पतालों पर स्टेट मेडिकल काउंसिलकी रिपोर्ट अनुसार कार्यवाही काप्रावधान है।

पश्चिम बंगाल खेत मजदूर समितिमामले में 1996(4) एसएससी 37 मेंसुप्रीम कोर्ट ने कहा है-एक कल्याणकारीराज्य में सरकार का प्रथम कर्तव्यनागरिकों का कल्याण सुनिश्चित करनाऔर लोगों को पर्याप्त चिकित्सा सुविधाप्रदान करना है, जिसमें चिकित्सा का भारव्यक्ति की गरीबी पर ना पड़े।

इसी संबंधमें 2011 में दिल्ली हाइकोर्ट में केंद्रसरकार ने हलफनामा दिया था किनागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्धकराना उनकी जिम्मेदारी है। कोरोनाकाल के बीच 18 दिसंबर 2020 कोसुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अशोक भूषण, जस्टिस आर सुभाष रेड्ठी और जस्टिसएमआर शाह ने केंद्र सरकार से कहा किस्वास्थ्य का अधिकार में सस्ती चिकित्सासुविधा भी शामिल है। इसलिए निजीअस्पतालों को फीस की सीमा तय करतेहुए कैंप लगाने की जरूरत है।

शिकायतमिलने पर राज्य सरकारें और जिलाप्रशासन आपदा प्रबंधन अधिनियम- 2005 के तहत शक्तियों का उपयोग करके अस्पतालों की मनमानी पर अंकुशलगा सकती है। कानून विशेषज्ञ बताते हैंकि अगर इस प्रकार से कोई अस्पताल याडॉक्टर इलाज करने से मना करता है, तोजह नागरिक के मौलिक अधिकार केअनुच्छेद-21 के तहत व्यक्ति के जीने काअधिकार का अतिक्रमण करता है। इसकेविरोध में अनुच्छेद-32 के तहत सुप्रीमकोर्ट और अनुच्छेद-226 के तहतहाइकोर्ट में याचिका दे सकते हैं।

स्वास्थ्य वास्तव में एक आवश्यक स्तंभ है। यह वाक्य यह रेखांकित करता है कि अगले 25 वर्षों में भारत की विकास यात्रा पर विचार करें तो सरकार और निजी स्वास्थ्य सेवा के दिग्गजों को किस विषय पर अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जिससे दुनिया का सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश भारत, विश्व के सबसे समृद्ध देश के रूप में प्रतिस्थापित हो सके। देश में रोग और मृत्यु दर में कमी लाई जा सके और 1.43 बिलियन लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण और किफायती स्वास्थ्य सेवाएंसमय पर उपलब्ध कराई जा सकें।

किसी व्यक्ति के अच्छे स्वास्थ्य, धनोपार्जन की क्षमता और देश की आर्थिक समृद्धि के बीच संबंध को नकार नहीं सकते है। भारत, समान विकास पर आधारित 25 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए कार्यशील है, बदलती जनसांख्यिकी, जीवन शैली, बदलते वायरस, कोविड-19 जैसी महामारियों और जलवायु संकट से उत्पन्न स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए उसे एक बहु-आयामी दृष्टिकोण अपनाना होगा। भारत को स्वास्थ्य के क्षेत्र की पारंपरिक चुनौतियों जैसे अंतर-राज्य और शहरी-ग्रामीण असमानताओं , रोगियों की तुलना में स्वास्थ्य कर्मियों की कमी और टियर-1, 2 और 3 शहरों में अस्पताल सेवाओं में कमी के अंतराल से निपटने के तरीके भी तलाशने होंगे।

इस संदर्भ में, सस्ती स्वास्थ्य सेवा तक सभी की पहुंच बना कर, भारत प्रतिष्ठा के एक नए आयाम तक पहुंच सकता है। इस दिशा में, भारत ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 के अंतर्गत नई योजनाओं के साथ स्वास्थ्य सेवा और उपलब्धता सुधारने में काफी प्रगति की है। सरकार ने डिजिटल स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी पर विशेष ध्यान देने और उसे बढ़ावा देने के उद्देश्य से और स्वास्थ्य सेवाओं को कोने-कोने तक ले जाने के उद्देश्य से कई योजनाओं का शुभारंभ किया गया है।

इस दिशा में सर्वाधिक महत्वपूर्ण पहल आयुष्मान भारत पीएम-जन आरोग्य योजना है। इसमें भारत के सर्वाधिक 40 प्रतिशत गरीब लोगों सहित लगभग 55 करोड़ लोगों को प्रति वर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपये की राशि अस्पताल के खर्च को पूरा करने के लिए दी जाती है।निजी क्षेत्र द्वारा समर्थित, यह योजना सुनिश्चित करती है कि अत्याधुनिक उपचार की जरूरत वाले रोगी इससे लाभान्वित हो सकें।

सरकार के टेलीमेडिसिन ऐपई-संजीवनी ने विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श करने की दूरी को समाप्त कर दिया है और शहरी-ग्रामीण विभाजन को पाट दिया है। अपने लॉन्च के तीन साल से भी कम समय में, इसने 10 करोड़ से अधिक लोगों की मदद की है। निजी क्षेत्र ने भी अंतिम छोर की खाई को पाटने और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी को मिटाने के लिए कई पहल की हैं। टेलीमेडिसिन के अतिरिक्त, इसका उपयोग दूर-दराज के क्षेत्रों में रोगियों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श उपलब्ध कराने और उनके उपचार की देखरेख करने में किया जा रहा है।

प्रत्येक समाज में, उसकी आर्थिक स्थिति या राजनीतिक संरचना की परवाह किए बिना, उसके नागरिकों का स्वास्थ्य सामूहिक कल्याण की आधारशिला के रूप में खड़ा होता है। स्वास्थ्य सेवा केवल खरीदी और बेची जाने वाली वस्तु नहीं है; यह एक आंतरिक मानव अधिकार है, जो व्यक्तियों के लिए सम्मानजनक और पूर्ण जीवन जीने के लिए आवश्यक है। मौलिक अधिकार के रूप में स्वास्थ्य देखभाल की मान्यता केवल एक वैचारिक रुख नहीं है बल्कि समानता, न्याय और मानव गरिमा के संरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए एक व्यावहारिक आवश्यकता है।

पर्याप्त स्वास्थ्य देखभाल के बिना, व्यक्ति अपने और अपने प्रियजनों के जीवन की सुरक्षा के साधनों से वंचित रह जाते हैं। एक ऐसा समाज जो मौलिक अधिकार के रूप में स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में विफल रहता है, वह असमानता को कायम रखता है, क्योंकि केवल वित्तीय साधन वाले लोग ही आवश्यक चिकित्सा सेवाओं तक पहुंच सकते हैं, जिससे अन्य लोग रोके जा सकने वाले कष्ट और समय से पहले मौत के प्रति संवेदनशील हो जाते हैं।

इसके अलावा, स्वास्थ्य देखभाल का मतलब सिर्फ बीमारियों का इलाज करना नहीं है; यह समग्र कल्याण को बढ़ावा देने और बीमारियों को रोकने के बारे में है।स्वस्थ व्यक्ति अधिक उत्पादक होते हैं और अपने काम और नवाचार के माध्यम से अर्थव्यवस्था में सकारात्मक योगदान देते हैं। जब व्यक्तियों को समय पर चिकित्सा देखभाल उपलब्ध होती है, तो बीमारी के कारण उनके काम छूटने की संभावना कम हो जाती है, जिससे व्यवसायों और समग्र रूप से अर्थव्यवस्था के लिए उत्पादकता हानि कम हो जाती है। इसके अतिरिक्त, अनुपचारित बीमारियों का वित्तीय बोझ अक्सर पूरे समाज पर पड़ता है, क्योंकि अनुपचारित स्थितियों के कारण स्वास्थ्य देखभाल की लागत बढ़ जाती है, विकलांगता बढ़ जाती है और उत्पादकता में कमी आती है।

स्वास्थ्य सेवा को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता देना न केवल नैतिकता का बल्कि व्यावहारिकता और आर्थिक समझ का भी मामला है। यह वर्तमान और भावी पीढ़ियों की भलाई में निवेश करने, सभी के लिए एक स्वस्थ और अधिक न्यायसंगत समाज को बढ़ावा देने के बारे में है। हालाँकि सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल कवरेज प्राप्त करना चुनौतियाँ पेश कर सकता है, यह लक्ष्य हासिल करने लायक है, क्योंकि यह न्याय, समानता और मानवीय गरिमा के बुनियादी सिद्धांतों के अनुरूप है।

स्वास्थ्य देखभाल एक मौलिक अधिकार है जिसकी गारंटी सभी नागरिकों को दी जानी चाहिए, चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति या पृष्ठभूमि कुछ भी हो। यह एक नैतिक अनिवार्यता, एक आर्थिक आवश्यकता और सामाजिक न्याय की आधारशिला है। सभी के लिए स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच सुनिश्चित करके, समाज प्रत्येक व्यक्ति की अंतर्निहित गरिमा और मूल्य को बनाए रख सकता है, आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ, अधिक न्यायसंगत और समृद्ध समुदायों को बढ़ावा दे सकता है।

स्वास्थ्य कुछ भाग्यशाली लोगों के लिए आरक्षित विशेषाधिकार नहीं है;यह एक मौलिक अधिकार है जिसे सभी के लिए सुरक्षित रखा जाना चाहिए।स्वास्थ्य समानता को प्राथमिकता देकर और मजबूत स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों में निवेश करके, हम एक अधिक न्यायपूर्ण और न्यायसंगत दुनिया बना सकते हैं।आइए हम ऐसे भविष्य की ओर प्रयास करें जहां हर किसी को अपनी स्वास्थ्य स्थिति या सामाजिक आर्थिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना आगे बढ़ने का अवसर मिले।आखिरकार, हमारी सामूहिक भलाई इस पर निर्भर करती है।

सांबरकांठा से देश के सामने आर्तनाद

राकेश अचल

देश की राजनीति को रसातल में ले जाने का जो महायज्ञ देश में 2014 में प्रारम्भ हुआ था ,लगता है अब उसमें पूर्ण आहुति दी जा रही है। सांबरकांठा में दुनिया ने देश के सबसे ताकतवर प्रधानमंत्री का अरण्यरोदन देखा। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सर से न कांग्रेस का भूत उतर रहा है और न कांग्रेस के शाहजादे का। वे कांग्रेस और राहुल गांधी के नाम से इतने आतंकित हैं की अब अपनी पार्टी के चुनाव घोषणापत्र और खुद अपनी गारंटियों का जिक्र करना भूल गए हैं।

माननीय प्रधानमंत्री अठारहवीं लोकसभा के लिए हो रहे चुनावों को हर दिन एक नई दिशा में ले जाने की कोशिश करते नजर आते हैं। चुनावी मुद्दों पर ठीके रहने में वे पूरी तरह नाकाम रहे हैं। मुझे शुरू में लग रहा था की माननीय मोदी जी 2014 में जैसे अच्छे दिन आएंगे का नारा देकर चुनाव जीत गए थे उसी तरह 2024 में भी मोदी गारंटियों के सहारे आसानी से चुनाव जीत जायेंगे ,किन्तु अब लगता है कि मोदी जी के हाथ से कांग्रेस ने उनका अभिमंत्रित रक्षासूत्र छीन लिया है। रक्षा सूत्र कमजोर होने से बिलबिलाये माननीय मोदी जी अब मंगलसूत्र छीनने का भय देश की महिलाओं को दिखाकर अपना वोट बैंक साध रहे हैं।

मै माननीय मोदी जी की दृढ इच्छाशक्ति, दूर-दृष्टि और पक्के इरादों का कायल हूँ । हालांकि अतीत में ये तीनों तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी दवारा आपातकाल के समय गढ़े गए नारे थे। इंदिरागांधी पर देश को आपातकाल की अंधी सुरंग में धकेलने का आरोप था । देश की जनता ने उन्हें सत्ता से हटा भी दिया था ,लेकिन वे कभी भी विचलित नहीं दिखीं और ढाई साल बाद ही सत्ता में वापस लौट आयीं। बाद में उन्होंने देश के लिए शहादत भी दी। माननीय मोदी जी को अभी किसी ने सत्ता से बेदखल नहीं किय। वे दूसरा चुनाव भी प्रचंड मतों से जीते ,लेकिन तीसरी बार सत्ता में आने की हड़बड़ी ने उनके सर पर कांग्रेस और राहुल गांधी का भूत ऐसा सवार किया है की उतरने का नाम ही नहीं ले रहा।

मुझे अच्छा लगता है कि कम से कम कांग्रेस और राहुल गांधी ने पिछले दस साल में अपनी हैसियत ऐसे भूत की तो बना ही ली जो माननीय प्रधानमंत्री का चैन उड़ाए हुए है। माननीय कांग्रेस और राहुल गांधी के साथ ही इस देश के मुसलमानों को हुआ बनाकर बहुसंख्यक हिन्दू समाज के सामने खड़ा करने की कोशिश कर चुके हैं। बहु सनख्यक हिन्दू मुसलमानों को हौआ बताने से डरे या विचलित हुए ये अभी किसी को पता नहीं है ,लेकिन सत्तारूढ़ दल की घबड़ाहट बता रही है कि दाल में काला जरूर है। भाजपा एक और देश के बीस करोड़ मुसलमानों को आतंकी ,मानती है लेकिन दूसरी और मुसलमानों के लिए भाजपा सरकार द्वारा किये गए कार्यों को गिनाने लगती है।

,माननीय प्रधानमंत्री बीतते रोज अपने गृह प्रदेश गुजरात में थे। लगता है की भाजपा इस बार गुजरात को क्लीन-स्वीप नहींकरने जा रही। उसे आप और कांग्रेस के लिए भी कुछ सीटने छोड़ना होंगी प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के सांबरकांठा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने कहा था कि यदि जम्मू-कश्मीर में 370 हटेगी तो खून की नदियां बहेंगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। आज कश्मीर में शान से देश का तिरंगा लहरा रहा है। मोदी जी ने आरोप लगाया कि मुस्लिम महिलाएं कांग्रेस शासन की सबसे ज्यादा शिकार हुई हैं. तीन तलाक खत्म होने से पूरे परिवार को सुरक्षा मिली है.

माननीय मोदी ने कहा कि वोट बैंक की राजनीति के लिए कांग्रेस ने तीन तलाक कानून का साहस नहीं दिखाया। मैं मुस्लिम बहनों को सुरक्षा देना चाहता था यानी तीन तलाक हटाना चाहता था। उन्होंने आगे कहा कि मोदी ने ऐसा किया तो कांग्रेस के युवराज जल उठे. कांग्रेस के शहजादा का कहना है कि अगर मोदी तीसरी बार आए तो आग लग जाएगी और इंडी गठबंधन मोदी को बदनाम करना चाहता है। मोदी जी ने बड़े ही आद्र स्वर में कहा कि मुझे संसद में गुजरात के अपने सभी दोस्तों की जरूरत है। देश चलाने के लिए साबरकांठा और मेहसाणा चाहिए। मुझे यकीन है कि आप सभी 7 तारीख को मतदान करके अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। मोदी जी कि ये अपील गिरते मतदान प्रतिशत को लेकर भी सत्तारूढ़ दल कि चिंता को दशार्ती है।

मोदी जी के हनुमान डीपफेक से कथित रूप से तैयार किये गए किसी वीडियो के वायरल होने से दुखी है। वे मोदी जी से ज्यादा भयभीत दिखाई दे रह है। मजे की बात ये है कि डीप फेक के आने से पहले भाजपा ही सबसे ज्यादा फेंकने के लिए नामदार थी। कांग्रेस मोदी जी को बदनाम कर रही है या नहीं इसका पता तो हालाँकि 4 जून को ही लगेगा किन्तु तब तक भाजपा और मोदी जी का तेल निकलता रहेग। कभी इलेक्टोरल बांड खून पियेगा तो कभी डीपफेक वीडियो। माननीय मोदी जी अपने ही तिलिस्म के टूटने से दुखी है। उनके तीसरे कार्यकाल के लिए ये शुभ संकेत नहीं हैं।

महाविद्यालयों में इंटरमीडिएट नामांकन नही होने पर होगा आन्दोलन : युगदेव महथा

उज्जवल दुनिया

बोकारो : चास महाविद्यालय चास परिसर में महाविद्यालय छात्र संघ की ओर से इंटरमीडिएट की पढ़ाई एवं नामांकन बन्द हो जाने के सम्बंध में प्रेसवार्ता रखी गई।जिसमें महाविद्यालय छात्र संघ के पूर्व सचिव युगदेव महथा ने कहा की बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद के अंतर्गत आने वाले सभी अंगीभूत महाविद्यालय में इंटरमीडिएट की पढ़ाई बंद कर दी गई है। लेकिन पूरे झारखंड में इंटरमीडिएट की पढ़ाई अभी भी चालू है। उन्होंने कहा कि सरकार के आदेश के बावजूद भी विनोद बिहारी महतो कोलांचल विश्वविद्यालय इंटरमीडिएट की पढ़ाई को प्रारंभ नहीं कर रही है। जिसके कारण गरीब छात्र छात्राओ नामांकन नही ले पा रहे है और प्रत्येक दिन महाविद्यालय में आकर परेशान घूम रहे हैं। और साथ ही साथ इंटरमीडिएट में काम कर रहे कर्मचारियों पर भी बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न हो रही है तथा मानव संसाधन विकास विभाग के द्वारा जारी पत्र की अवहेलना है। महथा ने कहा कि छात्र और शिक्षक हित में काफी कष्टदायक है कृपया पूर्व कथन के अनुसार और जारी पत्र के अआलोक में पहले की भांति ही विनोद बिहारी महतो कोलांचल विश्वविद्यालय धनबाद में सभी अंगीभूत महाविद्यालय में नामांकन लेने की अनुमति प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि अगर आगे इस पर सरकार एवं विश्वविद्यालय कोई कार्यवाही नही करती है तो आचार संहिता के बाद सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन होगा।। युगदेव महथा एवं सदस्यों ने कहा कि यह मामला मानव अधिकार आजीविका से जुड़ा जीवन के मौलिक अधिकार की रक्षा का भी महत्वपूर्ण विषय है। इंटर में छात्रों के नामांकन या अध्यापन की व्यवस्था जा-री रखा जाए । क्योंकि इस क्षेत्र में गरीब दलित आदिवासी पिछड़ा रोज कमाने वाले ,दिहाड़ी मजदूर और गरीब तबके के बच्चे पढ़ते हैं। जो प्राइवेट संस्थानों में अधिक पैसा देकर के पढ़ने में सक्षम नहीं है । साथ ही उनके साथियों ने झारखंड के महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति से आग्रह किया कि आजी-विका के समायोजन की वैकल्पिक व्यवस्था भरोसेमंद व्यवस्था किए जाने तक अध्यापन तथा व्यवस्था संचालक को जारी रखा जाए एवं आदेश दिया जाए विश्वविद्यालय को की जल्द से जल्द बच्चों का नामांकन ली जाए। मौके पर उपस्थित छात्र संघ के सदस्य भरत कुमार चक्रम, समाजसेवी प्रशांत त्रिवेदी जी, महाविद्यालय कर्मचारी मुकेश कुमार, रथु रजवार , मटुका बावरी , रामु राय , संदीप रजवार, पटला बावरी , रणधीर कुमार पांडेय , राहुल सिंह ,मंजेश महथा एवम महाविद्यालय के छात्रा समेत अन्य मौजूद रहे.

सीबीआई ने सीबीएच ग्रुप के अभिकर्ता को 25 हजार रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

हरियाजाम कोलियरी में कार्यरत कर्मी संजीव सिन्हा नामक कर्मी का तबादला सेंट्रलपुल रेलवे साईडिंग करवाने के एवज में करीब एक लाख रूपया में सौदा तय हुआ था

- सीबीआई की टीम पांडे को रात भर मुगमा गेस्ट हाउस में रखकर पूछताछ करने के बाद गुरूवार की सुबह अपने साथ धनबाद ले गई

उज्जवल दुनिया

निरसा ईसीएल मुगमा क्षेत्र के सीबीएच ग्रुप के अभिकर्ता आरपी पांडेय को बुधवार की शाम छह बजे उनके कुमारधुबी स्थित आवास से थोड़ी दूर भाग्यलखी कोलियरी के समीप हरियाजाम के एक कर्मी से घुस लेते रंगे हांथ गिरफ्तार करने के बाद मुगमा क्षेत्र के अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। सीबीआई की टीम पांडे को रात भर मुगमा गेस्ट हाउस में रखकर पूछताछ करने के बाद गुरूवार की सुबह अपने साथ धनबाद ले गई। हालांकि इस पूरे मामले में न तो सीबीआई के अधिकारी न ही शिकायतकर्ता ही कुछ बता र-हे है। गुरुवार की सुबह भी सीबीआई के अधिकारी पांडे के आवास आते जाते रहे। वही घटना के बाद पांडे के हरियाजाम कोलियरी कार्यालय को भी सील कर दिया था। जबकि गुरूवार की सुबह जांच पड़ताल के बाद आफिस को खोल दिया गया। वही क्षेत्र में चर्चा जोरों पर है कि हरियाजाम कोलियरी में कार्यरत कर्मी संजीव सिन्हा नामक कर्मी का तबादला सेंट्रलपुल रेलवे साईडिंग करवाने के एवज में करीब एक लाख रूपया में सौदा तय हुआ था। उसी कड़ी में बुधवार को सिन्हा ने 25 हजार रूपया पहली किश्त देने कुमारधुबी कोलियरी उनके आवास पर पहुंचा। लेकिन इससे पूर्व सिन्हा ने इसकी शिकायत सीबीआई को दे दी थी। उनके शिकायत पर ही सीबीआई ने अभिकर्ता पांडे को पकड़ने के लिए जाल बिछा दी थी। जैसे उक्त व्यक्ति ने अभिकर्ता को पैसा देने लगा। वैसे ही सीबीआई ने उन्हें रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। करीब एक ढ-ड़ घण्टे तक उनसे पूछताछ की। साथ ही उनके घर में जांच पड़ताल की। इस सम्बंध में पूछने पर सीबीआई के अधिकारियों ने कुछ भी बताने से इंकार किया। टीम ने सुबह ही 9 बजे पांडेय को लेकर धनबाद रवाना हो गई।

घटना से ईसीएल के अधिकारियों में हड़कंप मच गया है । ईसीएल का कोई भी अधिकारी कुछ कहने से बच रहे हैं । बताया जाता है कि सीबीएच ग्रुप के अभिकर्ता आरपी पांडेय कुछ माह पूर्व पदभार ग्रहण किया था । इसके पूर्व मुगमा क्षेत्र के बड़मुरी, कुमारधुबी, लख्खीमाता श्यामपुर बी कोलियरीयों में पदस्थापित रह चुके हैं । वे जहां भी रहे कम्पनी के प्रति वफादार रहे ।

कोयला उत्पादन पर इनकी विशेष नजर रहती थी । जो कामगार हाजरी बनाकर घूमते थे काम नही करते , वेतन उठाते थे उनके प्रति काफी सख्त थे । वैसे लोंगों को काम करने पर मजबूर कर देते थे । उन्हें काम करना पड़ता था । सीएचबी ग्रुप में आने के बाद अभिकर्ता पांडेय वैसे लोंगों पर नकेल कसना शुरू किया जो हाजरी बना कर घूमते थे । यही कार्यशैली अभिकर्ता की विशेषता थी । जिससे काफी लोग नाराज हो गए थे ।

जानकर बताते हैं कि अभिकर्ता आरपी पांडेय की पहचान एक कुशल , कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी के रूप में रही है । करीब नौ माह बाद वे सेवानिवृत होने वाले थे । एक सप्ताह पूर्व बेटी की शादी बाद बुधवार को डियूटी ज्वाइन किया था और घटना घट गई ।

मुगमा एरिया में सीबीआई के चढ़ने वाले अभिकर्ता आरपी पांडेय तीसरे अधिकारी हैं। जो रिश्वत लेते पकड़े गए हैं । हालांकि इस घटना की सही जानकारी सीबीआई के अधिकारी ही बता सकते है।

मैथन के पत्रकार धर्मदेव चौधरी के माता जी का निधन

एग्यारकुंड। मैथन दैनिक जागरण के पत्रकार धर्मदेव चौधरी के माता जी का निधन मंगलवार की रात हार्ड अटैक के कारण हो गया। श्री चौधरी जी की माता जी अपनी पैतृक घर बक्सर जिला स्थित बाली सोनबरसा में अपने निवास स्थान पर रहती थी वहीं पर उनका निधन हुआ। घटना की सूचना पाकर सपरिवार रात को ही घर के लिए निकल गए। उनकी माता जी का नाम चांद मुनि देवी है उनकी उम्र करीब 75 साल बताई जा रही है।वह अपने पीछे 6 पुत्र एवं तीन पुत्री सहित भारत पूरा परिवार छोड़कर गए हैं। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को बक्सर में ही चरित्रवान घाट पर किया। घटना की सूचना पाकर पत्रकार एवं बुद्धिजीवों में ने शोक प्रकट किया है कहा कि माता जी का निधन से सभी लोग दुखी हैं भगवान उन्हें और उनके परिवार को शक्ति दें।शोक व्यक्त करने वालों में विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, पूर्व विधायक अरुप चटर्जी, झामुमो नेता अशोक मंडल, जिला परिषद सदस्य गुलाम कुरैशी, झामुमो नेता रामनाथ सोरेन, सहितकार अर्जुन पाठक विकल ,पत्रकार रामजी यादव ,इंद्रदेव प्रसाद, रवि भूषण सिंह, प्रदीप दास, प्रवीण चौधरी,शेष नारायण सिंह, सुनिल अंबष्ट,दीपक सिंह, हरेंद्र कुमार सैनी, उत्तम झा, राजेश शर्मा,अनिमेष पोद्दार, अवध प्रसाद, भगवान मालवीय,संजय सिंह, अरिंदम चक्रवर्ती, विश्वजीत पांडे, संजय कुमार सिंह आदि थे।

मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने नामांकन पत्र दाखिल किया

- रोजगार, एम्स, हवाई अड्डा पहली प्राथमिकता : जगदीश रवानी
- धनबाद की मतदाता एकजुट हो, भाजपा को उखाड़ फेकेःअरूप चटर्जी

धनबादःगुरुवार को धनबाद लोकसभा से मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने हजारों समर्थकों के साथ उपायुक्त कार्यलय में नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मासस के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक आनंद महतो, केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पुर्व विधायक अरूप चटर्जी, केंद्रीय सचिव बबलू महतो, मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो शामिल थे। धनबाद लोकसभा क्षेत्र के बोक-ारो, चंदनक्यारी, सिंदरी, झरिया, निरसा, धनबाद क्षेत्र से सैकड़ो दोपहिया, तीन पहिया, चार पहिया वाहन से मासस के कार्यकर्ता जिला परिषद मैदान पहुंचे एंव उक्त स्थान से खुले जीप में मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी, पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, बबलू महतो, पवन महतो, रुस्तम अंसारी सवार होकर लोगों का अभिवादन करते हुए सिटी सेंटर पहुंचे जहां से पैदल मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी के नेतृत्व में धैया रानी तालाब होते हुए मेमको मोड़ पहुंचा। वहां सर्वप्रथम शहीद मनिंद्र नाथ मंडल की आदमकद प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।उसके बाद पूर्व विधायक आनंद महतो, अरूप चटर्जी,बबलू महतो आदि के साथ उपयुक्त कार्यालय पहुंचकर धनबाद लोकसभा से मासस प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया। उसके पश्चात उपायुक्त कार्यालय के बाहर पत्रकारों को संबोधित करते हुए मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने कहा कि जब से भाजपा शासन में आई है।देश आर्थिक गुलामी की ओर जा रहा है। पूंजीपति वर्गों का धन आसमान छू रहा है।वहीं गरीब 5 किलो का अनाज लेकर ठगा महसूस कर रहे हैं। पेट भरने के लिए आम जानताओ के पास काम नहीं है। किसी प्रकार अपने परिवार का भरण पोषण कर जीविका चला रहे हैं।वर्तमान में देश एवं समाज को सशक्त बनाने के लिए युवाओं के पास डिग्री है लेकिन नौकरी नहीं है। धनबाद के तीन बार के सांसद की खामियां को छुपाने के लिए प्रत्याशी बदली है। जिस प्रकार से बोतल का लेवल चेंज कर नया लेवल लगाया जाता है। बोतल वही रहता है।ठीक उसी प्रकार भाजपा ने किया है। एम्स, हवाई अड्डा दूसरे क्षेत्र चला गया।बैंक मोड़ का फ्लाई ओवर सकुंत है। उसकी आवाज उठाने वाले सांसद संसद भवन में सो रहा था। मासस की जीत से ही धनबाद कोयलांचल का चौमुखी विकास होगा। मासस के केंद्रिय कार्यकारी अध्यक्ष सह पुर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा की इस बार का चुनाव काफी महत्वपूर्ण है। खास कर धनबाद लोकसभा क्षेत्र की आम जानताओ के लिए, क्योंकि धनबाद से कई महत्वपूर्ण योजनाएं दूसरे क्षेत्र चले गए हैं। महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा की स्थिति दिन ब दिन निचले स्तर पर जा रही है। इस बार मोदी सरकार को देश की गद्दी से बाहर करना होगा। आम जानताओ को किसान के आंदोलन से सीख लेने की जरूरत है। जिस प्रकार से देश के किसान एकजुट होकर मोदी सरकार की किसान विरोधी कानून संघर्ष के जरिए रद्द कराया। ठीक उसी प्रकार धनबाद के मतदाता एकजुट होकर भाजपा को उखाड़ फेंकना है।विशाल नामांकरण रैली में मुख्य रूप से मासस जिला अध्यक्ष बिन्दा पासवान, महानगर अध्यक्ष रुस्तम अंसारी, मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो, दिलीप तिवारी, दिल मोहम्मद, बादल बाउरी, संतु चटर्जी, सबुर गोराई, राणा चटराज, गणेश महतो, हेमलता देवी, अंजू चटर्जी, काशीनाथ मंडल, नरेश पासवान,गयाराम शर्मा, भीम रजक, कल्याण राय, सुरेश महतो, देवीलाल महतो, लालमोहन रजवार, लखी राम रजवार, चेतु महतो, गोविंद रवानी, सुखलाल महतो, मंटू रवानी, शीतल दत्ता, दिनेश महतो, सुरेश दास आदि शामिल थे।

धनबाद लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने अपना नामांकन दाखिल किया

उज्जवल दुनिया

धनबाद लोकसभा चुनाव 2024 के आज दुशरे दिन धनबाद उपायुक्त कार्यलय में महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्यासी अनुपमा सिंह ने धनबाद उपयुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा के समक्ष अपना नांमाकन दाखिल किए!

इसी कड़ी में आज झामुमो धनबाद जिला सहसचिव तपन तिवारी एवं उनके धर्मपत्नी मुखिया अपर्णा देवी के नेतृत्व में बेलडंगा स्थित उनके आवासीय कार्यालय से लगभग हजारों समर्थकों के साथ पचास से साठ की संख्या में फोर व्हीलर वाहन के साथ धनबाद प्रस्थान कर महागटबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह के नामांकन क्रायक्रम में उपस्थित होने के पश्चात धनबाद गोल्फ ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए!

महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्यासी अनुपमा सिंह उपायुक्त कार्यलय पहुंची जहा उनके साथ झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, बेरमो विधायक अनूप सिंह एवं निरसा प्रखंड के पलारपुर पंचायत के मुखिया अपर्णा देवी मुख्य रूप से उपस्थित होकर नामांकन किए उसके बाद धनबाद के गोल्फ ग्राउड में महा गठबंधन द्वा-रा एक विशाल आमसभा किया गया जिसमे मुख्य रूप से झारखण्ड के मुख्यमंत्री पंम्पई सोरेन, ग्रामीण विक-ास मंत्री आलगिर आलम, सत्यनंन्द भोक्ता, मथुरा महतो, राजेश ठाकुर महुआ मांझी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष संतोष सिंह,झामुमो धनबाद जिला सहसचिव तपन तिवारी,मुखिया अपर्णा देवी,झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य अशोक मंडल,नीलम मिश्रा,राजद वरिष्ठ नेता तारापदो धीवर,राजद नेत्री सुनीता सिंह, मजूद रहे!

वहीं इस जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्य मंत्री चंपई सोरेन ने भाजपा पर जमकर हमला बोला वहीं मंत्री आलम गिर आलम ने भी भाजपा को खरी खोटी सुनाई!

धनबल व बाहुबल के आगे दुख में साथ देने वालों को वोट देने के लिए जानता तैयार : डा नैय्यर

बोकारो : आजाद समाज पार्टी (का) ने अपने धनबाद लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। यहां से प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ परवेज नैयर को उमीदवार बनाया गया है। इधर डॉ नैयर ने नामांकन पत्र खरीदने के उपरांत अपने लोकसभा क्षेत्र में धुआंधार रुप से जनसंपर्क अभियान में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में आज वे यहां के रितूडीह, झोपड़ी कालोनी, सिवनडीह,अजाद नगर, उक-ड़ीद, मोहनडीह सहित अन्य जगह पर जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से वोट करने की अपील की।

इस दौरान डॉक्टर नैय्यर ने कहा कि धन-बल और बाहुबल के आगे दुख में साथ देने वाले और मनोबल बढ़ाने वालों के प्रति इस बार यहां की जनता वोट देने के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि इस बार यहां की जनता के मिल रहे समर्थन ने चुनाव में हौसला बढ़ाने का काम कर रही है।

कथारा क्षेत्र महाप्रबंधक के आदेशानुसार कोयला चोरों के विरुद्ध मे सुरक्षा प्रभारी की छापेमारी

उज्जवल दुनिया

बेरमो : बेरमो अनुमंडल अंतगर्त गत अहले सुबह कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक डीके गुप्ता के आदेसानुसार,क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में क्षेत्रीय गस्ती दल,जारंगडीह गश्ती दल एवम कथारा गश्ती दल मिलकर संयुक्त रूप से जारंगडीह कोलियरी एवम कथारा वाशरी में कोयला चोरों के विरूद्ध औचक छापामारी किया गया । छापेमारी में गस्ती दल को देख कोयला चोर भाग खड़े हुवे। छापेमारी के गश्ती दल के जवानों द्वारा भर्षक प्रयास के बाद भी कोयला चोर जंगल का सहा-रा लेकर भागने में सफल रहे । जिसमे छःह मोटरसाइकिल एवं लगभग पांच साइकिल को जप्त कर मौके पर ही क्षतिग्रस्त कर दिया गया तथा लगभग 45 से 50 अवैध कोयला से भरा बोरा जप्त कर पूर्ण रूप से फाड़ दिया गया। साथ ही बरामद कोयला को जारंगडीह कोयला स्टॉक में गिरा दिया गया। जिसका वजन लगभग 3 टन होगा। मिली जानकारी के अनुसार अवैध कोयला का खेल बदस्तुर जारी है। कोयला माफिया इन दिनों बेखौफ होकर कोयला का धंधा कर रहे हैं। सुरक्षा प्रभारी के द्वारा लगातार छापामारी करने के बावजूद कोयला चोरी रुकने का नाम ही नहीं ले रहा और कोयला चोरों ने कोयला सुबह से शाम तक साइकिल व मोटरसाइकिल मे बेखौफ होकर कोयला चोरी कर ले जाते हैं । बताया जाता है कि कुछ ही दिन पहले कोयला चोरों ने एक डेढ़ सौ की संख्या में लाठी डंडा से लैस दौड़ते हुए आया और महिला सी आइ एस एफ को मारपीट करने लगा। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई । इन्हें करगली हॉस्पिटल मे इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। इस छापेमारी के दौरान गस्ती में इबरार हुसैन क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभारी, देवांशु कुमार, अशोक कुमार, राजेंद्र उरांव, संजय कुमार दास, अमित कुमार, मुकेश कुमार सिंह, उमेश महली, शिवनाथ उरांव, सोहन मुंडा, हेलेरियस कुजूर, कार्तिक मांझी, एवम अन्य जवान भी मौजूद थे.

ब्राह्मण समाज ने भाजपा प्रत्याशी को दिया विजय भव का आशीर्वाद चीटाही ग्राम पहुंचकर ढुल्लू महतो से मिलकर किया स्वागत

उज्जवल दुनिया

धनबादः ब्राह्मण समाज ने सर्वसम्मति से यह घोषणा की है कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को अपना भरपूर समर्थन देक-र उन्हें विजय दिलाएंगे। गुरुवार को ब्राह्मण समाज की एक टोली चीटाही ग्राम पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी को पुष्पगुच्छ देकर तथा वैदिक रीति रि-वाज से मंगलाचरण स्वस्तिवाचन के जरिए उनका स्वागत किया। मौके पर सैकड़ो ब्राह्मणों ने एक स्वर में ध्वनि मत से ढुल्लू महतो के समर्थन में विजय भव की आवाज बुलंद की। मौके पर अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के प्रदेश महासचिव जिला प्रभारी सु-रेश चंद तिवारी, भगवत प्रसाद पांडेय, प्रमोद कुमार दुबे, दीनानाथ दुबे ,बोक-ारो से मृणाल चौबे, बीसीसीएल के एरिया इंजीनियर हृदय कुमार मिश्रा, सुमन पांडेय ,अनिल उपाध्याय, मनोज कुमार दुबे, मनोहर पांडेय, सुमन पांडेय ,अनिल उपाध्याय, शक्ति पाठक, यूसी पांडेय ,मिथिलेश कुमार तिवारी, राजेश तिवारी, वासुदेव मुखर्जी, अमित चौबे, विकास चौबे, मुरली कृष्णा तिवारी, सुशील तिवारी, राहुल तिवारी, सुनील चक्रवर्ती, सुरेश चक्रवर्ती तथा मधुसूदन चक्रवर्ती आदि प्रमुख रूप से शामिल थें।

मोदी का वोट पर जयराम का कब्जा महागठबंधन का जीत सुनिश्चित

पांच वर्ष में चौधरी क्षेत्र की जनता से रहे दूर - मथुरा

जैनामोड़ : जरीडीह प्रखंड अंतर्गत टांड़ मोहनपुर पंचायत में हुई महागठबंधन की कार्यकर्ता बैठक । आयोजित बैठक में गिरिडीह लोकसभा के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि मैं अपने क्षेत्र में 300 दिन अपने क्षेत्र के अंतर्गत जनता के बीच काम करने का प्रयास करता हूं । इसी लिए जनता विकास के साथ मुझे विधायक के रूप में आशीर्वाद देने का काम करते हैं । इसी प्रकार जनता का आशीर्वाद प्राप्त होने पर मैं हमेशा रात-दिन क्षेत्र में साथ रहने का प्रयास करूंगा । जनता का सेवा के प्रति जागरूक रहना परम कर्तव्य है । लोकसभा के निवर्तमान सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी हमेशा जनता से दूर रहकर राजनीतिक रोटी सेंकते हुए ठगने का काम करते रहे हैं । जवाब में करुणा काल की बात कर भ्रमित किया है । करूणा के समय भी अन्य सरकारी मदों से विक-ास का काम किया जा रहा था । वह पांच वर्षों तक सांसद रहकर क्षेत्र के लोगों को ठगने का काम किया है । जयराम महतो एक ईमानदार युवक है । अच्छा काम करने का मंसूबा रखता है । उसकी मुहीम जनता के लिए विकास करना है । उनके मुहीम में मेरा सहयोग हमेशा मिलता रहेगा । जयराम महतो नरेंद्र मोदी की जुमले वाजी का विरोध करते हुए उनकी भाजपा पार्टी के समर्थित प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी को हराकर सुशासन लाने का प्रयास है । इस जुमले वाजी को खत्म करने में जयराम महतो का अहम भूमिका के साथ ही इंडिया महागठबंधन की जीत सुनिश्चित करने में जनता का सहयोग प्राप्त होगा.

धनबाद सहायक निवार्ची पदाधिकारी 42 टुंडी सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता संतोष गुप्ता ने पूर्वी टुंडी क्षेत्र का किया :निरीक्षण

- डीसीएलआर ने किया पूर्वी टुंडी का भ्रमण निरीक्षण

टुंडी : धनबाद सहायक निवार्ची पदाधिकारी 42 टुंडी सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता (डीसीएलआर) संतोष गुप्ता ने आज पूर्वी टुंडी क्षेत्र का भ्रमण सह निरीक्षण किया । इस संबंध में उन्होंने बताया कि आगामी लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर मतदान केंद्र, महिला मतदान केंद्र, इंटरमीडिएट स्ट्रॉन्ग रूम, वोटर इन्फॉर्मेशन स्लीप वितरण, बूथ पर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी, क्रिटिकल बूथ सहित अन्य की तैयारी के संबंध में पूर्वी टुंडी क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान कई बूथों का भ्रमण तथा इंटरमीडिएट स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया । साथ ही प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रखंड के अन्य पदाधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की गई। बैठक में लोकसभा चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

छात्रों के ज्ञानवर्धन के लिए ई एस एल स्टील लिमिटेड ने अंतर-केंद्र क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया

उज्जवल दुनिया

बोकारो : वेदांता समूह की कंपनी और भारत में अग्रणी एकीकृत इस्पात उत्पादक ई एस एल स्टील लिमिटेड ने सामाजिक और सामुदायिक विक-ास के प्रति प्रतिबद्ध है। इसी के निमित ई एस एल स्टील लिमिटेड और अन्य सभी वेदांता कंपनियां उन समुदायों की भलाई के लिए प्रयासरत है। बच्चों को उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व विक-ास में मदद करने और प्रतियोगियों के बीच उपलब्धि और गर्व की भावना पैदा करने के अलावा उनके ज्ञान को बेहतर बनाने के उद्देश्य से, विशेष रूप से विभिन्न ई एस एल स्टील लिमिटेड के प्रोजेक्ट प्रेरणा केंद्रों (ट्यूटोरियल और ड्राइंग) एवं एक्सेल 30 क्लासेज जैसे शैक्षिक हस्तक्षेप कार्यक्रमों में नामांकित लोगों के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

क्विज प्रतियोगिता का आयोजन ई एस एल स्टील लिमिटेड द्वारा अपने कार्यान्वयन भागीदार सार्थक सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन के साथ किया गया । ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन के पीछे का विचार छात्रों को अपने पाठ्य ज्ञान से परे देखने और उन्होंने जो सीखा है उसके सिद्धांत और अनुप्रयोग के बीच संबंध स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। ई एस एल स्टील लिमिटेड विज्ञान प्रदर्शनी, कला शो, क्विज आदि सहित कई ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता है। ये इंटरैक्टिव मंच हैं जहां छात्र न केवल पुरस्कार लेने या प्रसिद्ध होने के लिए भाग लेते हैं, बल्कि ज्ञान प्राप्त करने, शिक्षाविदों से परे उत्कृष्टता हासिल करने और सुरक्षित होने के अवसर तलाशते हैं। उनका भविष्य साथ ही इनमें से अधिकांश गतिविधियाँ उन्हें अपने टीम वर्क कौशल को निखारने का अवसर भी प्रदान करती हैं।

क्विज प्रतियोगिता में छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों सहित लगभग 100 लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति देखी गई, जो प्रतियोगियों को प्रेरित करने के लिए आए थे। मोइन अंसारी, प्रिंसिपल, एमजेएम स्कूल, बिजुलिया सहित गणमान्य व्यक्ति, मनोज तिवारी, पूर्व मुखिया, चंदाहा पंचायत और संटू रॉय, उपाध्याय, किसान युवा मोर्चा ने इस तथ्य की बहुत सराहना की कि ई एस एल स्टील लिमिटेड ने अपनी सहयोगी कार्यान्वयन एजेंसी के साथ मिलकर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था और वे इस बात से काफी प्रभावित हुए ।

इस अवसर पर ई एस एल स्टील लिमिटेड के सी एस आर, ई आर और पी आर प्रमुख आशीष रंजन ने कहा ह्लई एस एल स्टील लिमिटेड हमेशा हमारे संयंत्र के आसपास के समुदायों के समग्र विकास और खुशी पर ध्यान केंद्रित करता है। हम अपने छात्रों के बीच रचनात्मकता और अभिव्यक्ति के लिए एक मंच प्रदान करने का प्रयास करते हैं। इस तरह की पहल प्रतिभा को आगे बढ़ाती है, टीम निर्माण प्रयासों को प्रोत्साहित करती है और एक जीवंत सीखने के माहौल को बढ़ावा देती है जो शिक्षा से परे है। हमारे पूरे इतिहास में, वर्तमान में, और भविष्य की ओर देखते हुए, ई एस एल स्टील लिमिटेड चल रहे सी एस आर पहलों के माध्यम से समुदाय की भलाई का समर्थन करने के लिए समर्पित है, जो एक खुशहाल और संपन्न समुदाय को बढ़ावा देने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।ह्ल

पूरी प्रतियोगिता ई एस एल स्टील लिमिटेड में सी एस आर के उप प्रमुख राकेश मिश्रा के देख रेख में की गई। मिश्रा ने कहा कि जो कठिन प्रश्नों या चुनौतीपूर्ण परिदृश्यों से प्रतियोगियों का आत्मविश्वास कम नहीं हुआ। जो अपने बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाने आए थे, उन्होंने देखा कि उनके बच्चों को किसी प्रेरणा की आवश्यकता नहीं है और वे बेहद सफल आयोजन का आनंद भी ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे और भी आयोजन करते रहेंगे, जिससे बच्चों के विकास में मदद मिलेगी। विभिन्न श्रेणियों के विजेता इस प्रकार रहे। ग्रुप ए (प्रेरणा ट्यूटोरियल्स (5 टीमें)) में पहला स्थान प्रेरणा ट्यूटोरियल्स, मोदीडीह ने हासिल किया; दूसरा स्थान प्रेरणा ड्राइंग सेंटर, चंदाहा ने और तीसरा स्थान प्रेरणा ट्यूटोरियल्स, कुमाटांड ने हासिल किया।

कांग्रेसियों ने भारी संख्या में खुदिया फाटक दुर्गा मंदिर के पास से कांग्रेस नेत्री दुर्गा दास के नेतृत्व में अनुपमा सिंह के नामांकन एवं जनसभा में पहुंचे

एग्यारकुंड। कांग्रेसियों ने भारी संख्या में खुदिया फाटक दुर्गा मंदिर के पास से कांग्रेस नेत्री एवं पूर्व जिला परिषद सदस्या,प्रदेश सचिव सह पीसीसी डेलिकेट सह चंदनकयारी विधान सभा प्रभारी दुर्गा दास दुर्गा दास के नेतृत्व में अनुपमा सिंह के नामांकन एवं जनसभा में निरसा से पहुंचे। बात दे की इंडी प्रत्याशी अनुपमा सिंह के नमन और जनसभा को लेकर निरसा से भारी की संख्या में कांग्रेसियों ने पहुंचे उपयुक्त कार्यालय बरवाड़ा। मौके पर शशि भूषण तेवारी,मुखिया कविता माझी,रीता महतो,दिपशिखा सिंह,प्रदीप गोप,शुभम सिंह,सत्यम सिंह,अमन रजक, शुभम महतो, इस्लाम,नसीम, राज गोस्वामी,अमित भगत, मोहित,संजू गोस्वामी,आशीष सिंह,बिजय दास,और अनेको भारी संख्या मे मौजूद थे।

तू डाल डाल तो मैं पात पात की कहावत को चरितार्थ करते दिखे टाइगर जयराम महतो

- पुलिस की आंखों के सामने से हुए गायब

बोकारो : तू डाल डाल तो मैं पात पात की कहावत को चरितार्थ करते दिखे टाइगर जयराम महतो। पुलिस की आंखों के सामने से हुए गायब । हाथ मलती रह गई नगड़ी पुलिस। जी हां दोस्तों यह मामला है झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयराम महतो का।

वे पिछले दिनों यानी मजदूर दिवस के दिन गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में अपना नामांकन दाखिल करने बोकारो समाराहलय पहुंचे थे। यहां पहले से नगड़ी (रांची) थाना पुलिस जयराम महतो को गिरफ्तार करने के लिए पहुंच चुकी थी। महतो ने नामांकन करने के बाद नगड़ी थाना पुलिस उपाधीक्षक से सभा करने की इजाजत मांगी तथा आश्वासन दिया की सभा के उपरांत वे अपने आप को सरेंडर कर देंगे। परंतु सभा समाप्ति के तुरंत बाद जयराम महतो पुलिस को चकमा देते हुए सभा स्थल से फरार होने में देरी नहीं की। इधर पुलिस हाथ मलते रह गई। मालूम हो कि 2022 में विधानसभा घेराव मामले में इनके ऊपर नॉन बेलेबल मामला दर्ज हुआ था। जिसकी तामिल में नगड़ी पुलिस बोकारो पहुंची थी।

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

रामगढ। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ श्री चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है।इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती कनक तिर्की के द्वारा गुरुवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आंगनबड़ी सहिया, सेविका(बीएलओ) के द्वारा आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किए गए यथा रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता सहित कई विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक।

गिरिडीह जिले के बिरनी प्रखंड में होगी प्रधानमंत्री की जनसभा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

बिरनी/गिरिडीह : गिरिडीह जिले व बगोदर विधानसभा क्षेत्र के बिरनी में पीएम नरेंद्र मोदी की चुनावी जनसभा होने की संभावना ब्यक्त किया जा रहा है ।इसके लिए भजपा के नेताओ ने बिरनी प्रखंड के पेशम मैदान ओर भरकट्ठा पावर हाउस के बगल स्थित फुटबॉल मैदान का निरीक्षण किया है।अब देखना है कि किस मैदान में पीएम नरेंद्र मोदी चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे।क्यास लगाया जा रहा है कि अगर तीन लाख की भीड जुडती है तो यह कार्यक्रम होना तय माना जा रहा है।इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ,राज्य सभा सांसद सह महामंत्री आदित्य साहू का आगमन हुवे इसके साथ बगोदर के पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो, भाजपा जिला अध्यक्ष महादेव दुबे,जिप उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव, गांडेय प्रत्याशी दिलीप वर्मा,सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव, सह संयोजक देवनाथ राणा,भाजपा मंडल अध्यक्ष राजदेव साव, भरकट्ठा मंडल अध्यक्ष अशोक वर्मा,, परमेश्वर मोदी, लक्ष्मण दास, दिलिप दास,नारायण पांडेय, प्रेमचन्द कुशवाहा,रामाशिष राय, मनोज चंद्रवंशी,मुकेश यादव, विक्रम तर्वे, रत्न पांडेय, सूरज मोदी,चंदन बजरंगी,राजेन्द्र राम, विशेश्वर साव, रंजीत राय, सरजू पासवान,छत्रधारी रविदास, सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत भी किया ।.

एक-नजर

पारसनाथ पर्वत मे डोली ढोने वाले मजदूरों के बीच भुखमरी उत्पन्न

मधुबन(गिरिडीह) : मधुबन हटियाटांड मैदान के प्रागंण मे बुधवार को असंगठित मजदूर युनियन के शाखा मधुबन के सदस्यों के द्वारा विश्व मजदूर मई दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया।जिसमे असंगठित मजदूर यूनियन के सदस्यों के अलावे मधुबन के तमाम संस्थाओं मे कार्यरत स्थाई मजदूर, दैनिक मजदूर, डोली ढोने वाले मजदूर, गोदी मजदूर अन्य ने कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया गया। हटियाटांड मैदान मे लोगों ने अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर ध्वज का ध्वजारोहण किया तत्पश्चात असंगठित मजदूर कल्ब का भी ध्वजारोहण करते हुए जयजयकार का व जिन्दाबाद-जिन्दाबाद का गगनभेदी नारे लगाए।कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के शाखा अध्यक्ष अजीत राय के अलावे चार और सदस्यों का चयनित किया गया था।झंडोत्तोलन के पश्चात हटियाटांड मैदान से सीधे निकलकर कुन्दकुन्द कहान,जहाजमंदिर,शाश्वत भवन,प्रकाश भवन,निहारीका भवन,गुणायतन, श्री अणिंदा पार्श्वनाथ भवन,भोमिया जी भवन,कच्ची भवन ,बीसपंथी कोठी होते हुए पुःन हटियाटांड मैदान मे जुलूस पहूचकर आम सभा मे तब्दील हो गया।सभा को सम्बोधित करते हुए सभा के अध्यक्ष अजीत राय ने बताया की पारसनाथ पर्वत मे दोपहिया वाहनों के सहारे पर्वत की वंदना करवा जाने से डोली ढोने वाले मजदूर भुखमरी की स्थिति मे आ गए है।डोली ढोने वाले मजदूर पूरे गिरिडीह जिला के अलावे धनबाद बोकारो, पटना मुंगेर आदि क्षेत्रो से हजारों-हजार मजदूर अपना-अपना जीविकोपार्जन कर पेट भर रहे है।लेकिन दोपहिया वाहनों से ढोने का कार्य करने से मजबूर है।कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्य तौर पर द्वारिका राय,थानुराम महतो,मनोज कुमार महतों, परसुराम महतों, सोहन महतो,बास्के मांझी,साहेबराम मांझी,मन्सू हांस्दा,अनील किस्कू,पतीया बेसरा,मंगरा मुर्मू,सोनालाल मांझी, कामेश्वर महतो,रतिया राय,सुरज तुरी,कैलाश सिंह,चिरंजीवी महतो,रोहन महतो,रोहित ,बुधनी देवी,मंगरी देवी,सोमरी देवी,डेगन महतो,चरण महतो,सोनु महतो,आदि लोग उपस्थित थे।.

सुबोध यादव ने दाखिल किया नामांकन पर्चा

डुमरी- प्रखंड के बेरहा सूईयाडीह पंचायत के मुखिया व क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता सुबोध यादव ने निर्दलीय उम्मीदवार के रुप में गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से अपना नामांकन पर्चा बोकारो डीसी के समक्ष दाखिल किया। दर्जनों वाहनों के काफिले के साथ अधिवक्ता अशोक कुमार जैन के साथ नामांकन पर्चा दाखिल करने पहुंचे युवा चेहरा सुबोध यादव के समर्थन में लोगों की उमड़ी भीड़ द्वारा नारेबाजी कर उत्साहवर्धन करते देखा गया वहीं नामांकन पर्चा दाखिल करने के बाद सुबोध यादव ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र के हर वर्ग के मतदाताओं का समर्थन उन्हें मिल रहा है और यदि वह लोकसभा का चुनाव जीतते हैं तो युवाओं,बेरोजगारों,मजदूरों, किसानों, शोषितों वंचितों का आवाज संसद में उठाकर उनके समस्याओं का समाधान करने का काम करेंगे साथ ही महिला सुरक्षा,बेटी पढ़ाओ,स्वास्थ्य,पेयजल, शिक्षा में सुधार और पलायन पर रोक,सरकारी दफ्तरों में हावी अफसरशाही व बिचौलियों पर अंकुश लगाना प्राथमिकता रहेगी जबकि सादा जीवन पारदर्शी जीवन और सबको सम्मान की नीति पर वह काम करेंगे।

लोकसभा चुनाव 2024 में योग्य उम्मीदवार को अपना समर्थन देने पर चर्चा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

डुमरी- प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के दर्जनों लोगों की एक बैठक गुरूवार को रांगामाटी स्थित रवीन्द्र कुमार कें आवास में हुई।इस दौरान उपस्थित दर्जनों लोगों ने वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य एवं उनमें आमजनों की भागीदारी पर चर्चा की गई साथ ही लोगों को उसका हक व अधिकार दिलाने तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित करने पर चर्चा की गयी वहीं लोकसभा चुनाव 2024 में किस योग्य उम्मीदवार को अपना समर्थन देना है उसपर चर्चा की गयी।जबकि इस दौरान सर्वसम्मति से झारखंड एकता किसान मजदूर युनियन नामक संगठन का गठन किया गया साथ ही केन्द्रीय कमिटी का गठन किया गया जिसमें गंगाधर महतो को केन्द्रीय अध्यक्ष उपाध्यक्ष सुभाष पंडित व मदन मोहली महासचिव जफर अंसारी सचिव साहिद अंसारी,चोलो महतो,चेतलाल महतो, मनीर अंसारी,नुनुचन्द महतो,पोखराज पाण्डेय,शिवा दास व अजीत कुमार संगठन मंत्री अखतर अंसारी, गुलाम मुरतजा,राजेन्द्र यादव,त्रिवेणी दास,मेहंदी हसन, अहमद अंसारी,जगदीश महतो सलीम अंसारी जबकि कोषाध्यक्ष रवीन्द्र कुमार व गुलाम गौश को बनाया गया। बतादें कि गंगाधर महतो को हिन्द मजदूर किसान यूनियन के अनुमंडल अध्यक्ष पद से विमुक्त कर दिया गया है.।

बरवाडीह में विवाहिता की संदेहास्पद स्थिति में मौत

तिसरी : तिसरी थाना क्षेत्र के बरवाडीह गांव में एक विवाहिता की संदेहास्पद स्थिति में मौत का मामला प्रकाश में आया है। मृतका का नाम 29 वर्षीय संजू देवी बताया जा रहा है जबकि घटना बुधवार मध्य रात्रि की बताई जा रही है। घटना की सूचना पर गुरुवार की सुबह मायके पक्ष वाले और तिसरी पुलिस मौके पर पहुंची। घटना को लेकर मायके वालों ने मृतका के सास - ससुर, देवर, ननद व अन्य पर हत्या का आरोप लगाया है।

पुलिस को दिए आवेदन में थाना क्षेत्र के घाघरा निवासी मृतका के चाचा कमल यादव ने लिखा है कि उनकी भतीजी संजू देवी बरवाडीह - सलैयाटिल्हा स्थिति अपने ससुराल के कमरे में थी। बुधवार की मध्य रात्रि मृतका के देवर कलेश्वर यादव, गोतनी, संगीता देवी, ससुर भूलो यादव, सास चांदो देवी और ननद सुजीता देवी द्वारा खिडकी का दरवाजा तोडकर कमरे में प्रवेश किया गया और उनकी भतीजी संजू देवी के गले में गमछा का फंदा कस कर जान से मार दिया। साथ ही बक्शे में रखे लगभग डेढ लाख रुपए के जेवरात भी ले गए। घटना के वढ्त मृतका का पति मुंबई में था, मृतका के तीन बच्चे भी हैं। बताया कि पूर्व में भी मृतका का विवाद ससुराल वालों से होता रहता था। उन्होंने दावा किया है कि पूर्व के विवाद को लेकर ही उनकी भतीजी की हत्या की गई है। इस मामले में तिसरी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया है। पुलिस मामले की पडताल में जुट गई है, जांच के बाद ही सारी चीजें स्पष्ट हो पायेगी।..

शहरी क्षेत्रों में उदासीनता को दूर करने हेतु ज्यादा से ज्यादा स्वीप एक्टिविटी किया जाय : डीसी

गिरिडीह अमित सहाय : लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में सभी निर्वाचकों को मतदान करने हेतु जागरुक करने के उद्देश्य से विभाग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन में सभी निर्वाचकों को मतदान करने हेतु जागरुक करने के उद्देश्य से विभाग द्वारा कार्यक्रम संचालित करने का निर्णय लिया। बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में एनआईसी सभागार कक्ष में स्वीप कोषांग/मीडिया कोषांग के वरीय पदाधिकारी/नोडल पदाधिकारी/जिला शिक्षा पदा/जिला शिक्षा अधीक्षक/जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर समेत शिक्षा विभाग के सभी अधिकारी व कर्मियों के साथ बैठक आयोजित कर बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन में व्यापक रूप से मतदाता जागरूकता हेतु दिनांक 7 मई को संध्या 06 से 08 बजे के मध्य सभी संचालित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को बेहतर कार्य योजना तैयार कर सभी विद्यालयों/महाविद्यालयों में स्वीप एक्टिविटी करने का निर्देश दिया। साथ ही विद्यालयों/महाविद्यालयों में स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से वहां के बच्चों के साथ साथ उनके पैरेंट्स को भी जागरूक करने का निर्देश दिया गया।

इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में उदासीनता को दूर करने हेतु ज्यादा से ज्यादा स्वीप एक्टिविटी किया जाय ताकि अधिकाधिक संख्या में लोगों को जागरूक कर उन्हें मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया जा सकें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी विद्यालयों/महाविद्यालयों में क्विज प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, बैग का गठन, स्थानीय और रीजनल भाषा में गाना तैयार करना, मतदाता प्रतिज्ञा शपथ आदि कार्यक्रमों को संचालित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जिले के सभी स्टेक होल्डर्स के अलावा जिले के सभी सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर, डिस्ट्रिक्ट आईकॉन तथा पीडब्ल्यूडी आईकॉन का वोट अपील आदि को रिकॉर्ड कर उसका सोशल मीडिया साइट्स पर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाय, जिससे कि जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सकें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिला स्तर पर सभी डीईओ यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी विद्यालयों में स्वीप के तहत् गतिविधियाँ संचालित की जाएं, जिसमें मुख्य रूप से विद्यार्थियों द्वारा अपने अभिभावकों से मतदान हेतु अपील का पत्र, ड्राइंग, कानून मेंकिंग अभिभावकों, पड़ोसियों के साथ सेल्फी, आदि गतिविधियाँ सम्मिलित हों।

उपायुक्त गिरिडीह के आदेशानुसार गुरूवार को डुमरी प्रखंड कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

डुमरी: प्रखंड कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया है। खबर प्रेषण तक 25 यूनिट रक्तदान किया जा चुका था।हालांकि प्रचंड गरमी और चल रहेगर्म हवाओं के कारण रक्तदान करने वाले लोगों की मौजूदगी कम देखी गई।बीडीओ अन्वेषा ओना ने कहा कि रक्तदान शिविर में अपेक्षाकृत लोगों की भागीदारी कम रही।उन्होंने आमजनों से रक्तदान की अपील करते हुए कहा कि गिरिडीह जिले को प्रत्येक माह 700 यूनिट ब्लड की आवश्यकता होती है इसलिए वैसे लोग जो स्वस्थ हैं उन्हें रक्तदान करना चाहिए वहीं उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्तदान करके किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचायी जा सकती है अतः सभी को रक्तदान करना चाहिए क्योंकि रक्तदान से बढ़ कर कोई दान नहीं होता है जबकि डाक्टर सोहेल अख्तर ने कहा कि 18 से 65 वर्ष आयु वर्ग के स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। बीडीओ अन्वेषा ओना ने कहा कि रक्तदान शिविर में अपेक्षाकृत लोगों की भागीदारी कम रही।उन्होंने आमजनों से रक्तदान की अपील करते हुए बताया कि रक्तदान से एक ओर जहां किसी की जीवन को बचाया जा सकता है तो दूसरी रक्तदाता का भी स्वास्थ्य बेहतर रहता है, अतः सभी को रक्तदान करना चाहिए क्योंकि रक्तदान से बढ़ कर कोई दान नहीं होता है उन्होंने बताया कि गंभीर बीमारी से ग्रसित व्यक्ति को छोड़ कोई भी रक्तदान कर सकता है.उन्होंने रक्तदान से जिन जिन बीमारी से ग्रसित लोगों को जीवनदान दिया जा सकता है उसकी भी जानकारी दी और समाज के सभी वर्गों के लोगों से रक्तदान करने की अपील की।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/सभी प्राइवेट मेडिकल दुकानों के प्रबंधकों के साथ बैठक की

गिरिडीह : लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित्त आज समाहरणालय सभागार कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी, श्री नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में सभी प्राइवेट मेडिकल दुकानों के प्रबंधकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों समेत सभी प्राइवेट क्लिनिक के प्रबंधकों को निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया। साथ ही सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा सभी प्राइवेट मेडिकल दुकानों में मेडिकल कीट, दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ आयुष्मान भारत योजना को लेकर भी कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में सभी को निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग व समन्वय बनाकर दायित्व निर्वहन करने को कहा गया। बैठक में सिविल सर्जन, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला कोषागार पदाधिकारी समेत संबंधित अधिकारी व प्राइवेट क्लिनिक के प्रबंधक मौजूद थे। .

सीसीआई का प्रतिनिधिमंडल मिला विधुत महाप्रबंधक से

गिरिडीह : चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष राहुल बर्मन की अगुआई में एक प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड बिजली(विभाग) निगम के मुख्य अभियंता सह महाप्रबंधक प्रतोष कुमार व कार्यपालक अभियंता तकनीकी प्रणव तिवारी से मिलकर बिजली संकट में सुधार को लेकर विस्तृत बातचीत की। गिरिडीह को सोलर सिटी बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार व राज्य सरकार की हर घर कनेक्सन योजना को तीव्रता से पहुंचाने हेतु सहमति बनी। इसके अलावे शहरी क्षेत्र में बिजली संबंधित असुविधा के लिए डिविजन वाईज हेल्पलाइन की व्यवस्था बहाल करने की सुविधा सूचना महाप्रबंधक द्वारा प्रदान किये जाने की बात की गई। शहरी क्षेत्र में बिजली की जो व्यवस्था अभी चरमराई हुई है उसे दुरुस्त करने की बात की गई। इसके अलावे निगम क्षेत्र के कई इलाकों में जले ट्रांसफार्मर व जर्जर विधुत तार को लेकर भी पदाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया। बकाया बिजली बिल की वसूली समेत उपभोक्ताओं से जुड़े अन्य समस्याओं को लेकर सीसीआई की अगुआई में कैम्प का भी आयोजन किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में सीसीआई के सचिव विकास गुप्ता, कोषाध्यक्ष गोपाल दास भदानी आदि शामिल थे।

अन्नपूर्णा देवी व दिलीप वर्मा के नामाकंन के दौरान भाजपा ने किया जनसभा का आयोजन

यूपी के उपमुख्यमंत्री कैशव प्रसाद मोर्य, बाबूलाल मरांडी सहित कई विधायक व नेता हुए शामिल

गिरिडीह अमित सहाय : भारतीय जनता पार्टी के द्वारा गुरुवार को कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी व गांडेय विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी दिलीप वर्मा के नामांकन के मौके पर शहर के सर्कस मैदान में जनसभा का आयोजन किया गया है। जिसमें कोडरमा लोकसभा व गांडेय विधान के सैंकडो की संख्या में कार्यकर्ताओं की भीड उमडी हुई थी। जनसभा में उत्तरप्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मोर्य, झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक बाबूलाल मरांडी, सारठ विधायक रंधीर सिंह, भरकट्ठा विधायक अमित यादव, पूर्व मंत्री लूईस मरांडी, मीरा यादव, पूर्व सांसद रवीन्द्र पांडेय, सहित कई भाजपा के अलावे एनडीए गठबंधन के कई ब? नेता शामिल हुए और जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी जी के चार सौ पार के नारे को सार्थक करने के लिए कार्यकर्ताओं

का अहवान किया।

मोदी सरकार देश के विकास के साथ ही भ्रष्टाचार मुक्त भारत निर्माण को लेकर कटिबद्ध- मोर्य

यूपी के उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मोर्य ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस लोकसभा चुनाव में पूरे देश में रिकॉर्ड बन रहा है। कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में भी भाजपा प्रत्याशी के पक्ष मतदान कर रिकॉर्ड बनान है। कहा कि तीसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ मोदी सरकार, भ्रष्टाचार मुक्त भारत का निर्माण करना है। कहा कि मोदी जी ही एक ऐसे प्रधानमंत्री है जो गरीब गुरबो व किसानों के साथ साथ जनमानस का सेवा करने के लिए घंटों मेहनत करते है। आजादी के बाद से कांग्रेस ने देश की जनता को गरीबी व अव्यवस्था की ओर धकेलने का काम किया था, जबकि मोदी जी ने सिर्फ 10 सालों में देश व देश की जनता की तस्वीर बदल दी है।

भाजपा ही कर सकती है देश के विकास के साथ राष्ट्रहित में काम

जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में एक बार फिर केन्द्र मंत्री अन्नपूर्णा देवी को बिजयी बनाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूत करना है। इस दौरान उन्होंने गांडेय विधानसभा उपचुनाव से भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा के पक्ष में भी मतदान करने की अपील की। कहा कि क्षेत्र के विकास के साथ साथ देश के विकास के लिए राष्ट्रहीत में काम करने वाली सिर्फ एक ही पार्टी है ओर वो है भाजपा पार्टी। मतदान की की अपील कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने पिछले पांच वर्षों केन्द्र सरकार के सहयोग से कई विकास के कार्य किए ।

एनटीपीसी के फ्लाई एस छाई उड़ने के कारण बरह-रवा फरक्का मुख्य पथ 80 पर चलना हुआ मुश्किल

उज्जवल दुनिया संवाददाता

बरहरवाः थाना क्षेत्र के बरहरवा फरक्का मुख्य पथ 80 पर बरा-री गांव से लेकर रामनगर गांव तक चार जगह पर अवैध तरीके से फरक्का एनटीपीसी का फ्लाई एस छाई बेचा जा रहा है। इस खेल में स्थानीय छूटभैया नेता से लेकर बरारी, लालमाटी तथा गांव के कुछ बयाबसायी भी सम्मिलित है। यहां बता दें की चारों जगह पर डंप कर फरक्का एनटीपीसी से लाकर रखें गए फ्लाई एश छाई को ट्रकों के द्वारा खुलेआम ओवरलोड कर बरहरवा राजमहल रोड पर एनएच 80 का काम में गिराया जाता है। जहां इन चारों जगह से प्रत्येक दिन लगभग 15 से 20 ट्रक फ्लाई एश को बिना ढकें रोड से होकर ले जाए जाने से बरहरवा फरक्का एवं राजमहल रोड पर राहगीरों का आवाजाही दुश्वार हो गया है। उधर प्रशासन द्वारा कई बार फ्लाई एश ढोने वाले वाहनों को ओवरलोड ना ढोने तथा उसे ढंककर नहीं ले जाने पर वाहन मालिकों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिए जाने के बावजूद भी यह धंधा दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। वही रोड पर निरंतर उड़ रहे धूलकण से परेशान फुटानी मोड़ बरारी, लालमाटी, रामनगर एवं बरहरवा तथा उधवा के लोगों ने कई बार सड़क जामकर इसका विरोध भी कर चुके है इसके बावजूद भी यह धंधा निरंतर चल रहा है। वही रोड पर ध्वनि प्रदूषण के चलते रोड के किनारे बसे गांव के लोग एवं राहगीरों का आवाजाही दुश्वार हो गया है। वही कई बार ऐसी स्थिति पैदा हो जाती है की राहगीरों को कुछ दिखाई नहीं देने के चलते सड़क दुर्घटना भी घटित हो चुकी है इसके बावजूद भी स्थानीय प्रशासन फ्लाई एश के कारोबार को रोकने में विफल साबित हो रही है। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी बरहरवा सनी कुमार दास एवं थाना प्रभारी बरह-रवा सुमित कुमार सिंह ने बताया कि फ्लाई एश ढोने वाले वाहन मालिकों को ओवरलोड लेकर नहीं चलने तिरपाल से ढंककर गाड़ियों का परिचालन करने का निर्देश दिया गया है यदि कोई ट्रक मालिक सरकारी आदेश अवहेलना करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में उपायुक्त व एसपी ने दिए कई तरह के दिशा निर्देश

- **विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त अवैध खनन पर प्राप्त शिकायतों की जांच जिला खनन टास्क फोर्स के माध्यम से करवाई की जाने वाली अपेक्षित है जिसमें सभी सदस्यों, अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है**

उज्जवल दुनिया संवाददाता

साहिबगंजः समाहरणालय सभागार में उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। जहां बैठक के दौरान अवैध उत्खनन के रोकथाम हेतु जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक की गई। इस दौरान जिला खनन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वाहन चेकिंग अभियान चलाकर बिना वैध कागजात के परिवहन करते वाहनों को पकड़ा जा रहा है। आगे उन्होंने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त अवैध खनन पर प्राप्त शिकायतों की जांच जिला खनन टास्क फोर्स के माध्यम से करवाई की जाने वाली अपेक्षित है जिसमें सभी सदस्यों, अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है। वही जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा जिला खनन पदाधिकारी से पृच्छा की गई की जिला अंतर्गत कुल कितने खनिज एवं विकसित खनिज के खनन पट्टे अवस्थित हैं। जहां उनके द्वारा बताया गया कि जिला अंतर्गत लघु खनिज के कुल 114 खनन पट्टे अवस्थित हैं जिसमें 69 खनन पट्टे संचालित हैं। उधर जिला में बालू, ईट, मिट्टी, पत्थर इत्यादि के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु टास्क फोर्स के सभी सदस्यों, सभी अनुमंडल पदाधिकारी को निरंतर छापामारी, स्थलीय निरीक्षण की संख्या बढाते हुए सघन कार्रवाई करने के दिए निर्देश के अनुपालन के संबंध में बताया गया कि जिलान्तर्गत विभिन्न मार्गों पर औचक वाहन चेंकिग अभियान चलाया जा रहा है। वही उपायुक्त ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी एवं राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल को निर्देशित करते हुए कहा गया कि संबंधित चेकनाकों पर जा रहे वाहनों का प्रपत्र चेक करें व उन्हें अपने पास संग्रहित करेंगे और सीसीटीवी वीडियो फुटेज समर्पित करेंगे। इस मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार तिवारी, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार, राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी कपिल कुमार, जिला खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू, जिला परिवहन पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं सभी थाना प्रभारी मौजूद थे।

अज्ञात के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज किया गया

महुदा। : महुदा थाना क्षेत्र के तारगा बस्ती में बुधवार को अवोध गोरांई के दस वर्षीय पुत्र राजाराम कुमार का शव कुआं में मिलने से सनसनी फैल गई। मृत राजाराम बोकारो जिला के चास मुफसिल थाना क्षेत्र अन्तर्गत मोदीडीह कुम्हरी का रहने वाला था। राजाराम मंगलवार रात अपने गांव के मुकुंद महतो के पुत्र विष्णु कुमार की शादी में बाराती बनकर तारगा निवासी मिठु महतो के यहां आया था। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कुआं से निकलवाया। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए शव को धनबाद भेज दिया। मृतक के पिता अवोध ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाना में लिखित शिकायत दी है। पुलिस मामले की तहकीकात में जुट ग ई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि द्वार पूजा के बाद राजाराम अपने साथियों के साथ नाश्ता करने लगा। इसके बाद वह पंडाल से बाहर निकल गया फिर वापस नहीं लौटा। रात में परिजनों ने उसकी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। खोजबीन के क्रम में बुधवार दोपहर को उसका शव कुएं में मिला। जिस कुएं से शव बरामद हुआ है उसपर मुंडेर बना हुआ नहीं है। शादी समारोह स्थल से कुएं की दूरी करीब सौ गज है।

बूथ कमिटी के साथ राजमहल विधायक ने की बैठक

साहिबगंजः राजमहल विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 69 के बूथ अध्यक्ष विनय शर्मा के अध्यक्षता में राजमहल लोकसभा के चुनाव कार्यालय में बूथ कमिटी की बैठक हुई। जिसमें राजमहल विधायक अनंत ओझा कुमार ओझा शामिल हुए। वही आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बूथ कमिटी की बैठक की गई। इस दौरान राजमहल विधायक ने भाजपा कार्यकत्ताओं के साथ संगठनात्मक चर्चा किया। इस मौके पर राजमहल विधायक ने कहा कि मेरा बूथ सबसे मजबूत के मूल मंत्र के साथ सभी काम करें। वही 1 जून को राजमहल लोकसभा के मतदान में भाजपा के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने के लिए अभी से ही लोगो के बीच जाकर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किए गए जनकल्याणकारी योजनाओं को बताए। वही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की सनातन संस्कृति का पुनर्जागरण हो रहा है ये अभी बातें को लोगो के बीच लेकर जाए। इस अवसर पर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष रामानंद साह, नगर अध्यक्ष पंकज चौधरी, चन्द्रभान शर्मा, अनिमेष सिन्हा, बजरंगी गोप, अनिल कुमार, जीभा पासवान, राखी शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

रक्तदान महाअभियान शिविर का हुआ आयोजन

उपायुक्त व एसपी सहित अन्य अधिकारियों ने किया रक्तदान

उज्जवल दुनिया संवाददाता

साहिबगंजः उपायुक्त हेमंत सती के निदेर्शानुसार जिले में रक्त की कमी को पूर्ण करने के लिए सभी प्रखंडों एवं सदर अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अभियान में उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने संयुक्त रूप से रक्तदान कर शिविर का उद्घाटन किया। वही अपने संबोधन में उपायुक्त ने कहा कि रक्तदान महा अभियान पूरे जिला में प्रत्येक माह की 1 तारीख को चलाया जाएगा। वही रक्त एक ऐसी चीज है जिसे बनाया और खरीदा नहीं जा सकता इसलिए हम सभी लोगों को रक्तदान कर जरूरतमंदों की मदद करने में अहम भूमिका निभानी होगी। उधर उपायुक्त ने कहा कि अधिक से अधिक लोगों, विशेष कर युवाओं को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए और इस नेक काम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। वही उन्होंने कहा कि ब्लड बैंक की मदद करके जिला के लोगों को स्वस्थ रखना समय की जरूरत है। वही रक्तदान मानवता की सच्ची सेवा हैं क्योंकि इससे लाखों लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। वही पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने सभी उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान करना मानवता की सबसे बड़ी सेवा है क्योंकि इससे लाखों लोगों की जान बचती है। हर नौजवान को यह महसूस करना चाहिए कि उन्हें भी प्रत्येक तीन महीने के बाद रक्त दान करते रहना चाहिए। वही उन्होंने कहा कि अपने साथियों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए भी कहा ताकि रुटीन और आपातकालीन जरुरत के समय कभी ब्लड की कमी न पड़े। इस रक्तदान महाअभियान के क्रम में पदाधिकारी भी बढ़चढ़ हिस्सा लेकर जिलावासियों से यह अपील करें कि हर माह के एक तारीख को अपना ब्लड डोनेट करें।

उधर रक्तदान महाअभियान के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद आनंद, जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमार हर्ष, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी उमेश कुमार, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला खेल पदाधिकारी राजेश कुमार चौधरी, यूआईडी पदाधिकारी संदीप कुमार एवं अन्य पदाधिकारी, कर्मी और आमजन इस शिविर में भाग लेकर रक्तदान किया। वही रक्तदान महाअभियान में जिला स्तर पर कुल 58 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ

मांझीकोला के युवक को मुफस्सिल पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

साहिबगंजः मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत महादेवगंज गोशाला के पास से मांझीकोला के एक युवक को पुलिस ने देसी कट्टा व दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जहां इस मामले को लेकर मुफस्सिल थाना परिसर में मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा ने थाना प्रभारी के कार्यालय कक्ष में प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि युवक आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में हथियार लेकर घूम रहा है। उधर ऐसी सूचना मिलते ही एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर महादेवगंज गौशाला के पास सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया, जहां युवक को मुफस्सिल थाना क्षेत्र की पुलिस ने रोका। उधर पुलिस को देखकर युवक भागने की कोशिश करने लगा परंतु पुलिस के जवानों ने खदेड़ कर युवक को पकड़ लिया। वही उसकी तलाशी लेने पर उसके कमर से देशी कट्टा व दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया। वही गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान थाना क्षेत्र के मांझीकोला निवासी तालू सोरेन पिता मुचिया सोरेन के रूप में हुई है। उधर इस मामले को लेकर मुख्यालय डीएसपी ने बताया कि इस मामले में मुफस्सिल थाना कांड संख्या 35/24 दर्ज करते हुए युवक को आर्म्स एक्ट की धारा के अंतर्गत न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। उधर पुलिस यह पता लगाने में जुटी हुई है कि युवक हथियार किसके पास से लाया था। वही अवैध हथियार को क्षेत्र में सप्लाई करने वाले गिरोह कौन है इसकी छानबीन की जा रही है। इस मौके पर मुफस्सिल थाना प्रभारी शशि सिंह, एसआई ब्रजेश कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

लोस चुनाव को लेकर थाना प्रभारी ने संवेदनशील बूथों का किया निरीक्षण

बरहरवाः आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जिलेभर में प्रशासनिक विधि व्यवस्था व सुरक्षा हेतु विभिन्न अभियान संचालित किए जा रहे हैं जिससे चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सुनिश्चित की जा सके। इसी क्रम में गुरुवार को बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के मधुवापाड़ा, अगलोई सहित विभिन्न बूथों में निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान थाना प्रभारी ने बताया कि वर्तमान में आचार संहिता लागू है जहां लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से पूर्ण किया जा सके इसको लेकर विभिन्न संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व कानूनी व्यवस्था संतुलित बनाए रखने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च व बूथों का निरीक्षण किया जा रहा है। इस मौके पर बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह, एएसआई जीडी सुरजो लाल चकमा, एएसआई सुदामा सिंह सहित दर्जनों एसएसबी के जवान शामिल थे।

ड्राइवर महासंघ ने राहगीरों के लिए सिरासिन मोड़ पर किया प्याऊ की व्यवस्था

बरहरवाः जिले में पड़ रही भीषण गर्मी तथा लू से राहगीरों को बचाने के लिए सामाजिक संगठन सक्रिय हो गए हैं जिसमें ड्राइवर महासंघ भी एक है। उधर ड्राइवर महासंघ साहिबगंज के मिजार्पुर इकाई ने भीषण गर्मी तथा लू से परेशान राहगीरों के लिए बरहरवा फरक्का मुख्य पथ पर फुटानी मोड में प्याऊ का व्यवस्था किया है। वही गुरुवार को सुबह 8 बजे से ही साहिबगंज ड्राइवर महासंघ के लगभग 25 से 30 की संख्या में ड्राइवर फुटानी मोड़ पर जमा हो गए और टोटो ऑटो तथा बाइक सवार लोगों को नींबू पानी का शरबत पिलाया। इस कार्य का स्थानीय लोगों ने काफी सराहना की। उधर राहगीर इमाम हुसैन, भीम हजारी, नयन रजक, दीपक पंडित, अजीजुर रहमान आदि ने बताया कि ड्राइवर महासंघ का यह कदम सराहनीय है जहां गर्मी के मौसम में राहगीरों को शरबत पिलाना एवं शीतल पानी पिलाना एक पुण्य का काम है। उधर महासंघ के मिजार्पुर इकाई के सचिव वसीम शेख ने बताया कि यह कार्यक्रम अगले दो तीन दिन तक चलेगा ताकि गर्मी और लू से परेशान लोगों को आराम मिल सके। इस दौरान बबलू शेख, अखिल शेख, नसीम शेख, अख्तरुल शेख, बेयोंस शेख, पारुल शेख, श्री शेख आदि उपस्थित थे।

सदर अस्पताल के पूर्व स्थापना बड़ा बाबू की सड़क दुर्घटना में हुई मौत, पसरा शोक

उज्जवल दुनिया संवाददाता

साहिबगंजः सदर अस्पताल में पूर्व में तैनात स्थापना बड़ा बाबू सह वर्तमान समय में बरहेट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बड़ा बाबू रामचंद्र कुमार का बीती रात बिहार के भागलपुर जिला अंतर्गत एकचारी में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार मृतक रामचंद्र कुमार अपनी पत्नी व बच्चों के साथ किसी रिश्तेदार के शादी समारोह में शामिल होने के लिए ऑटो से जा रहे थे। जहां एकचारी में ऑटो को हाईवा ने टक्कर मार दिया। उधर इस सड़क दुर्घटना में स्वास्थ्य कर्मी रामचंद्र कुमार की मौत हो गई। वही इस सड़क दुर्घटना में मृतक की पत्नी को भी गंभीर चोटे आई है जबकि उसके बच्चें को भी चोट लगी है।

उधर मृतक शिवनारायणपुर का रहने वाला बताया जा रहा है। उधर सड़क दुर्घटना में सदर अस्पताल के पूर्व स्थापना बड़ा बाबू के निधन की खबर जैसे ही सदर अस्पताल कर्मियों को मिली सबके बीच शोक की लहर दौड़ गई।

बिजली पोल से दबकर सात साल की बच्ची की हुई दर्दनाक मौत

साहिबगंजः बोरियो थाना क्षेत्र के पोखरिया संथाली गांव में बिजली पोल से दबकर एक सात साल की बच्ची की दर्दनाक मौत हो जाने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी अनुसार पोखरिया संथाली गांव में किसी काम को लेकर एक हाईवा आया हुआ था जहां हाईवा ने बिजली पोल में टक्कर मार दिया जिसके कारण बिजली पोल गिर गया। उधर बिजली पोल के गिरने से उसमें दबकर बबलू टुडु की सात साल की बच्ची होपोनमय टुडु की दर्दनाक मौत हो गई। उधर घटना की जानकारी मिलने के बाद बोरियो पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लेकर आई। जहां सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम की प्रकिया पूरी करवाने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। उधर पुलिस पूरे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है। फिलहाल इस घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था।

राजमहल सांसद विजय हांसदा ने किया बोरियो का तूफानी दौरा, जगह जगह लोगों ने किया भव्य स्वागत

सांसद ने कहा, जनता की समस्या का होगा समाधान

उज्जवल दुनिया संवाददाता

बोरियोः राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद व झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा ने बुधवार को बोरियो प्रखंड का तूफानी दौरा किया। इस दौरान सांसद ने मरचो, महिसोल, मजहोना, सबैया सहित दर्जनों अन्य गाँव का दौरा किया। साथ ही क्षेत्र की जनता से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। इसके पूर्व जगह जगह सांसद का भव्य स्वागत हुआ। इस दौरान सांसद ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान जरूर होगा। इस मौके पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष संजीव सामू हेंब्रम, स्टीफन मुर्मू, प्रखण्ड अध्यक्ष जेठा मरांडी, सचिव गफ्फार अंसारी, रिजवान अंसारी, मंडल मरांडी, जिला सोशल मीडिया सदस्य मो. एजाज अंसारी, शकील अहमद, युवा नेता मिट्ठु कुमार दत्ता समेत अन्य मौजूद थे।

धनबाद उपायुक्त एवं एसएसपी ने लोकसभा चुनाव को लेकर

निरसा के संवेदन शील बूथ बैदपुर एवं मदनपुर का निरीक्षण किया

उज्जवल दुनिया संवाददाता

निरसा। धनबाद उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं एसएसपी हरदीप पी जनार्दन ने लोकसभा चुनाव को लेकर निरसा के संवेदन शील बूथ बैदपुर एवं मदनपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वीडियो इंद्रलाल ओहदार एवं मुखिया मौजूद थे। उपायुक्त माधवी मिश्रा ने मुखिया को आदेश दिया कि लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक वोट हो इसके लिए लोगों को प्रोत्साहित करें एवं अपने मतों का प्रयोग करने के लिए लोगों को समझाएं ताकि लोग अपने मतो का प्रयोग करके एक सुंदर एवं सशक्त सरकार देश के प्रदान करें एवं अपने मताधिकार के उपयोग को भी अच्छी तरह समझे। मतदान के दिन बूथों पर पानी की व्यवस्था,पंक्ति में खड़े लोगों के लिए पंडाल की व्यवस्था,लाइट की व्यवस्था,शौचालय की साफ सफाई की व्यवस्था करने को कहा और शांतिपूर्ण मतदान के लिए लोगों को सुबह से अपने मत का प्रयोग करने को कहा। मौके पर निरसा एसडीपीओ रजत माणिक बाखला, निरसा पुलिस मौजूद थे।

अनियंत्रित विकास से जलवायु में परिवर्तन, चिलचिलाती धूप से लोग परेशान

परेशानी में लोग, भगवान से लगा रही है बारिश की गुहार

उज्जवल दुनिया संवाददाता

उधवाः जिले का अधिकतम तापमान बुधवार को 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच चुका है। जहां लोग घरों से निकलने में डर महसूस कर रहें हैं। उधर जिस प्रकार से कड़कड़ाती धूप और तेज हवाएं चल रही है जहां आए दिन जिले में जहां तहां आग लगने की घटना से लोग डरे हुए है। उधर मौसमीय परिस्थिति को देखते हुए झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग ने बच्चों के राहत के लिए कक्षा एलकेजी से आठ तक की कक्षा को अगले आदेश तक स्थगित करने का निर्देश भी जारी कर दिया है। उधर सभी के जुबां पर एक ही वाक्य सुनने को मिलता है कि वाह कितनी धूप और कितनी गर्मी है जिसके कारण जीना मुश्किल हो रहा है। दरअसल वर्त्तमान समय में झारखंड राज्य प्राकृतिक मार के रूप में तिलमिलाहट धूप वाली तेज हवा और जलन भरी भीषण गर्मी को झेल रही है। वही अप्रैल व शुरआती मई महीना में ही तेज धूप, लू और गर्मी का कहर इतना हावी है कि लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वही सड़क पर जब लोग निकलते हैं तो ऐसा महसूस कर रहे होते हैं मानो वे आग की

बस्ती में चल रहें हैं और आसमान से पानी की जगह आग बरस रहें हैं। जहां चारों तरफ मानव से लेकर पशु, पक्षी व अन्य जीव जंतु, इस भीषण गर्मी और धूप से त्राहिमाम कर रहें हैं। वही जिले के कई सड़को में तो सुबह 11 बजे से लेकर शाम के 4 बजे तक सन्नाटा छाया हुआ रहता है। उधर किसी तरह रात्रि के 12 घंटा तो कट जाता है परन्तु जैसे ही सुबह होता है लोगों के मन में फिर से वही चिंता होती है कि दिन के चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी भरी 12 घंटा कैसे कटेगा।

कड़कड़ाती धूप व लू का चलना जनजीवन पर प्रभावित

गर्मी और गर्म हवाएं शरीर में अक्सर ऐसा असर डालती हैं, जिस वजह से जानलेवा स्थिति उत्पन्न हो जाती है। विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों पर इसका प्रभाव सर्वाधिक होता है। वही चापाकल, कुआँ, नाला आदि सब तेजी से सूख रहे हैं। उधर लोगों को पानी की किल्लत हो रही है यहाँ तक की किसानों के खेत में लगी फसल भी सूख कर मर रहें हैं।

अत्याधिक धूप और गर्मी बढ़ने का कारण

जितनी तेजी से जलवायु परिवर्तन हो रहा है उसके लिए मानव क्रियाएं सर्वोपरि दोषी हैं। वही घरेलू कामों, कारखानों और परिचालन के लिए मानव तेल, गैस और कोयले का इस्तेमाल करते हैं जिसकी वजह से जलवायु पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। जब ये जीवाश्म ईंधन जलते हैं तो उनसे ग्रीनहाउस गैस निकलती हैं जिसमें सबसे अधिक मात्रा कार्बन डाइऑक्साइड की होती है। इन गैसों की सघन मौजूदगी के कारण सूर्य का ताप धरती से बाहर नहीं जा पाता है और ऐसे में ये धरती का तापमान बढ़ने का कारण बनती हैं।

स्वामी वी.आई. एंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवम प्रकाशक मानवेन्द्र कुमार सिंह,द्वारा वृंदा मीडिया प्राइवेट लिमिटेड,प्लॉट संख्या-342,344 चिरौंदी-बोरया रोड,रांची-8 झारखंड से मुद्रित एवं एसटी- 663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित, संपादकः विद्यालक्ष्मी (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), प्रबंध निदेशक मानवेन्द्र कुमार सिंहः 8709022665, आरएनआई संख्या.-JHAHIN/ 2014/ 59794

केदारनाथ धाम के कपाट खुलने से पहले सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश

रुद्रप्रयाग/देहरादून, (एजेंसी)। उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने गुरुवार को श्रीकेदारनाथ धाम पहुंच पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण कर निर्माण प्रगति और गुणवत्ता परखी। साथ ही कार्य की रफ्तार बढ़ाकर 10 मई को श्रीकेदारनाथ धाम के कपाट खुलने से पहले सभी अनिवार्य कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके लिए अतिरिक्त मजदूर एवं संसाधन का उपयोग करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

पर्यटन विभाग के मुख्य सचिव के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) भास्कर खुल्बे, डीजीपी अभिनव कुमार, पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे गुरुवार सुबह हेलीकॉप्टर से केदारनाथ हेलीपैड पहुंचे। उन्होंने जिलाधिकारी एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कार्यों की जानकारी ली। इसके बाद मंदाकिनी-सरस्वती घाट, गेस्ट हाउस, अस्पताल, आस्था पथ, केदारनाथ मंदिर परिसर सहित अन्य निमार्णाधीन कार्यों का जायजा लेते हुए तय समय से पहले सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। आस्था पथ एवं वाटर एटीएम सहित अन्य अनिवार्य कार्यों पर अतिरिक्त मजदूर लगाने के साथ यात्रा शुरू होने से पहले सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही जिलाधिकारी को अधिक संसाधनों का प्रयोग करते हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए गोल चबूतरे से मंदिर परिसर तक कॉरिडोर का कार्य तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसियों को निर्माण कार्यों में इस्तेमाल हो रही सामग्री में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ध्यान रखने और यात्रा सुगम बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने को कहा।

व्यापारियों की सुनी समस्या, कार्रवाई का आश्वासन

श्रीकेदारनाथ के बाद मुख्य सचिव हेलीकॉप्टर से श्रीबद्रीनाथ पहुंची, जहां पर्यटन विभाग के मुख्य सचिव भास्कर खुल्बे, डीजीपी अभिनव कुमार एवं जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने स्थानीय व्यापारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। व्यापारियों से वार्ता करते हुए अधिकारियों ने उन्हें उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

ससमय गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश

डीजीपी अभिनव कुमार ने पुलिस विभाग के लिए केदारनाथ में तैयार हो रहे भवन एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित संस्थाओं को ससमय गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान अधीक्षण अभियंता आठवां वृत्त लोनिवि टिहरी मुकेश परमार, डीडीएमए विनय झिंक्वाण, सहायक अभियंता लोनिवि राजविंद्र सिंह, मनीष, अजय थपलियाल आदि थे।

धमतरी : मंडी में धान की आवक बढ़ी, मजदूरों को मिला काम

धमतरी, (एजेंसी)। रबी धान फसल की कटाई-मिंजाई में तेजी आने के बाद अब मंडी में बिक्री के लिए धान की आवक बढ़ गई है। हर रोज पांच हजार कट्टा से अधिक की आवक बनी हुई है। आवक बढ़ने से यहां काम करने वाले हमाल व रेजाओं को काम मिलने लगा है।

मौसम खुलने के बाद खेतों में तैयार रबी धान फसल की कटाई-मिंजाई में तेजी आ गई है। उत्पादित धान को किसान बेचने के लिए मंडी ला रहे हैं। यहां किसानों के धान को इस साल अच्छा दाम मिल रहा है इसलिए तेजी से बेचने ला रहे हैं।

नई कृषि उपज मंडी श्यामतराई से मिली जानकारी के अनुसार एक मई को नया व पुराना धान मिलाकर कुल 5564 कट्टा धान की आवक हुई है। रबी सीजन के नया धान को प्रति क्विंटल 2000 रुपये से 2041 रुपये तक मिल रहा है। वहीं सांभा 2431 रुपये, गोल्डन सांभा 2270 रुपये और श्रीराम का 2300 रुपये प्रति क्विंटल दाम मिल रहा है। अच्छा दाम मिलने से किसानों में खुशी है। किसान पुनारद राम, मनराखन लाल, तुकेश साहू आदि ने बताया कि रबी सीजन के धान को पहली बार 2000 रुपये से बढ़कर दाम मिला है, इससे पहले प्रति क्विंटल 1300 से 1400 रुपये क्विंटल तक दाम मिलता था। बढ़े हुए दाम मिलने के कारण किसान तेजी से बेचने धान ला रहे हैं। धान की आवक बढ़ने के बाद भी दाम स्थिर बना हुआ है। दाम गिरने की आशंका कम है। कुछ किसान पुराने धान को भी बेचने ला रहे हैं क्योंकि उन्हें भी अच्छा दाम मिल रहा है।

उल्लेखनीय है कि शादी कार्यक्रम में ज्यादातर किसान व मजदूर फंसे है। इसके बाद कटाई व मिंजाई में तेजी आएगी, इसके बाद धान की आवक और बढ़ जाएगी। नई कृषि उपज मंडी श्यामतराई में काम करने वाले हमालों व रेजाओं को खरीफ सीजन में मंडी पर धान की आवक कम हुई। ज्यादातर किसानों ने 21 क्विंटल धान प्रति एकड़ धान खरीदी केंद्रों में बेचा। ऐसे में मंडी में बेचने के लिए उनके पास धान नहीं बचा इसलिए धान की आवक कम हुई। यही वजह है कि हमालों व रेजाओं को काम कम मिला।

बिलासपुर रेलवे जोन की 22 ट्रेनें रद्द

रायपुर, (एजेंसी)। रेलवे ने इतवारी स्टेशन के पास इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने का कारण बताते हुए बिलासपुर रेलवे जोन की एक साथ 22 ट्रेनों को रद्द कर दिया है। बिलासपुर रेलवे प्रशासन से प्राप्त जानकारी के मुताबिक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर रेल मंडल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) रेलवे स्टेशन है, जहां एलएचएस पुशिंग का कार्य 08 से 10 मई 2024 तक और 19 से 30 मई 2024 तक किया जाएगा। इस वजह से ट्रेन यहां से गुजर नहीं पाएंगी।यही वजह है कि यात्री ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है।

दी गई जानकारी के अनुसार 08 से 10 मई, 2024 तक डोंगरगढ़ से चलने वाली 08711 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। दिनांक 09 से 11 मई, 2024 तक गोंदिया से चलने वाली 08712 गोंदिया-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। दिनांक 08 से 10 मई, 2024 तक गोंदिया से चलने वाली 08713 गोंदिया-सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।दिनांक 09 से 11 मई 2024 तक सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से चलने वाली 08716 सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) -गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। नौ से 11 मई, 2024 तक सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से चलने वाली 08756 सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) रामटेक मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।दिनांक 09 से 11 मई, 2024 तक रामटेक से चलने वाली 08751 रामटेक-सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। दिनांक 08 से 10 मई, 2024 तक सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से चलने वाली 08754 सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) झरामटेक मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

इसी तरह दिनांक 08 से 10 मई, 2024 तक रामटेक से चलने वाली 08755 रामटेक-सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 08 से 10 मई, 2024 तक सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से चलने वाली 08714 सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) बालाघाट मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 08 से 10 मई, 2024 तक बालाघाट से चलने वाली 08715 बालाघाट-सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 08 से 10 मई, 2024 तक सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से चलने वाली 08281 सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)- तिरोडी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 08 से 10 मई, 2024 तक तिरोडी से चलने वाली 08284 तिरोडी-तुमसर रोड पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

अब नहीं होगी पानी की कमी , आने लगा चटोद नहर का पानी

रायपुर ,(एजेंसी)। खारुन नदी में तरीघाट एनीकेट से पानी आ जाने के बाद आज सोमवार को फिल्टर प्लांट एनीकट का जलस्तर 15 इंच तक बढ़ गया। इसके बाद पानी के तरीघाट एनीकट के गेट को बन्द करने के लिए कह दिया गया।

सिंचाई विभाग द्वारा नहर मरम्मत के नाम पर रायपुर नगर निगम क्षेत्र हेतु पानी सप्लाई पिछले दिनों अचानक बन्द कर दिया गया था। इससे रायपुर शहर में जलसंकट गहराने का खतरा बन गया था। जलस्तर घटने लगा था। सबसे अधिक चिंता फिल्टर प्लांट के 150 एमएलडी प्लांट की हो गई थी। पानी की कमी के चलते प्लांट के पम्प एयर ले लेते और वह ठप पड़ जाता। तब उससे बनाने में ही कई दिन लग जाते और शहर में पानी सप्लाई नहीं हो पाती। स्तिथि को भांपकर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा तत्काल सक्रिय हुए और उच्च स्तर पर बातचीत की। इसके बाद धमतरी के चटोद में स्थित नहर के शाखा नहर को खारुन नदी से जोड़कर शहर के लिए पानी की व्यवस्था की गई। इससे पहले शहर में पानी के इंतजाम के लिए काठाडीह एनीकेट और मुर्रा नहर को खुलवा लिया गया। इसके बाद तरीघाट एनीकेट के दो गेट खुलवा दिए गए। आज सुबह फिल्टर प्लांट में जलस्तर 15 इंच तक बढ़ गया था। जो कि संतोषजनक है। तब निगम के कार्यपालन अभियंता जल नरसिंह फरेंद्र ने काठाडीह और मुर्रा एनीकेट को जाकर देखा। मुर्रा एनीकेट खाली हो चुका था। किंतु चटोद नहर का पानी वहां पहुंचने लगे है। जिसे देखकर जल संग्रहन हेतु मुर्रा और एनीकेट के एक गेट को बन्द कर देने के लिए कहा गया है।

भाजपा का सवाल : प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय नेता तक हर बार बघेल पर ही ठीकरा क्यों फोड़ रहे हैं?

रायपुर, (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी की विधायक भावना बोहरा ने कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा के साथ कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में हुए दुर्व्यवहार के मामले में राधिका खेड़ा के ताजा ट्वीट को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर तंज कसा है। बोहरा ने सवाल किया कि आखिर प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय नेता तक हर बार भूपेश पर ही ठीकरा क्यों फोड़ रहे हैं? कांग्रेस नेत्री प्रियंका वाड्रा क्या इस मामले में कारगर कार्रवाई करके साहसपूर्ण संदेश देंगी?

भाजपा विधायक बोहरा ने गुरुवार को कांग्रेस प्रवक्ता खेड़ा के ट्वीट का उल्लेख किया, जिसमें खेड़ा ने कहा है- ₹दुशील को लेकर कका का मोह एक लड़की की इज्जत से बढ़कर है।₹ खेड़ा ने 'मयार्दा पुरुषोत्तम' प्रभु श्रीराम जी के ननिहाल में 'दीदी' का 'स्वागत' करते हुए कहा है कि लड़की हूँ, 'लड़ रही हूँ।' बोहरा ने कहा कि इस घमासान का आज तीसरा दिन है, लेकिन कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व खामोश है। महिलाओं के सम्मान, उनके लिए महालक्ष्मी न्याय योजना और लड़की हूँ, लड़ सकती हूँ का ढोल पीट रही कांग्रेस और प्रियंका वाड्रा यह बताएं कि जब कांग्रेस में ही महिला नेत्रियों का सम्मान सुरक्षित नहीं है, राष्ट्रीयस्तर की नेत्री को ही न्याय के लिए तीन दिन का लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। वह कांग्रेस देश की महिलाओं के सम्मान की रक्षा और उनके साथ क्या खाक न्याय करेंगे?

भाजपा विधायक बोहरा ने यह भी जानना चाहा कि पूर्व मुख्यमंत्री बघेल आखिर क्यों अपनी ही पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता के अपमान की कीमत पर किसी के प्रति मोहग्रस्त हैं? इससे पहले कांग्रेस के प्रभारी महासचिव अरुण सिसौदिया ने और उससे पहले सुरेंद्र वैष्णव ने बघेल पर निशाना साधा था और अब राष्ट्रीय प्रवक्ता ने उन पर कटाक्ष किया है। बोहरा ने कहा कि भूपेश तो स्वयं अशिष्ट व्यवहार करते हुए 'भेंट-मुलाकात' कार्यक्रम में एक महिला को 'ए लड़की' कहकर अपमानित कर चुके हैं, तो क्या अब बघेल खेड़ा को भी उसी भाषा में नसीहत देंगे कि 'ए लड़की, ज्यादा राजनीति मत कर।' बोहरा ने कहा कि कौशल्या माँ की धरती पर अगर कांग्रेस की ही राष्ट्रीय नेता दुःखी है तो हमारा भी मन विचलित होता है।राधिका खेड़ा को कांग्रेसियों से बचने की सलाह देते हुए बोहरा ने कहा कि छग में भाजपा की सरकार के रहते उनको कुछ नहीं होगा, यह मोदी की गारंटी है और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन की गारंटी है।

लोकसभा चुनाव : आमंत्रण पत्र व पीला चावल देकर किया गया मतदान का आग्रह

रायपुर, (एजेंसी)। लोकसभा निर्वाचन के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने आज गुरुवार से कलेक्टर की पाती अभियान की शुरूआत की है।

कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन के निवास पर पहुंचकर कलेक्टर ने मुख्य सचिव को और महिला बाल विकास अधिकारी निशा मिश्रा ने मुख्य सचिव जैन की पत्नी रितु जैन को टीका लगाकर, पीला चावल और आमंत्रण पत्र देकर मतदान करने की अपील की। मुख्य सचिव ने कलेक्टर और जिला प्रशासन को शुभकामनाएं दी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले के निवास पर भी कलेक्टर ने पहुंचकर आमंत्रण पत्र देते हुए पीला चावल देकर मतदान करने का आग्रह किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिला प्रशासन के इस कार्य की सराहना की और कहा कि निश्चित ही इस बार मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा। इस पहल से मतदाताओं में जागरुकता बढ़ेगी और घरों से निकलकर लोग मतदान करने जरूर पहुंचेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद व एस. बसवराजू को भी आमंत्रण पत्र उनके निवास पर कलेक्टर ने दिया। कलेक्टर ने उन्हें भी पीला चावल भेंटकर मतदान करने का आग्रह किया।

कलेक्टर ने सर्वप्रथम अपने ही कॉलोनी से ही कलेक्टर की पाती अभियान की शुरूआत की। उन्होंने कॉलोनी में रहने वाले सेवानिवृत्त आईएफएस उपाध्याय के निवास पर पहुंचकर मतदान का आग्रह करते हुए आमंत्रण पत्र व पीला चावल दिया। इसके बाद कलेक्टर के निवास पर ही आंगनबाड़ी कार्यकताओं की टोली पहुंच गई और उनकी पत्नी सुनीता सिंह को आमंत्रण पत्र और पीला चावल देकर मतदान के लिए आग्रह किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का समूह हाथ में तख्तियां लिए हुए जिसमे मतदान के आग्रह का स्लोगन लिखा हुआ था। साथ में मतदान अपील के नारे लगा रहे थे।

इसी अभियान के तहत लोकायुक्त टीपी शर्मा के निवास पर पहुंचकर कलेक्टर ने पाती सौंपी और मतदान करने का आग्रह किया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, डीपीओ अमित सिन्हा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि मतदान के आग्रह करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर मतदान का आग्रह करते हुए आमंत्रण भी दे रही है।

वर्तमान शिक्षा नैतिक मूल्यों के बिना अधूरी : डॉ. गिरीश चन्देल

रायपुर,(एजेंसी)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के शिक्षाविद सेवा प्रभाग द्वारा बच्चों के नैतिक एवं आध्यात्मिक उत्थान के लिए शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में गुरुवार को आयोजित समर कैम्प का शुभारम्भ इन्दिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चन्देल, आंजनेय विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. टी. रामाराव, रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी और ब्रह्माकुमारी अदिति दीदी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया।

इन्दिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चन्देल ने कहा कि पहले घर में माता-पिता और बुजुर्गों से जो शिक्षा मिलती थी वह आज नहीं मिल पा रही है। नैतिक शिक्षा के अभाव में हम बच्चों को भविष्य में मिलने वाली असफलता के लिए तैयार नहीं कर पा रहे हैं। फलस्वरूप बच्चे अपने जीवन को ही समाप्त कर लेते हैं। वर्चुअल शिक्षा पर ज्यादा निर्भर होने के कारण परिवार में वैचारिक लेन-देन का अभाव सा हो गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धा के युग में टिके रहने के लिए आशा और निराशा दोनों का सामना करने की शक्ति हमारे अन्दर होनी चाहिए। इसलिए पारम्परिक शिक्षा पद्धति में नैतिक शिक्षा को शामिल करने की जरूरत है।

आंजनेय विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. टी. रामाराव ने कहा कि जीवन में अनेक समस्याएं आएंगी किन्तु उन चुनौतियों से घबराकर दूर नही भागना है। बल्कि उनका सामना कर आगे बढ ?ा है। तभी हम सफल कहलाएंगे। उन्होंने बतलाया कि घड़ी को अंग्रेजी में वाच कहते हैं।

संक्षिप्त खबरें

रायपुर : तापमान 42 पार, लू चलने की चेतावनी जारी

रायपुर, (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के अधिकतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। मई शुरू होते ही रायपुर में भीषण गर्मी पड़ने लगी है। मौसम भी पूरी तरह शुष्क हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिन में तापमान दो से तीन डिग्री बढ़ेगा। बुधवार को प्रदेश में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 43.9 डिग्री रायगढ़ में दर्ज किया गया। वहीं, सबसे कम न्यूनतम तापमान 19.7 डिग्री नारायणपुर में रिकॉर्ड किया गया है।

प्रदेश में अगले 48 घंटों में बस्तर संभाग के सभी जिलों में उष्ण रात्रि होने से सुकमा और बीजापुर में लू चलेगी। वहीं, प्रदेश के के 11 जिलों का तापमान 40 डिग्री से ऊपर है। रायपुर में बुधवार को दिन का तापमान 42.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मई शुरू होते ही रायपुर में भीषण गर्मी पड़ने लगी है। वहीं, समुद्र से आने वाली नमी कम हो गई है। गुरुवार को राजधानी में मौसम साफ रहेगा। दिन का अधिकतम तापमान 42 डिग्री और रात का पारा 27 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। छत्तीसगढ़ और आसपास के सरहदी राज्यों में बादल हटने के साथ ही अभी बारिश के आसार नहीं है। राजधानी के साथ-साथ प्रदेश के दूसरे जिलों में भी दिन का तापमान सामान्य या उससे ज्यादा पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार पूरे प्रदेश में मई महीने में लू जैसी स्थिति बनी रहेगी, जिससे तपिश भी लोगों को परेशान करेगी। लोगों को एहतियात के साथ बाहर निकलने की चेतावनी जारी किया गया है।

प्रियंका गांधी को कांग्रेस प्रवक्ता राधिका खेड़ा के लिए लड़ना चाहिए : मंत्री ओपी चौधरी

रायपुर, (एजेंसी)। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में कांग्रेस की नेशनल मीडिया समन्वयक राधिका खेड़ा और संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला के बीच विवाद के मामले में भाजपा ने कांग्रेस पर हमलावर हो गई है। गुरुवार को प्रियंका गांधी कोरबा में जनसभा से पहले मंत्री ओपी चौधरी ने ट्वीटकर राधिका खेड़ा मामले में प्रियंका गांधी पर निशाना साधा और कहा कि उन्हें बहन राधिका खेड़ा के लिए लड़ना चाहिए।

उन्होंने कहा कि ह्ललड़की हूं लड़ सकती हूंह्व का नारा लगाने वाली प्रियंका गांधी का माता कौशल्या के धाम छत्तीसगढ़ में स्वागत है। आपको यहां सबसे पहले अपनी ही पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता बहन राधिका खेड़ा के लिए लड़ाई लड़नी चाहिए। वो रो-रोकर अपने साथ हुए दुर्व्यवहार की शिकायत कर रही हैं, कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। आखिर एक बहन की इज्जत से बढ़कर कौन सा मोह आड़े आ रहा है? न्याय और माता-बहनों के सम्मान की जुमलेबाजी यहां नहीं चलेगी, क्योंकि जनता-जनार्दन सब जान चुकी है। अब की बार भाजपा 400 पार।

छत्तीसगढ़ : दुशील को लेकर 'कका' का मोह एक लड़की की इज्जत से बढ़कर : राधिका खेड़ा

रायपुर ,(एजेंसी)। छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव को लेकर चुनावी माहौल में जबरदस्त गर्मी है, वहीं दूसरी तरफ आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है। पक्ष-विपक्ष बयान के जरिए निशाना साधने में लगे हुए हैं। ऐसे में कांग्रेस के संचार भवन राजीव भवन में मंगलवार की देर शाम संचार विभाग के दो प्रमुख पदाधिकारी के बीच हुई बहस का वीडियो वायरल होने के बाद सियासत गरमा गई है। इसी बीच दुर्व्यवहार का शिकार हुई राधिका खेड़ा ने गुरुवार को एक और खुलासा कर सनसनी मचा दी है। उन्होंने पर लिखा, ह्यदुशीलह्ण को लेकर ह्यककाह्ण का मोह, एक लड़की की इज्जत से बढ़कर है।

उन्होंने लिखा- लेकिन, लड़की हूँ, ह्ललड़ रही हूँह्व ह्लमयार्दा पुरुषोत्तमह्व प्रभु श्री राम जी के ननिहाल में दीदी का स्वागत है। यानी राधिका खेड़ा ने भूपेश बघेल पर आरोप लगाया है कि वे सुशील आनंद शुक्ला को बचा रहे है। उसके लिए सुशील आनंद शुक्ला एक लड़की की इज्जत से बढ़कर है।

उल्लेखनीय है कि कि इस मामले में राधिका खेड़ा ने पीसीसी चीफ दीपक बैज और राष्ट्रीय नेताओं से शिकायत की है। वहीं स्थानीय नेताओं और प्रवक्ताओं ने भी इसकी शिकायत की है। राधिका खेड़ा का रोते हुए एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वो रोते हुए फोन पर बात करती दिख रही हैं।

बलिदानी मेजर प्रणय नेगी का सैन्य सम्मान से हुआ अंतिम संस्कार

हरिद्वार, (एजेंसी)। बलिदानी मेजर प्रणय नेगी का गुरुवार को खड़खड़ी स्थित शमशान घाट पर वैदिक विधि विधान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने बलिदानी प्रणय नेगी को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

डोईवाला के भानियावाला के रहने वाले 36 वर्षीय मेजर प्रणय नेगी 94 मीडियम रेजिमेंट में लेह में तैनात थे। 29 अप्रैल की रात को लेह में अचानक तबीयत खराब होने के कारण निधन हो गया था। आज मेजर प्रणव नेगी का पार्थिव शरीर भानियावाला स्थित आवास पर पहुंचा। इस दौरान सैकड़ों लोग उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे।मेजर को अंतिम विदाई देने के लिए वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, डोईवाला विधायक ब्रज भूषण गैरोला के साथ ही ग्रामीणों ने नम आंखों से मेजर को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद हरिद्वार के खड़खड़ी स्थित श्मशान घाट पर उनका शव लाया गया, जहां उनका सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

प्रणव नेगी 2013 में आईएमए से पासआउट होकर सेना में लेफ्टिनेंट बने थे। मेजर प्रणव के दादा भी फौज में थे।

राजपाल लेघा को भू-तत्व एवं खनिकर्म विभाग के निदेशक का अतिरिक्त प्रभार

देहरादून, (एजेंसी)। उत्तराखंड शासन के औद्योगिक विकास के अपर सचिव लक्ष्मण सिंह ने राजपाल लेघा को भू-तत्व एवं खनिकर्म विभाग के निदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया है।

कार्यालय विज्ञप्ति में कहा गया है कि भू-तत्व एवं खनिकर्म विभाग के कार्यरत निदेशक एसएल पेट्रिक को शासन के आदेश के बाद निलंबित किए जाने के बाद राजपाल लेघा अपर निदेशक को निदेशक भू-तत्व खनिकर्म के पदीय कर्तव्यों का प्रभार अग्रिम आदेशों तक अतिरिक्त रूप से प्रदान किया जाता है। शासनदेश में अपर सचिव लक्ष्मण सिंह की ओर से स्पष्ट किया गया है कि इस अतिरिक्त प्रभार के लिए अपर निदेशक को कोई अतिरिक्त भत्ता नहीं दिया जाएगा। उनसे कहा गया है कि वह अपने मूल कर्तव्यों के साथ उत्तराखंड के निदेशक के कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करें।

लायंस क्लब ने लगाया मेडिकल कैंप

ऋषिकेश, (एजेंसी)। लायंस क्लब रॉयल ने देहरादून रोड स्थित अभिनव फ्यूल में गुरुवार को एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में देहरादून के मैक्स हॉस्पिटल के डॉक्टर्स की टीम ने निःशुल्क चिकित्सा जांच की। डॉक्टर्स की टीम में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अनंदिता, न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ. दृष्टि गुप्ता, जनरल फिजिशियन और नेत्र विशेषज्ञ डॉ. अर्चना शामिल रहीं।

क्लब अध्यक्ष सुशील छाबड़ा ने बताया कि लायंस क्लब एक सामाजिक संस्था है। हमारा क्लब समाज के उत्थान के लिए निरंतर कार्यरत रहता है। क्लब द्वारा पांच रुपये में भोजनसेवा पिछले 15 दिन से छोटी सब्जी मंडी के सामने चल रही है। इसी क्रम में क्लब द्वारा गुरुवार को एक विशाल मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया।